खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 73,847.15 निफ्टी 22,399.15
सोना 92,565 चांदी 97,000
मेरठ, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 315 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 शव्वाल 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## सात दिन में ही बैकफुट पर आए ट्रंप
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## धीमी ओवर गति के लिए संजू सैमसन पर लगा 24 लाख जुर्माना
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# दिल्ली-NCR में मौसम ने अचानक बदली करवट
## धूल भरी आंधी के बाद कई जगह हुई बारिश, लोगों को मिली गर्मी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में गुरुवार की शाम अचानक मौसम खुशनुमा हो गया है। धूल भरी आंधी चलने के बाद कई जगह बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने बुधवार को ही हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना जताई थी। साथ ही गरज के साथ बिजली चमकने के आसार जताए थे। दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.9 डिग्री अधिक 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान आया नगर में दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा पालम, सफदरजंग, आया नगर में भी पारा 40 डिग्री के पार रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है। ऐसे में तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट होगी।



### देश के 20 राज्यों में आंधी -बारिश जारी
### बिजली गिरने से यूपी में 6 और बिहार में 22 की मौत

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बाद देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश जारी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के 20 से ज्यादा राज्यों में गुरुवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई थी। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश हुई है। यहां बिजली गिरने से छह की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं। गुरुवार को 32 जिलों में येलो अलर्ट था। आईएमडी के मुताबिक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के 16 जिलों में बारिश के आसार हैं। मप्र में भी लू के बीच बुधवार को ओले गिरे और हल्की बारिश हुई।

# भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहें सशस्त्र बल: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि निरंतर बदलती परिस्थितियों और साइबर, अंतरिक्ष तथा सूचना युद्ध के पारंपरिक अभियानों का रूप लेने की संभावना के मद्देनजर सशस्त्र बलों को एकजुट होकर काम करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह में भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति को तीन प्रमुख मापदंडों राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में फैलती तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी द्वारा फिर से परिभाषित किया जा रहा है।

## भारत-पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के मुद्दों पर की चर्चा

**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के चक्कन-दा-बाग में आयोजित फ्लैग मीटिंग में नियंत्रण रेखा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। सेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि फ्लैग मीटिंग डीजीएमओ की दोनों पक्षों के बीच समझ के अनुसार नियमित नियंत्रण रेखा और सीमा प्रबंधन प्रक्रिया है। गुरुवार की बैठक नियंत्रण रेखा पर नियमित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई। इससे पहले, 21 फरवरी को, भारत और पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग प्वाइंट पर ब्रिगेडियर स्तरीय फ्लैग मीटिंग में सीमा पर शांति के लिए संघर्ष विराम समझौते की पवित्रता बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की थी।

## दिल्ली में आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना -आयुष्मान भारत के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरुआत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में चयनित लोगों को आयुष्मान योजना कार्ड दिए गए। इस कार्ड से दिल्ली के 36 लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को पांच लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

## भारत ने सीमा चौकी से बांग्लादेश के ट्रकों का प्रवेश रोका

**ढाका/नई दिल्ली।** भारत ने पश्चिम बंगाल सीमा से सटे बेनापोल लैंड पोर्ट चेक पोस्ट के रास्ते माल के साथ आ रहे बांग्लादेश के चार ट्रकों को वापस भेज दिया है। यह कार्रवाई बांग्लादेश को दूसरे देश में माल भेजने के लिए दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा (भारतीय मार्ग से आवाजाही की छूट) रद्द किए जाने के एक दिन बाद की गई है। बांग्लादेश के टीवी समाचार चैनल बीडी न्यूज 24 की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश के जेसोर जिले में बेनापोल पोर्ट के उप निदेशक रशीदुल साजिब नजीर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा मंगलवार को ट्रांसशिपमेंट सुविधा को रद्द करने के कारण पेट्रापोल कस्टम्स (भारतीय पक्ष) ने तीसरे देश के माल को अपने सीमा से ले जाने की मंजूरी देने से इन्कार कर दिया।

## डेटा संरक्षण अधिनियम की एक धारा निरस्त करें

**नई दिल्ली।** इंडिया समूह के नेताओं ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम की धारा 44 (3) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और प्रेस की आजादी के विरुद्ध बताते हुए गुरुवार को इसे निरस्त करने की मांग की।

# दिल्ली पहुंचा तहव्वुर
## पाकिस्तान ने बनाई दूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत पहुंचने के बाद पहली तस्वीर सामने आई है, जिसमें नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी उसे पकड़े नजर आ रहे हैं। राणा को गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी-550 विमान से भारत लाया गया।

यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से उसे सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। इससे पूर्व राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को तहव्वुर हुसैन राणा को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उसके अमेरिका से सफल प्रत्यर्पण के बाद आईजीआईए, नई दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद की गई। राणा को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट के गेट नंबर 4 से बाहर लाया गया, जहां से उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया गया। स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में शुक्रवार (आज) सुबह 8 बजे के बाद उसकी पेशी तय की गई है। राणा की सुरक्षा में दिल्ली पुलिस के कमांडो तैनात किए गए हैं। कोर्ट में पेशी के बाद एनआईए उसकी कस्टडी की मांग करेगी। सुरक्षा कारणों से दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू मेट्रो स्टेशन का गेट नंबर 2 बंद कर दिया गया है और आसपास की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। जेल सूत्रों के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई

**■ दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर एनआईए ने औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया, आज होगी स्पेशल एनआईए कोर्ट में पेशी**

सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक ज्वाइंट टीम तहव्वुर राणा को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। मुंबई हमले में आतंकियों ने ताजमहल होटल को भी निशाना बनाया था। यहां 31 लोग मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही स्वैट कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया, तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है। पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है।



### तहव्वुर राणा मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान विशेष अभियोजक नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा के खिलाफ न्यायालय में सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है। तहव्वुर राणा को विशेष विमान से अमेरिका से भारत लाया गया। एनआईए पूछताछ और अभियोजन के लिए उसकी हिरासत की मांग करेगी। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि एनआईए मामले से संबंधित मुकदमे और अन्य मामलों के लिए नरेंद्र मान विशेष अभियोजक होंगे। वह इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन साल की अवधि या उक्त मामले की सुनवाई पूरी होने तक, जो भी पहले हो, काम करेंगे।

# वक्फ कानून पर 16 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ 16 अप्रैल को याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

सीजेआई के अलावा जस्टिस संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन तीन जजों की उस बेंच का हिस्सा होंगे, जो वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। केंद्र ने शीर्ष अदालत में कैविएट दायर की थी और मामले में कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुनने की मांग की थी। कैविएट किसी पक्ष की ओर से उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालत में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि उसे सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। राजनेताओं और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलमा-ए-हिंद सहित 10 से अधिक याचिकाएं शीर्ष अदालत में नए कानून की वैधता को चुनौती देने के लिए दायर की गई थीं।तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सम्भल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउररहमान बर्क ने भी हाल ही में इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान, एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, अरशद मदनी, समस्त केरल जमीयतुल उलेमा, अंजुम कादरी, तैयब खान सलमानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद फजलुर्रहीम और आरजेडी नेता मनोज कुमार झा, फैयाज अहमद ने भी इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत का रुख किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड , जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद इस मामले में अन्य प्रमुख याचिकाकर्ता हैं।

### सीजेआई खन्ना के अलावा जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की तीन जजों की बेंच याचिकाओं पर करेगी सुनवाई

### बंगाल: वक्फ कानून पर हिंसा में 22 गिरफ्तार

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी), आनंद राय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता सकारात्मक दिशा में

**मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ पर 90 दिनों की रोक की घोषणा के बाद गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अच्छी गति से आगे बढ़ रही है और भारत टैरिफ से जुड़े मुद्दों को कुशलता से संभाल रहा है।

श्री गोयल ने कहा कि भारत शुरू से ही इस मुद्दे को बहुत प्रभावी तरीके से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने

**■ भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अच्छी गति से आगे बढ़ रही: पीयूष**

फरवरी में यह निर्णय लिया था कि दोनों देश एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, जिससे व्यापार सरल बनेगा और द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकेगा, जो वर्तमान से ढाई गुना अधिक है।

# सम्भल: जामा मस्जिद को लिखा जुमा
## मस्जिद कमेटी नाराज, बोली- गलत परंपरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार मसला नाम को लेकर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मस्जिद के बाहर लगाए जाने वाले नए बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखवाया है।

दस्तावेज़ों और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। यही नहीं, 1927 में मस्जिद कमेटी और एएसआई के बीच हुए समझौते में




**■ दस्तावेज़ों और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज**

भी इसी नाम का उल्लेख किया गया था। जामा मस्जिद कमेटी के उप सचिव मशहूद अली फारूखी ने स्पष्ट कहा है कि जब ऐतिहासिक रिकॉर्ड और एग्रीमेंट में जामा मस्जिद लिखा है, तो एएसआई को मनमाने ढंग से जुमा नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जल्द ही एएसआई से बात की जाएगी। 1920 से एएसआई द्वारा संरक्षित इस इमारत का बोर्ड पहले मस्जिद परिसर के भीतर लगा था, लेकिन अब इसे बाहर लगाया जाना है। यह बोर्ड तैयार हो चुका है, जिस पर जुमा मस्जिद लिखा -शेष पृष्ठ दो पर

# एनडीए का सहयोगी विधायक भी हुआ वक्फ कानून के खिलाफ

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर सत्ता पक्ष इसकी लगातार तारीफ कर रहा है, तो विपक्ष इसके खिलाफ लगातार मुखर है। कई सांसद इस अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुके हैं।

इस लिस्ट में मणिपुर विधानसभा में नेशनल पीपुल्स पार्टी इंडिया (एनपीपी) के नेता और क्षेत्रगाओ सीट से विधायक शेख नूरुल हसन ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। खास बात यह है कि हसन की पार्टी एनपीपी एनडीए का हिस्सा है और बीजेपी की सहयोगी भी है। याचिकाकर्ता ने याचिका के जरिए इस संशोधन पर चिंता जताई है, जिसमें इस्लाम का पालन करने वाले एसटी को अपनी संपत्ति वक्फ को देने से वंचित कर दिया गया है।

**■ मणिपुर विस में एनपीपी के विधायक शेख नूरुल हसन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट**

# पैकड फूड पर वॉर्निंग लेबल जरूरी
## सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप: केंद्र तीन माह के अंदर लेबलिंग का नियम बनाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए। कोर्ट ने ये आदेश एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है।

केंद्र सरकार ने कहा कि एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह समिति जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करे ताकि उसी आधार पर एफएसएसएआई लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी आईसीएमआर के तहत हैदराबाद बेस्ड एनआईएन ने भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। एनआईएन ने कहा कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सख्त मानदंड हैं, लेकिन लेबल पर दी गई जानकारी भ्रामक हो सकती है। कुछ उदाहरण देते हुए एनआईएन ने कहा कि किसी फूड प्रोडक्ट को नेचुरल कहा जा सकता है, यदि इसमें एडेड कलर्स, फ्लेवर्स और आर्टिफिशियल सब्सटेंसेस नहीं मिलाए गए हैं और यह मिनिमल प्रोसेसिंग से गुजरता है। नेचुरल शब्द का अक्सर इस्तेमाल किया जाता है, भले ही पैक्ड फूड में केवल एक या दो नेचुरल चीजें शामिल हों।

**कोर्ट ने कहा: कितना शुगर, हानिकारक फैट स्पष्ट लिखें**

**केंद्र सरकार ने कहा एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी**





## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती दौर को वापस लाई भाजपा: 'आप'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में जब से भारतीय जनता पार्टी की 'विपदा' सरकार आई, तब से लंबे-लंबे पॉवर कट का 10 साल पहले वाला दौर वापस लौट आया है। 'आप' ने आज कहा कि पिछले साल 8500 मेगावॉट की पीक डिमांड में भी पॉवर कट नहीं लगते थे, लेकिन अब तो पूछिए ही मत। अब जनता को डर इस बात का सता रहा है कि अगर अभी यह हाल हैं, तो जून-जुलाई की गर्मियों में क्या होगा? वर्ष 2015 से पहले दिल्ली में बिजली कटौती का दौर चला करता था। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को अंधेरे के दौर से बाहर निकाला और जनता को पॉवर कट से मुक्ति मिली। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और दिल्ली वालों को फिर से जबरदस्त बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

### मादक पदार्थ तस्करों के हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में मादक पदार्थ तस्करों के हमले में एक थाना प्रभारी (एसएचओ) समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जबकि एक अन्य घटना में संदिग्ध रूप से मादक पदार्थ का ओवरडोज होने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि बलोले खड्ड में मादक पदार्थ तस्करों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने बुधवार रात वहां छापेमारी की। बलोले खढ को मादक पदार्थ का हॉटस्पॉट माना जाता है। थाना बाड़ी ब्राह्मणा के एसएचओ इंस्पेक्टर पुलष्पदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारा और पकड़े जाने के डर से मादक पदार्थ तस्करों ने उन पर पत्थरों और ईंटों से हमला किया।

### आईजीएनसीए में अयोध्या पर्व 2025 उत्सव शुक्रवार से

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में तीन दिवसीय अयोध्या की गौरवगाथा को समर्पित और देश के महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक उत्सवों में से एक 'अयोध्या पर्व 2025' का शुक्रवार को उद्घाटन किया जाएगा। आईजीएनसीए की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव श्रद्धा, शास्त्रीयता और संवाद का संगम होगा, जिसमें देशभर के साधु-संत, सांस्कृतिक मनीषी, राजनेता, विद्वान, और कलाकार एक साथ शामिल होंगे। इस अवसर पर 'मर्यादा पुरुषोत्तम' पर आधारित प्रख्यात चित्रकार पद्मश्री वासुदेव कामत की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा।

### काशी आएंगे मोदी पूर्वांचल को देंगे 44 विकास योजनाओं की सौगात

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर शुक्रवार को काशी पहुंचेंगे। यूपी की योगी सरकार के आठ साल पूरे होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री काशी से जनहित की 3884.18 करोड़ रुपए की 44 विकास योजनाओं की सौगात पूर्वांचल को देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग ढाई घंटे का प्रवास करेंगे। इस दौरान वह राजातालाब के मेहदीगंज में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## मौसम का बदला मिजाज, योगी सरकार के अफसरों को निर्देश

# खुले में न रहे गेहूं, गोदामों में रखा जाए

**लखनऊ, वार्ता**

मौसम के मिजाज को देखते हुए योगी सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि गेहूं खुले में न रहे, इसे गोदाम में सुरक्षित रखा जाए। इस बीच गुरुवार दोपहर 12 बजे तक गेहूं खरीद के लिए 3,67,875 किसानों ने पंजीकरण करा लिया। 5784 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद हो रही है। 27388 किसानों से 1.43709 लाख मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीद भी हो चुकी है।

आलम यह है कि दो दिन में लगभग 11 हजार से अधिक किसानों ने सरकारी बिक्री के लिए पंजीकरण कराया। 8 अप्रैल तक जहां 20,409 किसानों से गेहूं क्रय किया गया था, वहीं 10 अप्रैल तक बिक्री करने वालों किसानों की संख्या बढ़कर 27388 से अधिक हो गई है। यानी दो दिन में लगभग सात हजार से अधिक किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री की। 8 अप्रैल तक 3.56 लाख किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जो 10 अप्रैल तक बढ़कर 3.67 लाख हो गई है। गेहूं की अच्छी खरीद हो, इसके लिए कटाई के पहले से ही गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क साधा गया और उन्हें सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए प्रेरित किया गया। खाद्य व रसद विभाग पहली बार मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसान के खेत तक पहुंचा। एक तरफ कटाई चल रही है, तो वहीं दूसरी तरफ मौके पर ही गेहूं तौला जा रहा है।



■ दो दिनों में लगभग 11 हजार से ज्यादा किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण कराया, मौके पर ही तौला जा रहा है गेहूं

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी क्रय केंद्र खुल रहे हैं, जिससे गेहूं बेचना अन्नदाता किसानों के लिए काफी आसान हो गया है। गुरुवार को महाव. ीर जयंती के अवकाश पर भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचे और किसानों से संपर्क स्थापित किया। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपए प्रति कुंतल तय किया गया है, जिसका भुगतान 48 घंटे के अंदर किसानों को किया जा रहा है। यही नहीं, गेहूं की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपए प्रति कुंतल की दर से भी किसानों को प्रतिपूर्ति की जा रही है। सरकार ने व्यवस्था की कि पंजीकृत किसान बिना सत्यापन 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकते हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रय केंद्रों पर बैठने, शुद्ध पेयजल आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान भी कराया जा रहा है।

### मुरादाबाद में सपा दफ्तर पर चलेगा बुलडोजर?

**मुरादाबाद।** यूपी के मुरादाबाद में सपा के जिला कार्यालय पर बुलडोजर चलाने की तैयारी की जा रही है। सपा का जिला कार्यालय सिविल लाइन इलाके में चक्कर की मिलक ग्राम छावनी में नजूल भूमि पर बना हुआ है, जो 1994 में लीज पर ली गई थी। राजस्व रिकॉर्ड में यह कोठी संख्या 4 के नाम से दर्ज है और लगभग 953.71 वर्ग मीटर में यहां सपा जिला कार्यालय बना हुआ है। सितम्बर 2024 में भी नगर निगम ने इसे खाली करने के लिए जिला प्रशासन से पुलिस फोर्स के साथ मदद मांगी थी, लेकिन मामला राजनितिक दल से जुड़ा होने के कारण नगर निगम इस पर अभी तक कब्जा नहीं ले सका है। हालांकि नगर निगम मुरादाबाद में करोड़ों की रुपये की सरकारी संपत्तियां अन्य कब्जाधारियों से मुक्त भी करा चुका है। अब नगर निगम की सिफारिश पर मुरादाबाद मंडल के कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह ने प्रमुख सचिव नगर विकास यूपी सरकार को 28 मार्च 2025 को पत्र भेज कर इसकी लीज को निरस्त कर इसे सरकारी प्रयोजनार्थ शासन में निहित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने की मांग की है। अब अगर शासन से आवंटन निरस्त कर भूमि को सरकारी प्रयोजनार्थ शासन में निहित करने की मंजूरी मिल जाती है, तो फिर नगर निगम और जिला प्रशासन इस पर कब्जा कर लेगा, ऐसे में सपा का कार्यालय बंद हो सकता है।

### सौर ऊर्जा और गेहूं क्रय में बेस्ट परफॉर्मेंस देगा यूपी: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रहलाद जोशी ने गुरुवार को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं खरीद को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने जोशी को बताया कि उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देने का प्रयास करेगा। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने भी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी और कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्जा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए मॉडल बन रही है। संयुक्त समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को ओडीओपी का उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। योगी ने कहा कि आज कॉमन मैन और खासतौर पर अन्नदाता किसानों को स्पर्श करती तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इन योजनाओं में अच्छा कार्य कर रहा है और प्रदेश सरकार की ओर से आश्वस्त करता हूं कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से बेस्ट रिजल्ट देगा। इसी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 प्रख्यापित की गई है। इसके अंतर्गत राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्जा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति 2022 और उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2024 भी प्रख्यापित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सोलर पॉलिसी के तहत 2027 तक सोलर प्रोडक्शन में 22 हजार मेगावाट से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत सोलर पार्कों का विकास, कृषि फीडरों और निजी ऑन ग्रिड पंपों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देना, एक्सप्रेसवे और रेलवे ट्रैक के किनारे सौर संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देना सहित सौर ऊर्जा उपकरणों के निर्माण उद्योग को बढ़ावा देना है।

## जेएंडके विस में पास नहीं हुआ वक्फ बिल पर प्रस्ताव

**जम्मू, वार्ता**



■ महबूबा मुफ्ती भड़की, तुरंत बुलाई आपात बैठक

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा द्वारा वक्फ अधिनियम पर प्रस्ताव पारित नहीं हो सका है। इसे लेकर राजनीतिक पार्टियों ने चिंता जताई है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की एक तत्काल बैठक बुलाई।

श्रीनगर में आयोजित इस बैठक में डा. महबूब बेग, आसिया नक्श, गुलाम नबी लोन हंजूरा, मुहम्मद खुर्शीद आलम, बशारत बुखारी और अन्य सहित पीडीपी के प्रमुख नेता शामिल हुए। कथित तौर पर नेताओं ने विधाई मंच पर वक्फ से संबंधित मामलों को संबोधित करने में देरी के निहितार्थों पर विस्तार से चर्चा की। पार्टी सूत्रों ने बताया कि महबूबा मुफ्ती ने इस मुद्दे पर विधानसभा की चुप्पी पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इसे गहरे धार्मिक और प्रशासनिक महत्व का मामला बताया। उन्होंने कथित तौर पर पार्टी के सहयोगियों से कहा कि वक्फ अधिनियम पर प्रस्ताव पारित करने में विफलता केवल एक राजनीतिक चूक नहीं है, यह हमारे संस्थानों की धार्मिक भावना और स्वायत्तता को प्रभावित करती है।

वक्फ संपत्तियां, जिनमें दरगाह, मस्जिद और कब्रिस्तान शामिल हैं, लंबे समय से इस क्षेत्र में मुस्लिम समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक ताने-बाने का केंद्र रही हैं। उन्होंने कहा कि उचित कानून के माध्यम से उनके प्रशासन को संचालित करने में किसी भी तरह की देरी या अस्पष्टता ने समुदाय के भीतर आशंका पैदा कर दी है। बैठक में मौजूद नेताओं ने स्पष्ट कानून की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, जो वक्फ संपत्तियों को कुप्रबंधन या राजनीतिक हस्तक्षेप से बचाता है, उन्होंने सरकार से वक्फ अधिनियम पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने और धार्मिक निकायों की पवित्रता सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। बता दें कि हाल में लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित हो गया है। उसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। इससे इस विधेयक का कानून बनने का रास्ता साफ हो गया है, लेकिन विपक्षी पार्टियां लगातार वक्फ कानून का विरोध कर रही हैं। ऐसे में जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के रवैया पर महबूबा मुफ्ती ने रोष जताया है और उन पर सियासी हमला बोला है।

## वेस्ट यूपी में दो दिन तक बारिश के आसार, वज्रपात की भी आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में अगले दो दिनों में कई जिलों में भारी बारिश के आसार और बिजली गिरने की आशंक जताई गई है। इस संदर्भ में आईएमडी ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने इस संदर्भ में पूर्वानुमान जारी किया है।

विभाग के अनुसार प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास इलाकों में मेघ गर्जन एवं वज्रपात होने की संभावना है।

■ योगी ने दिए अफसरों को राहत पहुंचाने के निर्देश

दूसरी ओर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ ने बारिश, ओलावृष्टि, आंधी तूफान और वज्रपात के दृष्टिगत, संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर प्रभावित लोगों की तत्काल मदद करें।

### वाराणसी में नाव संचालन रुका

खराब मौसम का असर नेताओं के कार्यक्रम पर भी पड़ा। गुरुवार को लखनऊ में खराब मौसम की वजह से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का प्रयागराज आने का कार्यक्रम रद्द हो गया। मौसम में सुधार होने पर ही कानपुर जाएंगे। हेलीकॉप्टर फिलहाल उड़ान नहीं भर पा रहा था। दूसरी ओर वाराणसी में धूल भरी आंधी के बीच जब कुछ समय के लिए नाव संचालन थम गया।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने का झूठा श्रेय ले रही है मोदी सरकार: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा है कि मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, लेकिन सच यह है कि उसे भारत लाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की मेहनत आज रंग लाई है। चिदंबरम ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक राणा को आज भारत लाया गया, लेकिन पूरी कहानी यह है कि मोदी सरकार इस घटनाक्रम का श्रेय लेने के लिए होड़ में लगी है। जबकि सच्चाई उनके दावों से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यर्पण डेढ़ दशक की कठिन, परिश्रमी और रणनीतिक कूटनीति का परिणाम है, जिसकी शुरुआत, अगुवाई और निरंतरता संप्रग सरकार ने अमेरिका के साथ समन्वय द्वारा सुनिश्चित की थी। चिदंबरम ने कहा कि सच्चाई यह है कि मोदी सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है, इस प्रक्रिया की शुरुआत हमने की थी। इसका यह भी तात्पर्य हुआ कांग्रेस की सरकार के गंभीर प्रयास और ईमानदार कोशिश से सबसे खतरनाक अपराधी को भी कानून की कटघरे में खड़ा किया जा सका है। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 25 फरवरी को प्रेस कांफ्रेंस करके इस मामले का पूरा श्रेय लेने का प्रयास किया, लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है।

## पुलिस ने श्रीनगर-पुलवामा में मारे छापे

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक मामले में गुरुवार को श्रीनगर और पुलवामा जिलों में छापेमारी की। तहरीक-ए-हुर्रियत के सदस्यों बशीर अहमद भट उर्फ पीर सैफुल्लाह और मोहम्मद अशरफ लाया के आवासों पर तलाशी ली गई। तहरीक-ए-हुर्रियत की स्थापना स्वर्गीय सैयद अली शाह गीलानी ने की थी। पुलिस ने बताया कि ये तलाशी जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी और आतंकवादी तंत्र के बचे हुए हिस्सों को समाप्त करने के प्रयासों के तहत की गई। श्रीनगर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित 2024 में दर्ज एक यूएपीए मामले के तहत यह तलाशी ली, जिसके लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोर्ट, श्रीनगर से तलाशी वारंट प्राप्त किया गया था। कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई तलाशी यूएपीए की धारा के तहत राजबाग थाने में दर्ज जांच का हिस्सा थी। यह तलाशी पुलवामा के जदूरा के निवासी तहरीक-ए-हुर्रियत के सदस्य पीर सैफुल्लाह के घर पर की गई, जो वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद हैं और वर्तमान में रावलपोरा में रहते हैं तथा बारामूला के जामिया के निवासी मोहम्मद अशरफ लाया और वर्तमान में पुराने बारामूला शहर में रहते हैं। पुलिस ने कहा कि तलाशी के दौरान सैफुल्लाह के घर से मामले की जांच से संबंधित पुस्तकें, लेटर हेड, पर्चे और पत्र सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है और उचित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाह की उपस्थिति में उन्हें जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। यह छापेमारी ऐसे समय में की गई है, जब पिछले कुछ सप्ताह में 11 अलगाववादी संगठनों ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से नाता तोड़ लिया है। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से अलग होने वाले संगठनों में जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट शामिल हैं।

### गैर-प्रवासी पंडितों के पुनर्वास के लिए समयबद्ध रूपरेखा बनाई जाए

**श्रीनगर।** कश्मीरी पंडित संघर्ष समिति ने गुरुवार को गैर-प्रवासी पंडितों के पुनर्वास, रोजगार, आवास आरक्षण और कानूनी सुरक्षा उपायों के लिए समयबद्ध तथा सार्वजनिक रूप से निगरानी वाली रूपरेखा बनाए जाने की मांग की। समिति की ओर से यह मांग जम्मू-कश्मीर सरकार के उस बयान के बाद सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में केंद्र शासित प्रदेश में गैर-स्थानीय लोगों को लगभग 83,742 निवास प्रमाण पत्र दिए गए हैं।

## युवाओं, उद्योगपतियों और उद्योगों की मदद के लिए तंत्र बनाए गुजरात चैम्बर: अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यदि गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री को प्रासंगिक रहना है, तो उद्योगों, औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखने वाले साहसी युवाओं और उद्योगपतियों- तीनों की मदद के लिए एक स्थाई तंत्र बनाना चाहिए।

शाह ने गुरूवार को यहां चैम्बर के वार्षिक व्यापार कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि चैम्बर ने गुजरात के विकास में बेहद अहम योगदान दिया है। चैम्बर ने युवाओं में उद्यम, साहस और दुनिया के किसी भी कोने में जाकर व्यापार करने का उत्साह भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लगातार 75 वर्ष तक चैम्बर ने परंपरा को संभाला, सरकार के साथ संवाद बनाए रखा, जनता के हित की चिंता की और प्राकृतिक आपदाओं के समय जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि चैम्बर को 75 वर्ष से 100 वर्ष का रोडमैप तैयार करना चाहिए और गुजरात के विकास के साथ जोड़कर उसे आगे भी बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात के युवाओं की औद्योगिक साहसिकता को प्रोत्साहित करने के लिए चैम्बर को योजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सबसे बड़ी पूंजी है और अगर देखें तो किसी भी उद्योग ने सालों पहले एक लघु उद्योग के रूप में ही शुरूआत की होगी। उन्होंने कहा कि गुजरात के लघु उद्योगों ने देश के औद्योगिक विकास में अच्छा योगदान दिया है।



■ चैम्बर ने गुजरात के विकास में अहम् योगदान दिया

## खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर और उड़द दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजार में गिरावट जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकलने से मसूर दाल और उड़द दाल महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा गिरावट के साथ 4426 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट उतरकर 45.90 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही।



■ मूंग दाल व अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे

इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि चना, दाल चना, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18681 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15201 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## लेखपाल की लापरवाही से नीट नहीं दे पाई लड़की

### हिंदू लड़की को मुस्लिम समझ रोका, नहीं दे पाई एग्जाम

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में एक लेखपाल की लापरवाही से एक लड़की अपनी नीट की परीक्षा नहीं दे पाई, क्योंकि लेखपाल ने उसका ओबीसी सर्टिफिकेट तीन बार रिजेक्ट कर दिया। वह भी इसलिए क्योंकि लड़की ने सिर पर दुपट्टा लपेटा हुआ था, जिस वजह से लेखपाल को लगा कि लड़की मुस्लिम है। हिंदू लड़की को मुस्लिम समझकर उसका जाति प्रमाण पत्र ही लेखपाल ने रिजेक्ट कर दिया। अलीगढ़ के मंजूरगढ़ी गांव की रहने वाली हेमा कश्यप ने साल भर से दिन-रात एक कर मेहनत से पीट परीक्षा देने के लिए तैयारी की। वह डाक्टर बनने का सपना संजोए हुई थी। हेमा के पिता सुरेंद्र सिंह मजदूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सुरेंद्र ने हेमा की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। हेमा ने नीट की परीक्षा के लिए अप्लाई किया, लेकिन एक जरूरी दस्तावेज जाति प्रमाण पत्र रह गया था। हेमा ने जाति प्रमाण पत्र के लिए तहसील में ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन लेखपाल ने उसका आवेदन बिना देखे और बिना कुछ पूछे ही रिजेक्ट कर दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सम्भल: जामा...** गया है। वहीं, मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने कहा कि यह मस्जिद शाही जामा मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है। देशभर में इसी नाम से जानी जाती है। उन्होंने एएसआई द्वारा नाम बदलने को एक नई गलत शुरुआत बताया और कहा कि इससे एक और विवाद खड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि कमेटी की ओर से जल्द ही इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और मांग की जाएगी कि मस्जिद के ऐतिहासिक नाम से कोई छेड़छाड़ न हो। दूसरी तरफ एएसआई के अधिवक्ता विष्णु कुमार शर्मा का कहना है कि मस्जिद पहले से ही संरक्षित इमारत है और उसका बोर्ड परिसर के भीतर लगा था। अब नया बोर्ड बाहर लगाया जाएगा, लेकिन यह काम एएसआई की सुविधा के अनुसार किया जाएगा। गौरतलब है कि 24 नवम्बर को मस्जिद परिसर में सर्वे को लेकर तनाव और हंगामा हो गया था। इसके बाद से यह मस्जिद देशभर में सुर्खियों में बनी हुई है। उधर, हिंदू पक्ष द्वारा 19 नवम्बर 2024 को चंदौसी स्थित अदालत में दायर याचिका में मस्जिद का नाम जामी मस्जिद लिखा गया था। इस पर भी मस्जिद कमेटी ने आपत्ति जताई है। उप सचिव फारूखी का कहना है कि जामा उर्दू शब्द है और जामी अरबी से लिया गया है। दोनों का मतलब एक ही होता है, लेकिन जुमा मस्जिद जैसा कोई शब्द प्रचलन में नहीं है। कमेटी का स्पष्ट कहना है कि मस्जिद का नाम वही रहना चाहिए जो इतिहास और समझौतों में दर्ज है।

## पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में निकाली रैली

**कोलकाता, वार्ता**

पश्चिम बंगाल के शिक्षकों ने अपनी नौकरी गंवाने के विरोध में गुरुवार को एक विशाल रैली आयोजित की। उनका आरोप है कि कोलकाता पुलिस ने दक्षिण कोलकाता में जिला निरीक्षक (डीआई) कार्यालय के बाहर एक शिक्षक पर लाठीचार्ज किया और उन्हें लात मारी।

उन्होंने स्कूल सेवा आयोग द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को अयोग्य अभ्यर्थियों से अलग करने के लिए ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) की मिरर इमेज जारी करने की भी मांग की। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कथित नकदी के बदले नौकरी घोटाले में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा भर्ती किए गए 25,752 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द कर दी। नौकरी गंवाने वालों के अलावा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी 'महा मिचिल' में हिस्सा लिया, जिसका आयोजन सियालदह से शहर के मध्य भाग में स्थित एस्प्लेनेड तक किया गया था। आंदोलनकारी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सभी पात्र उम्मीदवारों को नौकरी से निकाले जाने से बचाने के लिए लिखित आश्वासन की भी मांग की। शिक्षकों ने यह मांग तब की जब सोमवार को मुख्यमंत्री ने सभी पात्र उम्मीदवारों को नौकरी जाने से बचाने का आश्वासन दिया तथा उनसे कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, वे स्वयंसेवक के रूप में अपने-अपने स्कूलों में काम करें। आज महावीर जयंती के अवसर पर अवकाश होने के बावजूद रैली के कारण शहर का यातायात प्रभावित रहा। इस बीच नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के एक वर्ग ने बुधवार शाम से साल्ट लेक स्थित स्कूल सेवा आयोग कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जबकि प्रभावित शिक्षकों के एक अन्य वर्ग ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। शिक्षकों के प्रतिनिधियों में से एक पंकज रॉय ने संवाददाताओं से कहा कि जब तक सरकार उन्हें नौकरी से निकाले जाने से पूर्ण सुरक्षा का लिखित आश्वासन नहीं देती, तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी मांग किया कि एसएससी ओएमआर की मिरर इमेज जारी करे जिससे योग्य अभ्यर्थियों की पहचान दागी अभ्यर्थियों से अलग की जा सके। कोलकाता पुलिस मुख्यालय, लालबा. जार ने बुधवार को कस्बा में एक शिक्षक पर लाठीचार्ज और लात-घूसों से हमला करने के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। आंदोलनकारी शिक्षकों ने कथित रूप से पुलिसकर्मियों की अवहेलना की और डीआई कार्यालय के गेट में घुसने की कोशिश की तथा गेट को बंद करने का प्रयास किया। इस मुद्दे से राज्य में उथल-पुथल मचने तथा विपक्ष के साथ-साथ विभिन्न नागरिक संगठनों की ओर से भी इसकी निंदा करने के बाद एसएसडी के उपायुक्त को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है। दक्षिण उपनगरीय डिवीजन की उप-आयुक्त बिधिशा कलिता इस मामले की जांच करेंगी और कोलकाता पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट देंगी। वरिष्ठ मंत्री एवं शहर के मेयर फिरहाद हकीम ने पूछा कि जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया था, तो नौकरी गंवाने वाले लोग कस्बा क्यों गए। हकीम ने पूछा कि वे वहां सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने क्यों गए थे?

■ बंगाल में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने जताया ममता के खिलाफ आक्रोश

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर सिरोसिस आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा पार्षद ने नगर निगम के ड्राइवर को मारी गोली

## गुस्साएं कर्मचारियों ने पार्षद को लाठी डंडों से पीटा, पुलिस ने हिरासत में लेकर की कार्रवाई

**■ सूरजकुंड स्थित नगर निगम डिपो का है मामला**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सूरजकुंड नगर निगम डिपो पर गुरुवार दोपहर इस समय हड़कंप मच गया जब एक भाजपा पार्षद ने उनके वार्ड से कूड़ा न उठाने के विरोध में गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली कर्मचारी के पैर में लगी हैं भाजपा पार्षद लगभग आधा दर्जन लोगों को लेकर वहां पहुंचा था। इंचोली थाना क्षेत्र के लावड़ निवासी अविनाश कुमार पुत्र रतन कुमार नगर निगम में ड्राइवर है।

गुरुवार सुबह अविनाश अपने साथियों के साथ सूरजकुंड डिपो पर खड़ा था। आरोप है कि वार्ड 18 सरायकाजी से भाजपा पार्षद रविंद्र अपने एक दर्जन साथियों के साथ डिपो पर पहुंचा था। इस दौरान उनकी कूड़ा उठाने को लेकर अविनाश के साथ कहासुनी हो गई और उन्होंने लाइसेंसी पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एक गोली अविनाश के पैर में लग गई। इसके बाद निगम में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने आरोपी पार्षद व उसके साथियों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। भीड़ ने मौके से आरोपी पार्षद को पिस्तौल के साथ पकड़ लिया, जबकि उसके साथी मौके से भाग निकले। सूचना के बाद थाना टीपी नगर और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आरोपी पार्षद व घायल ड्राइवर को लेकर जिला अस्पताल आ गई। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि पार्षद को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को अज्ञात में पंचनामा भरकर मोर्चरी भेज दिया। सुबह करीब साढ़े छह बजे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि अहमदाबाद गांव के निकट एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर रौंदा है। उसके सिर में गंभीर चोट लगी हुई थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन घंटो बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। युवक के पास से कोई आईडी भी नहीं मिली, जिससे उसकी शिनाख्त हो पाती। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर मोर्चरी भेज दिया था।

### लावड़ चौकी क्षेत्र में फिर गोकशी

# गोकशों की पुलिस को खुली चुनौती, अवशेष व औजार बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चौकी क्षेत्र में इस समय गौकशों के हौसले बुलंद हैं। वह बेखौफ होकर क्षेत्र में गौकशी की घटना को अंजाम दे रहे हैं उन्हें पुलिस का कोई खौफ नहीं है लगातार एक सप्ताह में दूसरी घटना को अंजाम दिया गया है और दोनों ही घटना सड़क से कुछ ही दूरी पर की गई हैं। बुधवार की देर रात लावड़ क्षेत्र के जलालपुर गांव के बाहर मुख्य मार्ग से सटे एक खेत में अज्ञात गौकशों ने गौकशी की घटना को बेखौफ होकर अंजाम दे दिया। बृहस्पतिवार की सुबह किसान सतीश पुत्र रकम सिंह निवासी ग्राम जलालपुर अपने खेतों पर गया तो वहां गौवंश के अवशेष पड़े हुए दिखाई दिए जिसके बाद किसान ने डायल 112 पर सूचना दी जिसके बाद लावड़ चौकी प्रभारी मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की पुलिस ने अलग अलग जगह पर पड़े अवशेषों को ग्रामीणों की सहायता से खेत में गड्ढे खुदवाकर दबवा दिया। पुलिस को अवशेषों के पास से दो औजार जिसमें एक छुरी व एक दाव भी पुलिस को मिला। वहीं पुलिस की टीम गौकशों की तलाश में लगी है।

## होम्योपैथिक के जनक डॉ. सैमुअल का 269वां जन्म दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होम्योपैथिक कार्यालय जनपद मेरठ में होम्योपैथिक के जन्मदाता डॉ. सैमुअल हैनीमैन की 269वीं जन्मतिथि गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। याज्ञिक के रूप में डॉक्टर नीरज सिवाच ने वैदिक विधि विधान से यज्ञ पूर्ण कराया। इसके उपरांत डॉ. सैमुअल हैनीमैन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर होम्योपैथिक विभाग के सभी डॉक्टर तथा कर्मचारियों ने उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। डॉक्टर टैगोर निमी, डॉ. विकास तोमर, डॉ. नीरज सिवाच, डॉ. संयोगिता, डॉ. मीनू अग्रवाल, फार्मासिस्ट नरेश कुमार, आदि का सहयोग रहा।

## चिकित्सक के पिता खतौली से लापता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के चिकित्सक अरशद कुरैशी के पिता खतौली से अचानक लापता हो गए। थाने में उनकी गुमशुदगी लिखाई गई है। डॉ. अरशद कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता हाशिम कुरैशी गत दिवस अपने छोटे पुत्र समद कुरैशी के घर खतौली गए थे। वह खतौली से अचानक लापता हो गए। उनको काफी तलाश किया लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। उन्होंने बताया कि खतौली थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई है।

# जुए के अवैध कारोबार में अंकित के साथ कई लोग थे शामिल

## जुए का असली मास्टरमाइंड है ग्राम प्रधान, पुलिस की निष्पक्ष जांच में आएगा सामने

**■ प्रधान के द्वारा ही स्थानीय पुलिस को जाते थे रुपये**

**■ प्रधान की अलग-अलग जगह पर जुआ चलवाते हुए वीडियो हो रही वायरल**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार की देर रात दौराला थाना क्षेत्र में हाइवे पर स्थित भाजपा नेता अंकित मोतला के राजरानी होटल पर एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी क्राइम अवनीश कुमार व सीओ दौराला की टीम ने छापा मारा था जिसमें मौके से लगभग 17 लाख रुपए, 35 मोबाइल, 21 गाड़ियां व 31 लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा था जिसमें अब नए-नए खुलासे हो रहे हैं। हालांकि पुलिस द्वारा कुछ स्थानीय पत्रकारों को भी बचाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दौराला क्षेत्र के कुछ पत्रकार जुआ खिलवाने की एवज में हर महीने सुविधा शुल्क लेते थे लेकिन पुलिस द्वारा उन्हें बचा लिया गया। वहीं क्षेत्र का एक जनप्रतिनिधि जो लगभग एक दशक से इस अवैध कारोबार में संलिप्त है वह भी अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि फलावदा थाना क्षेत्र के महलका गांव का प्रधान असलम कुरैशी बीते एक दशक से इस अवैध जुए को चलवा रहा है। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन सूत्रों के अनुसार ग्राम प्रधान के सम्पर्क में अन्य जनपदों के अलावा स्थानीय युवा भी इस दलदल में फंस रहे हैं और वह जुए में रकम हारने के बाद फिर गलत रास्ते पर निकलने को मजबूर हो जाते हैं। बताया जाता है कि जो भी इनके यहां जुआ खेलने आता है उनसे प्रधान द्वारा 500 रुपए हर एक आदमी से लिए जाते हैं। प्रधान द्वारा अपने ग्राम महलका में लगभग एक दशक से जुए का कारोबार चलाया जा रहा था जिसकी वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सूत्रों के अनुसार लगभग तीन महीने से दौराला क्षेत्र में पुलिस से मिलीभगत कर प्रधान ने अंकित मोतला के साथ मिलकर जुआ शुरू कराया जिसमें लाखों रुपए का जुआ पूरी रात खिलाया जाता था लेकिन पुलिस की जांच में अभी तक प्रधान का नाम सामने नहीं आया है जबकि इसका असली मास्टर माइंड और संचालक प्रधान है जिसने अंकित को अपने साथ लेकर इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जुआ चलाया। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि जुए का मास्टरमाइंड प्रधान खुद को थाना प्रभारी उत्तम सिंह राठौड़ का भाई बताता था और जुए के अलावा थाने के अनेक कामों में लोगों को ले जाकर सेटिंग कराने का भी काम करता था।

इस सम्बन्ध में जब सीओ दौराला का पक्ष लेना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### अंकित मोतला हत्या के मामले में जा चुका है जेल

होटल राजरानी के मालिक अंकित मोतला ने पूर्व में एक शराब के ठेके के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी जिसमें वह जेल भी गया था उसके ऊपर अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं।

## आजाद समाज पार्टी ने फहीम रंगरेज को शहर विधानसभा अध्यक्ष किया मनोनित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) मुख्यालय में जिला अध्यक्ष एडवोकेट चरण सिंह व महानगर प्रभारी मोहम्मद नौशाद और महानगर अध्यक्ष मोहम्मद अनस द्वारा बनाए गए शहर विधानसभा अध्यक्ष फहीम रंगरेज को अध्यक्ष मनोनित किया गया। शहर विधानसभा में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) ने महत्वपूर्ण नियुक्तियां की। पार्टी की जिला व महानगर यूनिट ने फहीम रंगरेज को शहर विधानसभा का अध्यक्ष मनोनित किया। मुख्यालय में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष पीतांबर प्रजापति, जिला अध्यक्ष एडवोकेट चरण सिंह, मौख अनस महानगर अध्यक्ष, जिला प्रभारी सागर लिसाड़ी और सुरेंद्र कश्यप शामिल थे। जिला महासचिव गोपाल प्रधान और जिला संगठन मंत्री जैनेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। वहीं पार्टी के जिला व महानगर यूनिट के नेताओं और कार्यकर्ता ने शहर विधानसभा अध्यक्ष फहीम रंगरेज को बधाई दी।

# अगले माह श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय आएंगी विख्यात पर्यावरणविद पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डॉ. राजीव त्यागी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, विख्यात पर्यावरणविद एवं अनाश्रित जीव जंतुओं के लिए काम करने वाली विश्व की नामचीन संस्था 'पीपल फॉर एनिमल' की अध्यक्षता, भाजपा नेत्री मेनका गांधी से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट कर श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय द्वारा कुलाधिपति डॉ. सुधीर गिरी के प्रभावी दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे जीव जंतुओं के कल्याण के लिए एवं अनाश्रित पशुओं की देखरेख, सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय बेजुबान निराश्रित जीवों के लिए अपने विश्वविद्यालय में एक सेल की स्थापना करने जा रहा है, जिसमें सड़क पर घूमने वाले जीवो गाय, भैंस, सांड, निराश्रित कुत्तों आदि के लिए आश्रय एवं भोजन की व्यवस्था करने जा रहे हैं। इसी क्रम में मेनका गांधी ने कहा कि वेंकटेश्वरा अपने शैक्षणिक, सामाजिक कार्यों के साथ-साथ निराश्रित जीव जंतुओं के लिए एक अच्छी पहल शुरुआत करने जा रहा है। इसके लिए 'पीपल फॉर एनिमल' संस्था उनका आभार व्यक्त करती है एवं अगले महीने पर उनकी अंतरराष्ट्रीय संस्था पीपल फॉर एनिमल की एक यूनिट स्थापित कर बेजुबान जानवरों के लिए एक आश्रय गृह बनाना बनाया जाएगा।

वेंकटेश्वर समूह के अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि मेनका गांधी बेजुबान जीवों के लिए ऐसा पुनीत कार्य कर रही है, जिसका इस देश में दूसरा को देखने को नहीं मिलता, उनके इस मिशन में वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय उनके साथ है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, कुलसचिव पीयूष पांडे, एनिमल लवर संस्था के रोहन त्यागी, कशिश त्यागी, डीन एकेडमिक्स डॉक्टर राजेश सिंह, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मोहल्ला खेवान से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लग पाया। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई है। विपिन पुत्र सुरेश चन्द ने तहरीर देते हुए बताया कि बीते रविवार की दोपहर उसका 35 वर्षीय भाई पंकज घर से किसी काम से बाहर गया था। तब से ही उसका कही सुराग नहीं लग पा रहा है। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन वो नहीं मिला। गुरुवार को थाने पहुंचे युवक के परिजनों ने पुलिस को मामले से अवगत कराया। साथ ही किसी अन्होनी की आशंका जताते हुए परिजनों ने पुलिस से युवक की बरामदगी की मांग की। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज की और उसकी तलाश में जुट गई। वहीं पुलिस कई एंगल से घटना की जांच में जुट गई है। परिजनों में इस घटना से काफी दुख है। उनका कहना था कि वह जल्द आ जाए।

## रामराज गन्ना समिति के सचिव करा रहे थे दुकानों का निर्माण, हाउसिंग सोसाइटी ने रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज गन्ना समिति द्वारा मुख्य बाजार में दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसे रामराज हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन ने एसडीएम मवाना के न्यायालय में वाद दाखिल कर तथा पुलिस में शिकायत कर रुकवा दिया है। रामराज हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन का कहना है कि यह जमीन रामराज हाउसिंग सोसाइटी की है। जिस पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था।

रामराज हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री अमृतपाल सिंह कहालों ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि रामराज गन्ना समिति के सचिव सुभाष चंद यादव कुछ भूमाफियाओं के साथ मिलकर रामराज हाउसिंग सोसाइटी के जमीन पर दुकान बनवा कर बेचना चाहते है। सुभाषचंद यादव द्वारा लगभग एक सप्ताह से यह निर्माण कार्य चुपचाप कराया जा रहा था। जैसे ही रामराज हाउसिंग सोसाइटी को इसकी जानकारी लगी तो रामराज हाउसिंग सोसाइटी की ओर से एसडीएम मवाना के न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया गया है तथा निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। उन्होंने बताया कि रामराज में कुछ भूमाफिया लोग रामराज हाउ. सिंग सोसाइटी की जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर 10 रुपए के स्टांप पेपर पर लिख कर बेच रहे है जोकि पूर्ण रूप से अवैध है। ऐसे भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्रचार के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है तथा जो भूमाफिया ऐसा कर रहे है उनके खिलाफ रामराज हाउसिंग सोसाइटी न्यायालय भी जा रही है। रामराज हाउसिंग सोसाइटी के चेयरमैन अमृतपाल सिंह काहलों ने कहा कि सोसाइटी के काफी समय से निष्क्रिय होने के कारण कुछ भूमाफिया सक्रिय रूप से हाउसिंग सोसाइटी की जमीन को कब्जाकर भोले भाले लोगों को फंसाकर मोटी रकम वसूल रहे थे। और 10 रुपए के स्टांप पेपर पर लिखकर दे रहे थे। परंतु अब रामराज हाउसिंग सोसाइटी का निर्वाचन होने के बाद सोसाइटी अस्तित्व में आ गई है तथा अब ऐसे भूमाफियाओं को अवैध कब्जे नहीं करने दिया जाएगा।

# भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन हुआ आयोजित

**■ कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: अमित अग्रवाल**

**■ मोदी और योगी के नेतृत्व में विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बृहस्पतिवार को कैंट विधानसभा में एक भव्य सक्रिय सदस्यता सम्मेलन व पार्टी के स्थापना दिवस पर सरकार द्वारा देश हित में किए गए कार्यों पर प्रदर्शनी आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने की इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ जनसंघ कालीन कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य अमोलक राम ब्लॉक से कार्यक्रम की अध्यक्षता कराई और प्रदर्शनी का उद्घाटन कराया। विवेक रस्तोगी ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य इन समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना है, जिन्होंने वर्षों तक बिना किसी अपेक्षा के पार्टी की सेवा की है। मुख्य वक्ता अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित कर भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों और जनसेवा के संकल्प पर चर्चा की। उन्होंने कहा किआज भारतीय जनता पार्टी 'राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है, जिसका श्रेय पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। भारतीय जनता पार्टी को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने में प्रत्येक कार्यकर्ता का अहम योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने हेतु भारतीय जनता पार्टी की 'संकल्प से सिद्धि तक' की यात्रा निरंतर जारी है। इस कार्यक्रम का नाम 'सक्रिय सदस्यता सम्मेलन' रखा गया, जिसका नारा था 'संगठन की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति।' इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पार्टी के सक्रिय सदस्यों को जोड़ना और संगठन को और मजबूत करना था। अमित अग्रवाल ने केंद्र में बीजेपी की 11 साल की सरकार और उत्तर प्रदेश में 8 साल की योगी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे इन वर्षों में पार्टी ने विकास, सुरक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अहम कदम उठाए। उन्होंने बताया की भाजपा सरकार में मेरठ जिले समेत कैंट विधानसभा का जमकर विकास किया गया है। मेरठ को मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे, रैपिड/मैट्रो रेल, खेल विश्वविद्यालय, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज पहुंचने हेतु, गंगा एक्सप्रेसवे तथा वंदे भारत ट्रेन प्रदान की गई है। प्रयागराज की तर्ज पर मेरठ के विकास हेतु एकीकृत योजना बनाकर विकास किए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री योगी ने की है।

**यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, राज्य मंत्री/दर्जा प्राप्त संजीव सिक्का, कैंट बोर्ड के नामित सदस्य सतीश शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री, दर्जा प्राप्त सुनील भराला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कैंट में हुए 6 अरब 25 करोड़ 21 लाख के विकास कार्य

इस दौरान कैंट विधायक ने बताया कि मेरठ कैंट विधान सभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराये गये तथा आगे विकास कार्य कराये जाने हेतु प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकारों को प्रेषित विभिन्न प्रस्ताव स्वीकृति के अंतिम चरणों में है। टेंडर की प्रक्रिया में है, प्रगतिशील हैं या पूर्ण होने की स्थिति में हैं। मेरठ कैंट विधान सभा में क्षेत्र में 3 वर्षों में अब तक 6 अरब, 25 करोड़, 21 लाख तक के कराये गये कार्यों और उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम 8 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी।




# कच्ची शराब पीने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर निवासी एक व्यक्ति की कच्ची शराब पीने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं ग्रामीणों ने पुलिस का विरोध करते हुए ग्राम पसवाड़ा में कच्ची शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

ग्राम सिंहपुर निवासी राजेश 40 वर्ष गुरुवार सुबह ग्राम पसवाड़ा में प्रवीण के यहां काम करने गया था 10 बजे उसका छोटा बेटा कार्तिक उसे देखने गया था तो परवीन के खेत में राजेश बेसुध पड़ा हुआ था तथा उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। कार्तिक के शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां जमा हो गए तथा बग्गी में ले जाकर उसके घर पर छोड़ आए राजेश के घर आने पर मौत हो गई। परिजनों द्वारा सूचना देने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल करते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के मुंह से झाग निकल रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे उसने कोई कीटनाशक दवाई पी हो पोस्टमार्टम के बाद स्थिति साफ हो जाएगी अभी तक परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

मगर ग्रामीणों का आरोप है कि थाना क्षेत्र के ग्राम पसवाड़ा में कच्ची शराब बनती है उसके पीने से ही राजेश की मौत हुई है। वहीं ग्राम प्रधान मनोज त्यागी ने बताया कि राजेश शराब पीने का आदी था कुछ दिन पहले शराब पीने की वजह से पत्नी भी छोड़ कर चली गई। राजेश के तीन बच्चे हैं तथा आर्थिक स्थिति बहुत खराब है जिनका पालन पोषण वह मजदूरी करके ही करता था। बच्चों के सामने अब आर्थिक संकट पैदा हो जाएगा।

## आबकारी विभाग की लापरवाही आई सामने

थाना क्षेत्र के ग्राम पसवाड़ा में सांसी जाति के लोग कच्ची शराब बनाने व बेचने का धंधा करते हैं। पूर्व में भी कच्ची शराब के सेवन से कई घटनाएं हो चुकी हैं। मगर आबकारी विभाग व थाना पुलिस की ढिलाई की वजह से यह कारोबार बंद नहीं हो पा रहा है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पसवाड़ा में कच्ची शराब पीने से ही राजेश की मौत हुई है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से कच्ची शराब बनाने व बेचने पर रोक लगाने की शिकायत करने की बात कही है।

# 2027 में होंगे अखिलेश के हाथ मजबूत: तसव्वर अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को कस्बा सिवाल खास में सपा विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली चौहान ने अपने कार्यालय पर एक मीटिंग आयोजित की जिसमें उन्होंने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव की सरकार बनेगी और उनके हाथ मजबूत होंगे और सर्व समाज को तरक्की मिलेगी।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो बीजेपी सरकार का सुपड़ा साफ कर सकती है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सिर्फ और सिर्फ उद्योग. पतियों का फायदा है गरीब आदमी और आम आदमी पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है विकास के नाम पर भाजपा सरकार जीरो साबित हुई है और योगी सरकार के पार्ट 2 में उत्तर प्रदेश में क्राइम कंट्रोल नहीं है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हिंदू मुस्लिम की एक ऐसी खाई पैदा कर दी है जो आसानी से भरी नहीं जाएगी वहीं तसव्वर अली ने सभी सपाइयों से अपील की है कि सिवाल खास विधानसभा में जी तोड़ मेहनत करें।

## राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान आयोडीन युक्त नमक की अनिवार्यता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में इतनी बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करना बेहद चुनौतीपूर्ण रहा है। सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को अक्सर प्रछन्न भूख (हिडन हंगर) कहा जाता है और इससे लाखों लोग प्रभावित होते हैं। इससे प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होता है, संज्ञानात्मक विकास धीमा होता है और थकान जैसी स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। मुख्य खाद्य पदार्थों और नमक का फोर्टिफिकेशन इन पोषण संबंधी फर्क को पाटने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में उभरा है। सरल लेकिन शक्तिशाली हस्तक्षेप के रूप में फोर्टिफाइड नमक सूक्ष्म पोषक तत्व प्रदान करने में मदद करता है, जो बहुत से लोगों को उनके नियमित आहार से नहीं मिल सकते। मार्च को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है और यह संतुलित आहार तथा आवश्यक पोषक तत्वों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का समय होता है। टाटा साल्ट पंच तत्व पोषण बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तौर पर एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है।

# सरधना पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



छोटू उर्फ सुलेमान    शहनशाह    शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** दो दिन पूर्व मंढियाई गांव में ट्रांसफार्मर चोरी का प्रयास करने वाले बदमाशो को पुलिस ने जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक की मेहनत व ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने तीन लोगों को जेल भेज दिया है। बता दें, कि मंगलवार देर रात बदमाशों ने मंढियाई गांव के बाहरी छोर पर मदरसे के निकट रहे ट्रांसफॉर्मर को चोरी का प्रयास किया था। उन्होंने लाइन पर चेन डालकर उसे बंद किया और ट्रांसफॉर्मर चोरी करने लगे। ग्रामीणों ने घेराबंदी करते हुए एक बदमाश को धर दबौचा था। जबकि दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए थे। ग्रामीणों ने पकड़े गए बदमाश को पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने थाने लाकर उससे पूछताछ की तो उसने फरार हुए अपने साथियों व एक कबाड़ी का नाम पुलिस को बताया। पुलिस ने दबिश देकर कबाड़ी व एक अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने तीनों युवकों शहजाद पुत्र निजामुददीन निवासी धर्मपुरा, शहंशा पुत्र इस्लाम, भटियारी सराय व छोटू पुत्र यामीन निवासी राम तलैया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और उनका चालान कर दिया।

# डॉ. जुबीन एक बार फिर आयुष तेजस अवार्ड से सम्मानित

## आयुष चिकित्सा की विश्वगाथा आगरा में गूंजा भारत का पारंपरिक ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के प्राचीन चिकित्सा विज्ञान 'आयुष' को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय आयुष कॉन्क्लेव 2025 का भव्य आयोजन होटल सौरा आगरा में किया गया। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि डॉक्टर एसपी बघेल केंद्रीय मंत्री गवर्नमेंट ऑफ इंडिया व दयाशंकर मिश्र आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का संचालन सिविक सर्विसेज द्वारा किया गया, जिसमें देश और विदेश से 150 से अधिक आयुष चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रोग्राम में मेरठ जिले के कस्बा शाहजहांपुर निवासी शफीक हेल्थ केयर क्लिनिक संचालक डॉक्टर जुबीन खान को आयुष तेजस अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉक्टर जुबिन को यह अवार्ड उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य तथा यूनानी दवाइयों द्वारा टाइफाइड, मोतीझरा, खसरा, ल्यूकेरियल, जैसी बीमारी का सफल इलाज करने के उपलक्ष



में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने दिया है। एक माह में यह दूसरी बार है जब डॉक्टर जुबिन को किसी सम्मान से नवाजा गया है। इससे पहले उन्हें दिल्ली में आयोजित पांच सितारा होटल में नेशनल अचीवर्स अवार्ड 2025 से फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने सम्मानित किया था। इस मौके पर डॉ. जुबीन ने कहा कि मेरे लिए यह एक यादगार पल है। केंद्रीय मंत्री डॉ. एसपी बघेल एवं दयाशंकर मिश्र आयुष मंत्री तथा देश की महान हस्तियों के बीच उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री के हाथों से सम्मानित होना मेरे लिए गौरव की बात है, मैं सम्मान पाकर अभिभूत हूं।

सम्मान वितरण की गरिमा तब और बढ़ गई जब स्वयं उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंच पर उपस्थित होकर डॉक्टरों को उनके योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं और राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से आयुष चिकित्सा के समर्थन की नीतियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान विशेष अ ि त ि थ ि के रूप में हरिद्वार यूनिवर्सिटी के कुलपति धर्मवीर सिंह ने आयुष को शिक्षा जगत से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनकी बातें प्रेरणादायक थीं और उन्होंने बताया कि भारत को आयुष के जरिए 'विश्वगुरु' बनने से कोई रोक नहीं सकता। सम्मेलन को सफल बनाने में Civic Services के साथ-साथ Taxzeal और Smart Vision का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## धूमधाम से निकली बाबा की ज्योति शोभायात्रा

**हसनपुर।** श्री राम जानकी बालाजी दरबार के तत्वाधान में मेहंदीपुर धाम से लाई गई बाबा की ज्योत की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ चेयरमैन राजपाल सैनी ने विधि विधान से पूजन कर किया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बालाजी जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम जानकी बालाजी दरबार मोहल्ला कायस्थान के तत्वाधान में बाबा के धाम मेहंदीपुर से बाबा की ज्योति को लाया गया। गुरुवार को नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा बाबा की ज्योत की विधि विधान से पूजन कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा नगर के रहरा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करती हुई मोहल्ला कायस्थान पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में राम दरबार,शंकर परिवार,राधा कृष्ण, मां लक्ष्मी,मां सरस्वती एवं कृष्ण सुदामा की झांकी सभी को मोहित कर रही थी, वही राधा कृष्ण रास मंडल, भगवान शंकर तांडव एवं मां काली तांडव के कलाकारों की प्रस्तुति ने चकित कर दिया।

# फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग लाखों का माल जलकर हुआ राख



**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित एक फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। वहीं आग लगने से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां पहुंची। जानकारी के अनुसार फैक्ट्री अतुल जैन की बताई जा रही है। फैक्ट्री में प्लास्टिक की कुर्सियां बनाई जाती हैं। आग लगने के बाद फैक्ट्री से धुआं और लपटें निकलने लगी जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। फैक्ट्री में काम कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। मौके पर तीन दमकल गाड़ियां पहुंचीं।

# दलित ने पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप

## एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पीड़ित ने पुलिस पर दबंगों से हमसाज होकर जमकर मारपीट के जाने का आरोप लगाया है। एसडीएम ने कोतवाल व राजस्व निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

लंबे समय से लेनदेन करने की मनौटा चौकी पुलिस की शिकायत मिल रही थी। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ निवासी मजदूर चंद्रदंत की एक बीघा भूमि पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर रखा है। चंद्रदंत का आरोप है कि बुधवार की दोपहर मनौटा चौकी पुलिस ने उसे फोन कर बुलाया था। वह चौकी में पहुंचा तो पुलिस ने उसे कमरे में बंद कर पिटाई करनी शुरू कर दी। जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। चंद्रदंत की चोट को देखकर पुलिस के भी हाथ पैर फूल गये। उसके बाद दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति का शांति भंग में चालान कर दिया। चंद्र दंत के हाथ में गंभीर चोट लगी है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव से शिकायत की है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल हसनपुर एवं राजस्व निरीक्षक से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। अब देखना होगा कि चंद्र दंत को अधिकारी न्याय दे पाते हैं या नही। दलित पीड़ित का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह आला अफसरों से न्याय की गुहार लगायेगा।

# भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

## सरकार के आठ साल पूरे होने पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी हाई कमान के निर्देश पर भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में नगर के मुख्य मार्गों पर बाइक रैली निकाली गई बाइक रैली का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विधायक द्वारा पार्टी का झंडा दिखाकर किया गया।

गुरुवार को पार्टी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में नगर के बाईपास मार्ग से रहरा बस स्टैंड तक बाइक रैली निकाली गई। रैली में सबसे आगे डीजे पर देशभक्ति गीत चल रहे थे उसके पीछे भाजपा कार्यकर्ता हाथों में झंडा लेकर बाइकों पर चल रहे थे। रैली का आयोजन मोदी सरकार के आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं का संदेश देने के लिए किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र में भाजपा की सरकार गरीब कल्याण योजनाओं को लाकर लोगों को सही लाभ पहुंचा रही है। और लोगों को यह संदेश देने के लिए यह बाइक रैली निकाली गई।उन्होंने कहा कि आज भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता डा. मुखर्जी की प्रेरणा से देश की एकता और अखंडता के लिए आगे बढ़ेंगे। रैली में भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी, मयंक अग्रवाल, मुदित गुर्जर, सुमित अग्रवाल, पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता, पवन राज, महेश प्रजापति, योगेंद्र प्रजापति, रानू रस्तोगी, वेद प्रकाश अग्रवाल, संजय शर्मा, इशांत सैनी, देवेंद्र खड़गवंशी, पौरुष अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, टेकचंद चौहान, भावना चौधरी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद है।

## भंडारे में भक्तों ने चखा प्रसाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री बालाजी दरबार सेवा समिति के तत्वावधन में मनाये जा रहे हनुमान जन्मोत्सव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जबकि भगवान हनुमान को भोग भी लगाया गया। मच्छरट्ठा स्थित बाला जी चौकी दरबार द्वारा आज हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चौकी स्थित मन्दिर प्रांगण में सबसे पहले भगवान हनुमान को भोग लगाया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें भक्तों ने प्रसाद चखा। इस मौके पर अमन कौशिक, कमल रघुवंशी, मुन्नालाल, जमना देवी, कमल प्रजापति, सुशील शर्मा, राजीव गुप्ता, गौरव वर्मा, भोलू, गुंजन, पूनम, सोनू, विकास, आदि मौजूद रहे।

# अक्षय तृतीया को मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने के उपलक्ष में गुरुवार को एक बैठक सरला देवी विद्यापीठ कसेरूबक्सर में सम्पन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर सरला देवी विद्यापीठ में हर वर्षों के भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्ष भगवान परशुराम होंगे एवं संयोजक सभी सनातनी प्रेमी होंगे। बैठक में मुख्य रूप से विनोद गौड़, राजीव शर्मा, संजीव शर्मा, दीपक, अतुल राम शास्त्री , जसवीर , ओमपाल, सुबोध शर्मा, यतेंद्र शर्मा, मांगे शर्मा, ओमकार, सतीश आदि उपस्थित रहे।

## नहर में नहाने गया 12 साल का बच्चा डूबा



**जानी खुर्द।** गुरुवार को कस्बा सिवाल खास में नहर में नहाने गया एक बच्चा डूब गया जहां परिजनों ने काफी छानबीन की लेकिन कोई पता न चल सका। सूत्र के अनुसार आहद पुत्र गुलफाम उम्र 12 वर्ष गुरुवार की शाम नगला कुंभ स्थित रजवाहे में नहाने गया था। कुछ देर बाद देखा तो वह डूब गया उसकी डूबने की खबर मिलते ही परिजन बदहवास हो गए और रजवाहे में खोजने निकल गए लेकिन उसका देर शाम तक कोई पता न चल सका।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पावली खास विकास खण्ड दौराला, मेरठ**

पत्रांक: नि.सू./2025-26 दिनांक: 10.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत पावली खास में पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त एवं मनरेगा/SBM की धनराशि से वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू रेत, मिट्टी भराव कार्य, ईंट, सीमेंट, कोरसेन्ड, रोड़ी, सरिया, डस्ट, कच्चा रोड़ा, पत्थर रोड़ा, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. सोलर लाईट स्थापना व मरम्मत, स्ट्रीट लाईट स्थापना व मरम्मत, 3. लोहे की बेंच, ओपन जिम, लाईब्रेरी, स्कूल झूला, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प मरम्मत व रिबोर का सामान, 5. स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत कार्यालय में प्रयोग होने वाली सामग्री, 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स व अन्य कार्य, 8. स्टेशनरी, डस्टबिन, कम्प्यूटर उपकरण, कैमरा, प्रिन्टर आदि, 9. चैनल फब्रिकेशन, दरवाजे, खिड़कियां आदि, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सफाई उपकरण इत्यादि, 12. ई-रिक्शा क्रय, फोगिंग मशीन क्रय, वाटर कूलर, आर.ओ. व सार्वजनिक शौचालय आदि व अन्य सामग्री की समय पर आपूर्ति, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु कम्प्रेशर/श्रैडर, कटिंग मशीन आदि, 14. सिटीजन इंफोरमेशन बोर्ड आदि, 15. मनरेगा व एसबीएम सम्बन्धी कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यस्थल पर आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदाएं दिनांक 17.04.2025 व समय दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रिण निविदाएं दिनांक 17.04.2025 को दोपहर 3 बजे पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित निशुल्क देकर दिनांक 16.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत पावली खास
वि.ख. दौराला, मेरठ।

सचिव
ग्राम पंचायत पावली खास
वि.ख. दौराला, मेरठ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत - इकलौता, विकास खण्ड - दौराला, मेरठ**

पत्रांक: नि.सू./ 2025-26 दिनांक :10.04.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/15वां वित्त/ SLWM / योजनान्तर्गत सरकारी विभागो में पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें दिनाक 10.04.2025 से दिनांक 15.04.2025 को 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 10.04.2025 से 15.04.2025 को अपराह्न 12 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा अधिकृत अधिकारी द्वारा इच्छुक ठेकेदारों की उपस्थिति मे निविदा प्रपत्र दिनांक 15.04.2025 को 2 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का प्रकार | सामग्री की अनुमानित लागत (लाख में) | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तालाब खुदाई एव पानी निकासी | 7.48 | 2 प्रति. | – | 200 | 1 माह |

नियम व शर्तें:-

01. निर्माण सामग्री/कार्य लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग द्वारा निर्धारित मानको के अनुरूप होने चाहिए।
02. सम्बन्धित फर्म अथवा ठेकेदार का लोक निर्माण विभाग अथवा ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग अथवा जिला पंचायत जैसी संस्था में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
03. इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार 10.04.2025 से 15.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्राप्त कर सकते है। निविदा 15.04.2025 को 12 बजे तक सील बन्द लिफाफे टेण्डर पेटी में डाली जा सकती है तथा उसी तिथि को 3 बजे मौजूद ठेकेदारों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। सम्बन्धित फर्म/ठेकेदारों को निविदायें खोले जाने से पूर्व प्राक्कलन धनराशि की दो प्रतिशत धनराशि नगद अथवा प्रतिभूति धरोहर राशि के रूप में जमा करनी होगी।
04. प्राप्त निविदाओ की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरो वाली निविदा की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।
05. कुटेशन/निविदायें को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
06. निर्माण सामग्री की गुणवत्ता व कार्यस्थल पर हुयी किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति की पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म अथवा ठेकेदार की होगी।
07. न्यूनतम निविदा के स्वीकृत होने की स्थिति में फर्म/ठेकेदार के बिल से 8 प्रतिशत धनराशि जमानत राशि, टी.डी.एस., जी.एस.टी., रॉयल्टी, लेबरसेस नियमानुसार काटा जायेगा। जिसे सम्बन्धित हैड में जमा कराया जायेगा। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण कराना आवश्यक होगा। निर्माण कार्य की मात्रा कार्य स्थल की आवश्यकता अनुसार घट-बढ़ सकती है।

प्रधान
ग्राम पंचायत - इकलौता
विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)

सचिव
ग्राम पंचायत - इकलौता
विकास खण्ड - दौराला (मेरठ)

# ट्रांस्फार्मर चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

## कब्जे से ट्रांस्फार्मर से चोरी किया गया सामान व घटना प्रयुक्त उपकरण सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा पुलिस ने अपराधो की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के दौरान पांच अन्तर्रजनपदीय विद्युत ट्रांस्फार्मर चोरगिरोह के पांच सदस्यो को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 185 कि.ग्रा. तांबे की कोइल व प्रयुक्त उपकरण आरी दो ब्लैड तेल निकाले वाला एक पाइप और लोहे की चैन पाईपरिंच तार कटर तथा एक कार बरामद हुई है।

इस संबंध में एएसपी ने बताया कि चोरो ने गत 27 मार्च की रात मुबारिकपुर रोड स्थित एक फैक्ट्री से ट्रांस्फार्मर चोरी किया था। फैक्ट्री मालिक अक्षय जैन थाना खेकडा पर अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होने बताया कि खेकडा पुलिस ने ट्रांस्फार्मर चोरगिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की हुई 10 तांबे की कोइल दो आरी के ब्लैड तेल निकाले वाला एक पाइप और लोहे की चैन पाईपरिंच तार कटर तथा एक कार बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान सदस्यों ने बताया कि उन्होने जनपद मुजफ्फरनगर, शामली, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, मेरठ व हापुड से सैकडों ट्रांस्फार्मर से सामान चोरी किया है। बदमाशो के नाम राजकुमार निवासी बडौत, विकास निवासी गुराना, विकास पुत्र जयपाल निवासी बडौत, राहुल निवासी सैदपुर व फरयाद निवासी काशीराम कालोनी मलकपुर। राहुल गांव सैदपुर का पूर्व प्रधान है और भाजपा नेता भी बताया गया है। वह ईन्टरनेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में पदक भी जीत चुका है। एएसपी ने बताया कि इस गिरोह ने अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों ट्रांस्फार्मर चोरी की 93 घटनाओं को अंजाम दिया है। जनपद बागपत में विद्युत थाना में ट्रास्फार्मर चोरी के 48, गाजियाबाद विद्युत थाने में 38 मुकदमें दर्ज है। इस गैंग का लीडर राहुल बताया गया है। यह चोरी कर सामान गाजियाबाद में एक कबाड़ी को बेचते थे। एएसपी ने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# किसानों की जमीन को छीना तो दो किसान करेंगे आत्मदाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** कहरका गांव में विवादित जमीन की प्रशासन द्वारा फसल कटाई के विरोध में भाकियू ने धरना प्रर्दशन शुरु कर दिया है। किसानों का कहना है वह जमीन किसानों की है उनका हक छीना गया तो किसान आत्मदाह करेगे को मजबूर होगे जिसके जिम्मेदार प्रशासन टीम होगी।

कहरका गांव में सैकड़ों बीधा जमीन पर विवाद चला आ रहा है जिससे लेकर पिछले वर्ष तहसील प्रशासन टीम ने जमीन को कब्जा मुक्त करा ग्राम प्रधान के सुपुर्द जमीन को कर दिया था जिसके बाद किसानो मे जमीन मे फसल बोई थी जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान सुनिता देवी द्वारा की गयी थी। किसानों को सूचना मिली की गुरूवार को प्रशासन टीम कहरका में विवादित जमीन पर बोई फसल को काटने के लिए जायेगी जिसके विरोध में भाकियू ने खेतो पर धरना शुरु कर दिया। किसान कहरका निवासी देशवीर ने बताया कि 1998 में ग्राम सभा में एक प्रस्ताव पास कर भूमिहीन 53 किसानो को खाता नम्बर 347,357 में पटटे आवंटित किये गये थे जिस पर आज भी किसानो का कब्जा है। वही मेरठ कमीशनर ये यहा उक्त जमीन को लेकर मुकदमा चल रहा है लेकिन तहसील प्रशासन टीम अपनी मनमानी पर किसानो से जमीन छीनना चाहती है जिससे बर्दाश्त नही किया जायेगा। अगर तहसील प्रशासन टीम ने जमीन खुर्द बुर्द करने का प्रयास किया तो दो किसान आत्मदाह करेगे जिसकी जिम्मेदार तहसील प्रशासन टीम होगी। वही भाकियू का धरना जारी है पंचायत की अध्यक्षता हिम्मत सिंह, जिला प्रवक्ता, संजाचनकर्ता विनोद चौधरी, अंकित, अरुण, अशवनी, दीपक शर्मा संजीव चौधरी ऋषिकांत शर्मा, यूनुस अंसारी राजेन्द्र, भरत राजीव, सुसील सनोज आदि मौजूद रहे।



# मुठभेड के बाद 8 बदमाश गिरफ्तार, पशु चोरी करने के लिए मेवात से बागपत आए थे बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत पुलिस ने मुठभेड के दौरान एक थार व कैटर गाडी से आ रहे 8 बदमाशो को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से दो थार गाडी एक कैटर दो अवैध तमंचे दो कारतूस दो चाकू दो फर्जी नं. प्लैट बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 3 बजे बडौत पुलिस ने चैकिंग दौरान दो थार गाडी एक कैटर आ रहे बदमाशों को पुलिस ने पकडने का प्रयास किया तो बदमाशों ने फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर मुठभेड के बाद 8 बदमाशों को पकड लिया जिनके नाम रामबीर, शलीम, यूसुफ निवासीगण नूंह मेहवात नदीम निवासी मुजफ्फरनगर मुबारिक निवासी नूंह संजू निवासी अलवर राजस्थान गब्बरू निवासी अलवार राजस्थान बिनलादेन निवासी नूंह बताये गए है। एएसपी ने बताया कि बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने दो तमंचे दो कारतूस दो चाकू दो थार गडी एक कैटर दो फर्जी नंबर प्लैट बरामद की है। एएसपी के अनुसार बदमाशों की क्षेत्र से पशु चोरी कर ले जाने की योजना थी।



# प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या कर शव श्मशान में डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को सुबह नोरोजपुर रोड स्थित गांव बाघु के शमशान में एक युवक का शव पडा मिला। मृतक की पहचान पहचान सचिन शर्मा निवासी टयौटी के रूप में उनके परिजनों ने की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के अनुसार गुरुवार को सुबह बाघु के शमशान में एक युवक का शव पडा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास किया। उन्होने बताया कि मृतक बुधवार से अपने घर से लापता था। इस संबंध में थाना बडौत में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। मृतक के परिजनों को बुलाकर शव की पहचान कराई गई। उन्होने मृतक की पहचान अपने पुत्र सचिन शर्मा निवासी टयौडी के रूप में की। उन्होने बताया कि मृतक के गांव की एक एससी युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती के परिजनों युवती के शादी गांव सिसाना के एक युवक के साथ कर थी। माना जा रहा है कि मृतक अपनी प्रेमिका से मिलने के गांव सिसाना आया था। जहां पर युवती के ससुरालियों ने धारदार हथियार से वार कर युवक की हत्या कर दी और शव को शमशान के लेजाकर डाल दिया। मृतक की पहचान छुपाने के लिए उन्होने पैट्रॉल डालकर शव को जलाने का प्रयास किया था लेकिन मृतक का चहरा पूरी तरह जल नही पाया। उसके सिर पर भी घाव के निशान पाये गए, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हत्यारोपियों का पता लगाने में लगी हुई है।



## एक नजर

### बैंड बाजों के साथ निकाली भगवान महावीर की रथयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की जयंती बैंड बाजों के साथ निकाली गई। श्रीश्वेतांबर स्थानकवासी जैन समाज मंडी बड़ौत के तत्वावधान में उपाध्याय श्री रविंद्र मुनि महाराज के सानिध्य में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष में नवकार महामंत्र का 90 मिनट सामूहिक जाप अनुष्ठान किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं के 11 चांदी के सिक्कों का भाग्यशाली लकी ड्रा का लाभ अनुराग जैन (प्रांतीय महामंत्री-ऑल इंडियाश्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फेंस उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड प्रांत) के द्वारा लिया गया।

वही दूसरी ओर, कस्बे में स्थित श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म के 24 वें तीर्थ कर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक रथयात्रा महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

सुबह मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक और पूजन किया गया। भजन संध्या में लकी ड्रा द्वारा सौधर्म इंद्र बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अजय जैन, राजेंद्र जैन भट्टे वाले, कुबेर इंद्र अंकुर जैन अनिल जैन, सारथी मोनू जैन नेमचंद जैन, सनत कुमार इंद्र अभिषेक जैन सत्येंद्र जैन महेंद्र इंद्र राहुल जैन मदन लाल जैन को प्राप्त हुआ। जिसके बाद श्रीजी को रथ में विराजमान किया गया। संजीव जैन, राजेश जैन, राजीव जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी अहिंसा वादी थे हम सबको उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। रथ यात्रा मंदिर से शुरू होकर बाजार के मुख्य मार्गो से होते हुए जैन धर्मशाला पहुंची। वहां पर श्रीजी का अभिषेक किया गया। रथ यात्रा में सबसे आगे श्रद्धालु धर्मध्वज लेकर चल रहे थे। इसके बाद बैंड-बाजों पर जैन समुदाय के पुरुष, महिलाएं, नाचते झूमते चल रहे थे रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधान सुशील जैन, पीयूष जैन, प्रबंधक अंकित जैन, सचिन जैन, गौरव जैन,राजू जैन, राजेश जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन, राकेश जैन, दीपक जैन, जिनेंद्र जैन, संजीव जैन, मनीष जैन, आशु जैन, शैलेश जैन, अंकुर जैन, भुनेद्र जैन, महेश जैन, अजय जैन आदि लोग मौजूद रहे।

### चौ.देशखाप पं सुभाष को जैन मंत्र उच्चरित पटका पहनाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के जैनश्वेतांबर मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर आयोजित जैन समाज के कार्यक्रम में चौधरी चौरासी देशखाप एवं सर्वसमाज खाप संगठन अध्यक्ष पं सुभाष शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा चौधरी देशखाप पं सुभाष शर्मा को जैन मंत्र उच्चरित पटका पहनाकर सम्मानित किया, एवं सामुहिक रूप से णमोकार महामंत्र का उच्चारण कर आपसी सौहार्द का संकल्प लिया गया। वही इस अवसर पर जैन कॉन्फेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित राय जैन के द्वारा ब्राह्मण एवं जैन समाज के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नेता साहब सिंह, घनश्याम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता डा.नीरज कौशिक, विनय शर्मा जी,कुबेर दत्त शर्मा, सुधीर मान, श्याम बिहारी शर्मा, चौधरी सेन समाज राममेहर सिंह एवं काफी संख्या में सर्वसमाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में शांति विधान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में शांति विधान का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।

पन्ना परिवार की सन्तोष जैन के पिचहत्तरवें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इस विधान का आयोजन किया गया। इस विधान को छपरौली के ब्रह्मचारी भैया गौरव ने सम्पन्न कराया। इस विधान में करीब 100 श्रद्धालुओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया। विधान में नित्य-नियम की पूजा करने के बाद, 120 अर्घ्य समर्पित किये गए। विधान में नृत्य संगीत और भक्ति भाव के साथ भजन गाए गए। प्रत्यक्षदर्शी श्रद्धालुओं ने बताया कि विधान जब समापन की ओर था, तो विराजमान प्रतिमा पर केसर से अपने आप अभिषेक हो रहा था साथ ही प्रतिमा पर भी चंदन से स्वास्तिक बन गया था। उन्होंने बताया कि यह अभिषेक देवताओं द्वारा किया जा रहा है। मौजूद श्रद्धालुओं में प्रवीण जैन, मंजू जैन, नवीन जैन, मोनिका जैन, कृतिका जैन, नीतीश जैन, अंकुर जैन, मयंक जैन, श्रुति जैन, मीनल जैन, सचिन जैन, नाम्या, संपदा, सार्थक, विदुषी, संकेत, डा.सुनीता जैन, कल्पना जैन, निशा, याशी, स्वस्ति, ऋषभ, तनीषा आदि शामिल रहे।

# रटौल अंडरपास सर्विस रोड़ का एनएचआई कर्मियों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा से रटौल अंडरपास तक ईपीए के बराबर टाइल्स से मार्ग बनाने की मांग को लेकर भाकियू नेताओं ने कुछ दिन पहले धरना प्रदर्शन किया था।

वह एनएचआई के अधिकारियों से शिकायत की थी जिसके बाद एनएचआई के कर्मचारियों ने पहुंच निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की है जिसे वह अधिकारियों को सौंपेंगे। ईपीए के पास लहचौड़ा अंडरपास से लेकर रटौल अंडरपास तक 700 मीटर मार्ग है जिस पर सीसी रोड़ टाइल्स मार्ग बनवाने की मांग को लेकर लगातार एनएचआई मार्ग बनवाने की मांग करते आ रहे हैं। मार्ग को लेकर एक माह पहले भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने धरना प्रदर्शन किया था और मार्ग बनवाने की मांग की थी। भारतीय किसान यूनियन नेता शिवदत्त शर्मा ने बताया था इस मार्ग से 6 गांव जुड़े हैं मार्ग बनने से किसानो और राहगीरों का फायदा होगा गुरूवार को एनएचआई। से विजय, बोनशन, दिलीप आदि ने पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया और एक रिपोर्ट तैयार की है जिसे वह एन एच आई अधिकारियों को सौंपेंगे। उधर भारतीय किसान यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है। अगर मार्ग निर्माण नहीं हुआ तो वह फिर जल्द धरना जल्द करेंगे। इस मौकें पर शिवदत्त शर्मा, अजब सिंह, दिनेश, मनोज आदि मौजूद रहे।



# भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन की कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कार्यकारिणी का गठन किया है जिसमें मंजू देवी को महिला प्रकोष्ठ जिला बागपत की अध्यक्ष मनोनीत की है। राहुल कुमार को नई जिम्मेदारी देते हुए युवा जिला अध्यक्ष बागपत घोषित किया गया है। अश्वनी कुमार युवा जिला प्रभारी बागपत बनाए गए हैं। प्रवीण कुमार को छपरौली विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया गया है जबकि वीरेश कुमार को नगर अध्यक्ष बडौत की जिम्मेदारी सौंप गई है।

मोहित कुमार युवा जिला महासचिव बागपत, अक्षय कुमार ग्राम अध्यक्ष लुहारी विनोद कुमार नगर अध्यक्ष परगना कोताना, नीरज कुमार ब्लॉक सचिव बडौत अंकित कुमार महासचिव लुहारी सत्येंद्र कुमार ग्राम अध्यक्ष लुहारी मयंक में युवा ग्राम अध्यक्ष सरूरपुर राकेश त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष बडौत नवीन कुमार युवा ग्राम अध्यक्ष लोयन मलकपुर की जिम्मेदारी के साथ नवाजा गया है। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में दो माह के अंदर अपनी अपनी कार्यकारिणी का गठन करके संगठन के हाई कमान को सौंपने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जल्दी दो माह के अंदर शपथ ग्रहण समारोह संगठन की तरफ से कराया जाएगा जिसमें भारी संख्या में लोग कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रधान का संगठन किसानो की समस्याओं को लेकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का कार्य कर रहा है।



# नगर में रथयात्रा निकाल मनाया भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** श्री महावीर भगवान के जन्मोत्सव पर श्री 1008 अजित नाथ दिगंबर जैन मंदिर बागपत में महावीर भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव बड़ी ही धूम धाम से बनाया गया।

सर्व प्रथम प्रातः बेला में भगवान श्री अजित नाथ, श्री शान्ति नाथ, श्री नेमी नाथ, श्री महावीर भगवान का शुद्ध जल से मंत्रोंचार द्वारा मयंक जैन के निर्देशन में अभिषेक और पूजन किया गया उसके उपरान्त श्री महावीर भगवान का मंजन किया गया। रथ यात्रा के लिए इंद्रो का चयन लकी ड्रा द्वारा कूपन निकाले गए। जिसमें सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य श्री सचिन जैन, सुमित जैन, सारथी बने का सौभाग्य गौरव जैन, कुबेर बनने का सौभाग्य सुनील जैन, अंशुल जैन, चवर ढूराने का सौभाग्य पीयूष जैन, हेमचंद जैन को मिला प्राप्त हुआ। इसके उपरान्त श्री दिगंबर जैन मंदिर बागपत के मूलनायक भगवान श्री अजित नाथ भगवान से देव आज्ञा प्राप्त कर श्रीजी को पालकी में विराजमान कर बड़े बाजार में स्वर्ण रथ पर विराजमान किया गया। जहां पर रथ यात्रा ने अपना भव्य रूप लिया और समाज के सभी लोगों ने जगह जगह रथ यात्रा का आरती की और देश के जाने माने बैंड बाजों ने अपने सुंदर सुंदर भजनों से सभी को भक्ति में झूमने को मजबूर कर दिया। रथ यात्रा नगर भ्रमण करते हुए श्री जैन इण्टर कक्लेज बागपत में स्थित पांडुशिला पर इन्द्रओ द्वारा भगवान का शुद्ध जल से मंत्रोंचार द्वारा अभिषेक और पूजन किया गया। पूजन के उपरान्त रथ यात्रा पुनः नगर भ्रमण करते हुए श्री दिगंबर जैन मंदिर बागपत पर आ कर सम्पन्न हुई। साय कालीन बेला में वीर महिला मण्डल बागपत के द्वारा सामुहिक आरती और संस्ख्रतिक कार्यक्रम और पालना झूलने का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष पंकज जैन, पियूष जैन, अतुल जैन, बिजेंद्र जैन, प्रहलाद जैन, प्रमोद जैन, संजीव जैन, विनित जैन, मयंक जैन, विकास जैन, तरुण जैन, यश जैन, सुनिल जैन, लवी जैन, रिषभ जैन, मोनू जैन, शिखर चंद जैन, अजय जैन, सुषमा जैन, कामिनी जैन, बबिता जैन, नीलम जैन, रूबी जैन, पूनम जैन आदि बड़ी संख्या में स्त्री पुरूष और बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



# आंधी तुफान व बूंदाबांदी के चलते टूट कर गिरा खम्बा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एनसीआर क्षेत्र में आंधी तुफान ने बदली करवट गर्ज के साथ हुई बुंदाबांदी कोताना रोड पर बिजली के खम्भे टुटे वाहन चालकों को परेशानी हुई। विद्युत विभाग के कर्मचारियों में टूटे हुए खम्बो को रोड़ से हटाकर सप्लाई बंद कराई। वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी तूफान में 5 बजते ही दिन में अंधेरा हो गया। कई बाइक सवार रोड पर चलने से टकराए ढिकाना के दो लोग चोटिल हुए 5 के बाद 3 घंटे तक विद्युत सप्लाई बंद रही विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने टूटे हुए पॉल को हटवाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। आंधी तूफान में जमकर कहर मचाया दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों के शटर बंद करके दुकान बंद कर दी। बूंदाबांदी में गर्मी से लोगों को राहत मिली किसानों ने भी गेहूं की फसल को विराम दे दिया।



# खंड विकास अधिकारी ने गौशाला में तीन हजार दान कर किया निरीक्षण


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जीवना गुलियान गांव में बिनौली ब्लॉक खंड विकास अधिकारी ज्योति बाला ने गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में मौजूद पशुओं के चारे की व्यवस्था साफ सफाई तथा स्वास्थ्य के बारे में जायजा लिया। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में मौजूद किसी भी पशु को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर गौशाला में पर्याप्त मात्रा हरा चारा मिलने पर ग्राम प्रधान विपिन सोलंकी व ग्राम पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ऐसे ही करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय पहुंचकर अभिलेखों की जांच भी की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए सब कुछ सही पाए जाने पर उन्होंने खुशी जाहिर की तथा ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के सफ़ल प्रयास को देखते हुए खंड विकास अधिकारी में तीन हजार गौशाला में गोवंश के रखरखाव के लिए अपनी नेक कमाई से दान देकर बागपत जनपद में एक अपनी अलग पहचान बनाने का काम किया इस अवसर पर ग्राम प्रधान विपिन सोलंकी ने खंड विकास अधिकारी ज्योति बाला को सहयोग देने और मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद दिया। प्रताप ग्राम पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार का प्रमोशन वीडियो के पद पर होने पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ज्योति बाला ग्राम प्रधान विपिन सोलंकी ग्राम पंचायत सचिव वीरेंद्र कुमार डा.कुलदीप विनीत मलिक आदि मौजूद रहे।

# मई प्रथम सप्ताह तक पूर्ण हो जाना चाहिए निर्माण:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को बागपत पुलिस लाइन में 150 पुरुषों के लिए अलग-अलग हॉस्टल बैरक का निर्माण कार्य 8.91 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना को सीएंडडीएस (उत्तर प्रदेश जल निगम) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। यह परियोजना 17जून 2023 में प्रारंभ हुई थी जिसका कार्य पूर्ण होने का समय दिसंबर 2024 था, जिसके के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित कार्यदाई संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य स्थल पर जगह-जगह मरम्मत मिली जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मई प्रथम सप्ताह तक कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय उपस्थित रहे।



# क्रॉप कटिंग प्रयोग के तहत गेहूं की उत्पादकता का आंकलन

**शाह टाइम्स संवाददाताश**

**बागपत।** गुरुवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा शासन के निर्देशानुसार रवि सीजन की प्रमुख फसल गेहूं की क्रॉप कटिंग का परीक्षण किया गया। यह प्रयोग जनपद के ग्राम निवाड़ा में स्थित कृषक समसीदा के खेत में किया गया, जिसका खसरा संख्या 576 है।

प्रथम प्रयोग में 43.25 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में क्रॉप कटिंग की गई, जिससे कुल 24 किलो 100 ग्राम गेहूं की प्राप्ति हुई। यह उत्पादकता 55 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की औसत से आंकी गई। दूसरा प्रयोग ग्राम उम्रदराज में खसरा संख्या 572 पर किया गया। इस प्रयोग में 21 किलो 100 ग्राम गेहूं की प्राप्ति हुई, जो कि 49 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की औसत उपज के अनुरूप है। इस प्रकार दोनों प्रयोगों के माध्यम से जिले में गेहूं की उत्पादकता का सटीक अनुमान प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, जो आगे कृषि नीति निर्धारण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर तहसीलदार बागपत अभिषेक कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव सांख्यिकी अधिकारी सौरभ गुप्ता, ग्राम प्रधान हसरत हसन सहित आदि उपस्थित रहे।



# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

- पुलिस को गेहूं के खेत में चलता मिला कारखाना
- अवैध रूप से तमंचा बना रहे युवक को पुलिस ने एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना नवाबगंज की कुंडरा कोठी चौकी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गेहूं के खेत में छिपाकर चलाई जा रही अवैध असलहा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। यह फैक्ट्री खेत की मेढ़ पर खड़े पेड़ों के नीचे चल रही थी, जहां पर देशी तमंचे बनाए जा रहे थे। मौके से पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, और उसके पास से अवैध हथियार बरामद और उसके उपकरण बरामद किए हैं।

थाना नवाबगंज क्षेत्र की कुंडरा कोठी चौकी इंचार्ज राजकुमार गौतम को इसकी जानकारी मिली थी, जिसके बाद बुधवार की रात में पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी कर इस गैरकानूनी कारोबार को उजागर किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम भीमसेन उर्फ बबलू (45 साल) निवासी ग्राम बालपुर है। पुलिस को मौके से पांच तमंचे, जिनमें तीन 315 बोर के जिंदा कारतूस के साथ, और दो 32 बोर के तमंचे दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। इसके अलावा हथियार निर्माण में प्रयुक्त उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

आरोपी ने बताया कि वह कबाड़ खाने से सामान लाता था, और खेत में अवैध तमंचे बनाकर अच्छे दामों में बेचता था। पूछताछ में भीमसेन ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते अवसर मिलने पर अवैध तमंचे बनाने और बेचने का काम भी करता है। यह हुनर उसे गांव के ही पप्पू पुत्र इंदर से मिला था, जिसकी अब मृत्यु हो चुकी है।

तमंचा बनाने के लिए वह कबाड़खाने से स्टीयरिंग, रॉड और इंजन के मोबिऑयल पंप की लोहे की रॉड लेकर नाल तैयार करता था। वहीं, लोहे की चादर से तमंचे की बॉडी और स्प्रिंग जैसी अन्य वस्तुएं भी कबाड़ से जुटा लेता था, और एक तमंचा करीब तीन से पांच हजार रुपये में बेचता था। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र में खलबली मच गई है।



# अवैध कॉलोनी पर चला बीडीए का बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण ने अवैध तरीके से विकसित की जा रही कॉलोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इससे अवैध कॉलोनाइजर में खलबली मच गई।

बीडीए की टीम द्वारा थाना सीबीगंज के रामपुर रोड ग्राम बण्डिया में नईम खां द्वारा 20 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, बाउन्ड्रीवाल, भूखण्डों का चिन्हांकन आदि कर अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

बीडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। बीडीए के उपाध्यक्ष मनिकंडन ए लोगों से अपील की है कि भूखंड खरीदने से पहले बिल्डर से मानचित्र जरूर मांगे। मानचित्र स्वीकृत कराए बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति अवैध है। उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के प्राविधानों के अन्तर्गत अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दौरान प्राधिकरण की ओर से अवर अभियंता अजीत साहनी, सीताराम, बौद्धमणि गौतम, सहायक अभियंता रमन कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव दीपक कुमार व प्रवर्तन टीम मौजूद रही।



# कड़ी मेहनत करके बीस घंटे बाद मिली 172 गांवों को बिजली आपूर्ति

- आंधी में पेड़ विद्युत तारों पर गिरने से बिजली आपूर्ति हो गई थी बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बीती रात आई तेज आंधी से बिजली के तारों पर पेड़ गिरने से जाफरपुर बिजलीघर के शीशगढ़ सहित 170 गांवों की बिजली आपूर्ति 20 घंटे ठप्प रही। कड़ी मशक्कत के बाद बिजली कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति को चालू किया, तो ग्रामीणों को राहत की सांस मिली।

बताते चलें कि बीती रात करीब सात बजे आई आंधी में ग्राम ढकया डाम से लेकर शेरगढ़ तक दर्जनों गांवों में पेड़ बिजली के तारों पर गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई थी। बिजली कर्मचारियों ने रात्रि में फाल्ट तलाशने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण फाल्ट नहीं मिल सका। सुबह अंधेरे में ही अवर अभियंता संतोष शर्मा अपनी टीम के लाइन मैन जगदीश, शमशाद, वीरेंद्र, नीरज आदि को साथ लेकर निकल पड़े। आधी में पेड़ गिरने से दर्जनों गांवों में बिजली के तार पेड़ की टहनियों से दबे पड़े थे। करीब 300 पेड़ों की टहनियों को काटकर उनमें दबे तारों को बाहर निकाला गया एवं गिरे पड़े पेड़ों को हटवाकर रास्ता बनाया गया तब कही 20 घंटे बाद सफलता मिली। दोपहर करीब तीन बजे बिजली आपूर्ति चालू हुई तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। जब तक बिजली आपूर्ति चालू नहीं हुई अवर अभियंता संतोष शर्मा ने किसी भी कर्मचारी को कही जाने नहीं दिया।



# हुसैनी कमेटी ने कराई पांच मुस्लिम लड़कियों की शादी

- शादी में जरूरी सामान भी कराया उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** हुसैनी कमेटी ने नगर की पांच जरूरतमंद मुस्लिम लड़कियों की शादी कराई है। शादी में लड़कियों को जरूरी सामान भी उपलब्ध कराया गया है। हुसैनी कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल समाज में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद के लिए की गई है, जिससे किसी भी परिवार को अपनी बेटी की शादी के लिए कर्ज या परेशानी का सामना न करना पड़े।

यहां नगर के एमएम लॉन में हुसैनी कमेटी की ओर से पांच जरूरतमंद लड़कियों की शादी कराई गई। इस दौरान उन्हें जरूरत का सारा सामान भी दिया गया। कमेटी के इस कार्य की लोगों ने सरहाना की। पांचों जोड़ों का मौलाना रशीद साहब ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार निकाह पढ़वाया। इस मौके पर हुसैनी कमेटी के संस्थापक मौलाना रशीद अल कादरी, नगर उपसचिव सलीम, अतीक, रियाजुल हक, मोहम्मद उमर, यूनुस अनमता, नदीम अहमद, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद शावेज, रियाज, रिजवान अख्तर, मोहम्मद अली, जावेद, फहीम आसिफ मुन्ने, सय्यद अफजल अली व अध्यक्ष कारी उबेदुल्लाह अलीमी व मीडिया प्रभारी अजीम इदरीसी मौजूद रहे।



## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल राज मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव रिठौरा निवासी 20 वर्षीय पिंटू राज मिस्त्री काम करता था, 14 मार्च को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, इलाज के दौरान बीती शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।



परिजनों ने बताया कि 20 वर्षीय पिंटू पुत्र भगवान दास कश्यप राज मिस्त्री का काम करता था।

14 मार्च होली वाले दिन पिंटू मोटरसाइकिल से रिठौरा में काम से जा रहा था, रास्ता में सामने से आ रही मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई, जिसमें पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, इलाज के दौरान पिंटू की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिंटू की मां वीरा देवी पांच भाई एक बहन है। पिंटू सबसे छोटा था, परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

### खाई में गिरी सवारियों से भरी इको कार, महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली में इको कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टकराने के बाद फिसलन से खाई में जा गिरी। हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका डेढ़ साल का बेटा और सास गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसा गुरुवार को सुबह बरेली के हाफिजगंज थाना क्षेत्र में हुआ। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर गांव गौंटिया के पास सड़क पर फैले डीजल और बारिश से बनी फिसलन के कारण सवारियों से भरी एक इको कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई और फिर खाई में जा गिरी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला का डेढ़ साल का बेटा और सास निजी अस्पताल के आईसीयू में एडमिट हैं। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात किसी वाहन से डीजल फैल गया था। रात में हुई बारिश ने फिसलन को और खतरनाक बना दिया। गुरुवार सुबह करीब सात बजे जब पीलीभीत से सवारियां लेकर आ रही इको कार गांव गौंटिया के पास पहुंची, तो सड़क पर नियंत्रण खो बैठी। कार पहले एक पेड़ से टकराई और फिर सड़क किनारे खाई में जा पलटी। हादसे में मृत महिला की पहचान सिंकू पत्नी सौरभ, निवासी गांव कसगंजा, जनपद पीलीभीत के रूप में हुई है। उनका डेढ़ साल का बेटा और सास कार में उनके साथ थे। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही हाफिजगंज पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस समय से नहीं पहुंच पाई, ऐसे में पुलिस ने 112 की गाड़ी से घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां उपचार के दौरान सिंकू की मौत हो गई, जबकि अन्य दोनों को निजी अस्पताल में रेफर किया गया। उनकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। हाफिजगंज पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे बरेली पहुंच चुके हैं।

### दबंगों ने चौकी के अंदर पिता-पुत्र को पीटा



**तमाशा देखती रही पुलिस, वीडियो वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली जिले से पुलिस व्यवस्था पर बड़ा सवाल उठाने वाली घटना सामने आई है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र में दबंगों ने खुलेआम पुलिस चौकी के अंदर घुसकर एक बुजुर्ग और उसके बेटे की पिटाई कर दी। हैरानी की बात यह रही कि घटना के वक्त चौकी में मौजूद पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे। इस शर्मनाक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

नगरिया परीक्षित एयरफोर्स गेट निवासी अर्जुन सिंह का आरोप है कि इलाके के धीर सिंह और सुरेश ने अपने 20-25 साथियों के साथ पहले उनके घर में घुसकर मारपीट की। इसके बाद जब अर्जुन सिंह अपने बेटे के साथ नगरिया परीक्षित पुलिस चौकी में शिकायत करने पहुंचे तो आरोपी भी वहां पहुंच गए और वहीं पिता-पुत्र को पीटना शुरू कर दिया। पिटाई के दौरान चौकी में मौजूद दो पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे और बीचबचाव का कोई प्रयास नहीं किया। उल्टा, अर्जुन सिंह का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाय दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान कर दिया। घायल अर्जुन सिंह ने अब मामले की शिकायत एसएसपी से की है। उन्होंने आरोपियों से अपनी और अपने परिवार की जान को खतरा बताया है। शिकायत के साथ उन्होंने चौकी में हुई मारपीट का वीडियो और घर के सीसीटीवी फुटेज भी सबूत के तौर पर सौंपा है।

# भगवान महावीर स्वामी जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को भगवान महावीर स्वामी बका 2624वां जन्म कल्याणक महामहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। शहर के दोनों ही जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, शांति धारा स्वर्ण कलशों द्वारा व नित्य नियम पूजन के उपरांत प्रदेश के वन मंत्री डॉ० अरुण कुमार और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत पटेल ने हरा ध्वज दिखाकर भव्य शोभायात्रा को गतिमान किया।

अध्यक्ष वी.के. जैन ने इस अवसर पर कहा कि भगवान महावीर के युग में हिंसा थी, पर हिंसा के उतने साधन नहीं थे, आज मनुष्य ने धरती को 17 बार नष्ट करने की सामग्री तक तैयार कर ली है, भगवान महावीर का दिया अहिंसा का सिद्धांत जो सभी प्राणियों को अपने समान देखने, आत्मा मानने, जीने देने की ओर प्रेरित करता है, धरती को बचा सकता है।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी सौरभ जैन ने कहा कि पूरे विश्व में जिस सहअस्तित्व को भूल एक देश दूसरे देश के प्रति हिंसा कर रहे हैं, उन्हें हजारों वर्षों पूर्व दिए भगवान महावीर स्वामी के दिव्य संदेश को सुनना चाहिए, जिससे उनके बीच वैचारिक सहिष्णुता, सहने की क्षमता विकसित हो सके। कमेटी के प्रकाश चंद्र जैन ने कहा कि भगवान महावीर का आत्म संयम का संदेश आज के उन युवाओं के लिए है जो आत्म नियंत्रण और आज संयम खो कर एक दूसरे के प्रति आक्रामक हो हत्या और आत्महत्या की दुर्घटनाओं में संलिप्त हो रहे हैं। जीओ और जीने दो का संदेश देती भव्य झाकियों के साथ जैन मंदिर बिहारीपुर से शुरू हुई शोभायात्रा इस्लामियां मार्केट, अनाथालय रोड, पटेल चौक से जैन मन्दिर रामपुर बाग पहुंची, जहां पर जिनेंद्र भगवान का अभिषेक जयकारों के बीच किया गया, तदोपरांत पुनः वहां से शोभा यात्रा बरेली कालेज, नगर निगम मार्केट, पटेल चौक, नावल्टी चौराहा, घंटा घर होते हुए वापस जैन मंदिर बिहारीपुर पहुंच धर्म सभा में परिवर्तित हो गई, जहां पांडुशिला पर विराजमान कर भगवान का पुनः अभिषेक किया गया। जगह जगह पर वीर भक्तों ने शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान केसरिया, पीले और रंग बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु ढोलखनगाड़ों की थाप पर महावीर झूले पालना, तुमसे लागी लगन, महावीर तुम्हारे द्वारे पर आदि भजनों पर झूम रहे थे, उनके गगनभेदी जयकारों से शहर आस्था में डूबा नजर आया।

सुबह से पूर्वाह्न तक हुए धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत समाज का सहभोज हुआ। आयोजन में उपमंत्री राजेश जैन, सुमन जैन अरोड़ा, अंकुर जैन, भूपेंद्र जैन, राजेंद्र जैन, राजकुमार जैन, जयपति, देवेंद्र जैन, पूनम जैन, लवी जैन, साधना जैन, चेतना जैन, त्रिशला जैन, सुमन अरोड़ा जैन, अलका जैन, संगीता जैन, रीता जैन, अर्चना जैन, राजेश जैन, संजय जैन आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

# उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल में एकजुट हुए दर्जन भर व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उद्योग व्यापार सुरक्षा मण्डल ने अध्यक्ष गौरव सक्सेना के नेतृत्व में गुरुवार को नीलकंठ मंदिर के निकट अपने संगठन के सम्मानित सदस्य केतन अरोड़ा के टपोरी पिज्जा नामक प्रतिष्ठान पर एक कार्यक्रम बैठक आयोजित की, जिससे जुड़ी जानकारी देते हुए अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया कि उद्योग व्यापार सुरक्षा मण्डल से आज करीब दर्जन भर युवा व्यापारियों ने जुड़कर अपना विश्वास संगठन में दिखाया है, जिसमें शोएब खघन को महासचिव बनाया गया है एवं राहुल सेठी, ललित मिगलानी, सुमित मिश्रा, मुदित गोयल, सरताज हुसैन, विकास गुप्ता, सोहेल कादरी, आदि दर्जन भर युवा व्यापारी आदि रहे। साथ ही संगठन ने अपने सभी व्यापारी साथियों को एक अभियान दिया था, जिसमें वे अपने व्यापार की वृद्धि के लिये ऑनलाइन से टक्कर लें प्रचार प्रसार करें, ग्राहक से अच्छा व्यवहार, अपने माल की गुणवत्ता व नेटवर्क, संगठन में सक्रियता आदि क्रम आधारित थे जिसमें संगठन ने विभिन्न माध्यम बना रखे हैं, जिस अभियान को व्यापारी साथियों ने सफल किया और अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने उन्हें पाँच सितारा, तीन सितारा व दो सितारा मेडल देकर सम्मानित किया, जिसमें पाँच सितारा मेडल पाने वाले साथी दिलीप खुराना, शिवम सक्सेना, चेतन गुजराल, अमित कंचन, अंकित खण्डूजा व तीन सितार मेडल पाने वाले सम्मानित साथी आकाश शर्मा, ऋषि वर्मा, केतन अरोड़ा, नवीन राजपूत, शोभित अग्रवाल, एवं दो सितारा शिशिर श्रीवास्तव आदि। इस अभियान का उद्देश्य यह था कि व्यापारी अपने व्यापारिक, व्यक्तिगत व सामाजिक उत्थान पर ध्यान दें, और उसका उत्साह बढ़े और अवसाद नहीं अवसर के रास्ते बनायें।



कार्यक्रम में अध्यक्ष गौरव सक्सेना, दिलीप खुराना महामंत्री, चेतन गुजराल, शिवम् सक्सेना, अंकित खण्डूजा, अमित कंचन, केतन अरोड़ा, राहुल वर्मा, आकाश शर्मा, नवीन राजपूत, शोभित अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह आदि सम्मिलित रहे।

# प्यार के खातिर रूबा से रूबी बनी प्रेमिका

- धर्म परिवर्तन कर मंदिर में प्रेमी संग लिए सात फेरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** प्यार ने एक बार फिर धर्म की दीवारें लांघ दीं। अलीगढ़ के इगलास क्षेत्र की रहने वाली युवती रूबा ने बरेली निवासी प्रेमी राजेश के साथ अपने रिश्ते को नाम देते हुए हिंदू रीति-रिवाज से शादी रचा ली। युवती ने न सिर्फ अपनी मर्जी से विवाह किया, बल्कि धर्म परिवर्तन कर हिंदू धर्म भी अपना लिया। अब उसने खुद को रूबी नाम से पहचान दी है।

विवाह बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में गुरुवार को सम्पन्न हुआ, जहां महंत पंडित केके शंखधार ने विधिवत रूप से विवाह की सभी रस्में कराईं। आश्रम द्वारा जारी किए गए विवाह वीडियो में युवती स्पष्ट रूप से कह रही है कि उसने पूरी स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन कर शादी की है और किसी भी प्रकार का दबाव उस पर नहीं है। रूबी ने बताया कि वह पिछले चार वर्षों से हिंदू धर्म को पसंद करती रही है और उसी आस्था में उसने यह कदम उठाया। राजेश से उसकी जान-पहचान गांव में आने-जाने के दौरान हुई थी। पहले दोस्ती हुई, फिर बात. चीत और धीरे-धीरे यह रिश्ता प्यार में बदल गया।

शादी के बाद रूबी ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। उसने कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर शादी की है, लेकिन अब उसे और उसके पति को किसी तरह का खतरा न हो, इसलिए उन्हें कानूनी सुरक्षा दी जाए। अगस्त्य मुनि आश्रम के महंत ने कहा कि दोनों ने बाकायदा विवाह प्रार्थना पत्र दिया था और दस्तावेज जांच के बाद ही वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराया गया। अब दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रहने लगे हैं।

# रोडवेज बाबू की उगाही करते वायरल वीडियो से मचा बवाल

- वीडियो वायरल होने पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने बैठाई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** रोडवेज बसों में चेकिंग के नाम पर वसूली का खेल चल रहा है। हाल ही में चेकिंग के दौरान लगेज लदे वाहनों को छोड़ने समेत भ्रष्टाचार के संगीन आरोप में बरेली रीजन के तीन सहायक यातायात निरीक्षक निलंबित किए गए थे। अब पीलीभीत डिपो में तैनात बाबू बसों की चेकिंग करते पकड़ा गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर आरएम ने जांच बैठा दी। एआरएम और बाबू को स्पष्टीकरण मांगा है।



घटनाक्रम 10 मार्च के आसपास पीलीभीत रोड पर खमरिया पुल के आसपास का बताया जा रहा है। एआरएम की गाड़ी रोड किनारे खड़ी कर बाबू अजय कुमार रोडवेज की बसों की चेकिंग करने लगा। उसने बरेली से पीलीभीत की ओर जा रही बलरामपुर डिपो की बस रोक ली। परिचालक के मुताबिक नशे में देख बाबू से पूछा कि क्या वह यातायात निरीक्षक है। शराब पीकर चेकिंग का अधिकार उसे किसने दिया। करीब 15 मिनट तक दोनों के बीच बहस होती रही। सवारियां बस सें उतर गईं। बाबू के साथ मौजूद एक अन्य कर्मचारी को चालक और परिचालक ने घेर लिया।

बाबू पर उगाही समेत कई गंभीर आरोप लगा हंगामा कर दिया। डायल 100 को बुला लिया गया। मामला तूल पकड़ गया। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने जांच बैठा दी है। उन्होंने पीलीभीत डिपो के एआरएम पवन कुमार श्रीवास्तव के साथ बाबू अजय कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है। एआरएम पवन कुमार ने बताया कि वह चेकिंग के दौरान पेट्रोल पंप बैठे थे। रात के समय चेकिंग के लिए बाबू को साथ लेकर गए थे। बाबू शराब के नशे में नहीं था। बहरहाल नियम है कि गाड़ी चेकिंग टीआई या एटीआई से ही कराई जा सकती है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया मोहम्मद हुसैन विकासखण्ड दमखोदा (बरेली)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुलड़िया मोहम्मद हुसैन विकासखण्ड दमखोदा (बरेली) वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने के लिए सामग्री क्रय हेतु सीमेंट, बजरफुट, ईंट की रोड़ी, बजरी, बारीक रेता, प्रथम श्रेणी की ईंट, मिट्टी, पन्नी, बोर्ड आदि के लिए सीलबन्द निविदाएं टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक-14.02.2025 को समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक-15.02.2025 को समय दोपहर 2:00 बजे ग्राम पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में खोली जाएंगी। निविदा से संबंधित सभी शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | मुकेश के मकान से राजाराम के मकान के कोने तक सीसी रोड व नाली निर्माण | 3.84 लाख |

**मीना देवी** (प्रधान) **सुनील कुमार** (सचिव)


# शादी के बाद दुल्हन प्रेमी संग फरार

- घर से समेट कर ले गई नकदी समेत लाखों के जेवरात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली/कैंट।** शादी के एक माह बाद युवती प्रेमी के साथ अपने सारे जेवर लेकर भाग गई, युवती की दादी ने दूसरे समुदाय के युवक समेत छह लोगों पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया उसने पोती की शादी 3 मार्च को थाना फतेहगंज पश्चिमी निवासी एक युवक से की थी।




कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद उनकी पोती मायके आ गई थी। उसका पति सोमवार शाम को उसे विदा कराने आया था। मंगलवार सुबह 4 बजे शादी में मिले लाखों रुपये के जेवरात और छह हजार की नकद लेकर पड़ोस में रहने वाले दूसरे समुदाय के प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़िता ने बताया वह आरोपी युवक के घर पोती के बारे में पूछने गई तो आरोपी के परिजनों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। आरोपी युवक और उसके परिजनों ने उसकी बेटी को छुपा कर रखा है। महिला ने पोती के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी होने की आशंका जताते हुए आरोपी गुड्डू उसके परिजन अरमान, मुन्ना ऑटो वाले, आदिल, अमन, छोटे खां समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**

**मो0- 9456212547 8077380691**

**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# भाजपा के युवा आज निकालेंगे शहर में बाइक रैली, जिलाध्यक्ष ने दिए दिशा निर्देश

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर युवा पदाधिकारी की विशेष बैठक बुलाई गई बैठक में जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने सभी युवा मोर्चा के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा आप सभी भाजपा रामपुर का भविष्य है आप में से ही कोई भाजपा का विधायक बनेगा।

कोई सांसद बनेगा, कोई नगर पालिका अध्यक्ष बनेगा, आप युवाओं के कंधों पर ही इस देश की भी जिम्मेदारी है। इसीलिए आप सभी कल की बाइक रैली में जी जान से लग जाइए। एक ऐतिहासिक बाइक रैली होनी चाहिए, आप सभी को जो लक्ष्य दिया गया है वह लक्ष्य आपको प्राप्त करना है और उसी संख्या में बाइक एकत्र करनी है, मेरा सभी से आग्रह है कि सभी लोग अपनी अपनी बाइकों से कल 11 अप्रैल ठीक समय से 11:00 बजे आदर्श कॉलोनी के रामलीला ग्राउंड में पहुंच जाए, बाइक रैली आदर्श रामलीला ग्राउंड से चलकर जेके पैलेस से होती हुई। शाहबाद गेट और शाहबाद गेट से स्टार चौराहे पहुंचेगी और स्टार चौराहे से अंबेडकर पार्क पर समापन होगा, बाइक रैली के आगे डी.जे. की व्यवस्था की गई है और डी.जे. से उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार




किया जाएगा साथ ही साथ बाइक रैली के माध्यम से आप सभी युवाओं को समाज को जागरूक करना है। विभिन्न योजनाओं के प्रति, बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, राज. कुमार चौहान, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, विक्रम सिंह, मोनू चौधरी, महेंद्र मौर्य, ऋषभ ठाकुर, आशीष शर्मा, अमन शर्मा, योगेंद्र गंगवार, आकाश सक्सेना, हर्षित रस्तोगी, धर्मवीर यादव, आलोक राठौर, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बसपा मंडल कोऑर्डिनेटर ने डा. भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव की तैयारियों का लिया जायज़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरूवार को बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग नगर रामपुर के मोहल्ला साई विहार कॉलोनी में बसपा के पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर एवं जिला प्रभारी राजेश प्रकाश सैनी के आवास पर हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के मंडल कोऑर्डिनेटर मंडल मुरादाबाद गजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा की दिनांक 14 अप्रैल को भारत रत्न परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़े धूमधाम से रामपुर में मनानी है। जिसके लिए तैयारी बैठक में निर्देश दिए की हर विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं एवं बहुजन को समर्पित तथा बाबा साहब को समर्पित लोगों के लिए कार्यक्रम में लाए। आगे कहां बाबा साहब ने इस देश को जो संविधान दिया है वह दुनिया में सबसे बेहतरीन संविधान है। कहा कि बाबा साहब ने देश के लिए जो किया है हम उनके हमेशा ऋणी रहेंगे। आगे कहां कि आप लोग क्षेत्र में जाकर 14 अप्रैल के



कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रचार प्रसार करें, उन्होंने कहा इस वक्त प्रदेश में अराजकता का माहौल है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने की कोशिश हो रही है। देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। कहा कि बसपा के शासन में सबसे अधिक सरकारी नौकरियां निकालकर जनता का भला किया चाहे पुलिस हो या सफाई कर्मचारी बंपर भर्तियां निकली निष्पक्ष रूप से लोगों को भर्ती किया। कहां की आने वाले चुनाव में बसपा बहुत तेजी से अपना जन आधार बढ़कर सत्ता प्राप्त करेगी।

इस अवसर पर जिला प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी, जिला प्रभारी राजेश प्रकाश सैनी, जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव, हबीबुल रहमान, राकेश सागर, शेर सिंह सागर, मनोज कुमार लोधी आदि लोग उपस्थित रहे।

# डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर जिलेभर में निकाली जाएंगी शोभायात्राएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार को डॉक्टर बी आर अंबेडकर का 134 वां जन्मोत्सव समारोह गतवर्षो की भांति इस वर्ष भी महोत्सव के रूप में जनपद रामपुर में मनाया जायेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर 14 अप्रैल में जनपद रामपुर मे होने वाले कार्यक्रम - शोभायात्रा रोके ना जाने की बात कही है। जिलाधिकारी को एक दिवसीय धरना अंबेडकर पार्क रामपुर में देकर की थी ज्ञापन भी दिया था। कई वर्षो से देखने को मिल रहा है रामपुर में ग्राम पंचायत ,नगर पचांयत तहसील स्तर पर कई ऐसे गांव है जहां पर अनुमति प्रदान करने में जुलूस निकालने में शिकायत मिल रही थी। कि तहसील स्तर पर थाने स्तर पर जयंती को मनाने नहीं दिया जाता है और हल्के का दरोगा सामाजिक संगठनों से जयंती पर बहुत ज्यादा बदतमीजी बा अपमान करते हैं। प्रशासन को ऐसे गांवो को चिन्हित करना चहिये सामाजिक संगठनों समितियो के आयोजक से प्रार्थना पत्र लेकर उसकी जांच एक सप्ताह मे कराई जाए प्रदेश के प्रत्येक ऐसे डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क स्थलो को पहले चिन्हित कर लिया जाए। जहा पर प्रत्येक वर्ष अंबेडकर जयंती को मनाते हैं और उसकी अनुमति नहीं लेते हैं। ऐसे आयोजन को भी अनुमति दी जाए क्योंकि वह पहले से आयोजन कर रहे हैं तब अनुमति की जरूरत नहीं पड़ती थी। चिकट्ठी रामनगर दानियापुर सिलई बड़ागांव राजनगर भण्डपुरा मिलक के यहां पर अनुमति नहीं दी जा रही है जबकि सभी गांव जाटव समाज का बाहुल्य क्षेत्र है। यहां पर किसी भी जगह किसी को कोई आपत्ति नहीं है उसके बावजूद भी केवल प्रशासन को



ही आपत्ति है जिसका हम विरोध करते हैं। अगर प्रशासन ने 11 अप्रैल तक अनुमति नहीं दी तो हम 12 तारीख से धरना अंबेडकर पार्क में देंगे।प्रशासन के खिलाफ परंतु जानबूझकर मिलक प्रभारी निरीक्षक क्षेत्राधिकार मिलक थाना शहजाद नगर थाना बिलासपुर थाना पटवाई के थाना के थाना अध्यक्ष एवं दरोगा द्वारा अनुमति को रोका जा रहा है। धमकाया जा रहा है जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सके और यह लोग दलित पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर सके परंतु मैं कहना चाहूंगा कि आप हमारे संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती को मानने से नहीं रोक सकते जिस तरह देश में धर्मनिरपेक्ष कानून है यह हमें इजाजत देता है कि हम अपने संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाएंगे। उन्होनें असीम अरुण आईपीएस समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सचिव मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली उत्तर प्रदेश मंडल आयुक्त मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद पुलिस अधीक्षक। को पत्र भेजा है।

# भगवान महावीर के जन्मकल्याणक महोत्सव पर जैन समाज ने निकाली पालकी यात्रा



( मो.फारूख अंसारी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत मसवासी में जैन समाज के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन समाज द्वारा पूरे नगर में धूमधाम से ढोल नगाड़ों से पालकी यात्रा निकाली गई पालकी यात्रा के दौरान जैन समाज द्वारा महावीर भगवान की जय, जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म के नारे लगाए गए पालकी यात्रा मुख्य मार्गो से होती हुई मोहल्ला चाऊपुरा से पुन: जैन मंदिर में पहुंची तथा जैन मंदिर मैं पहुंचकर भगवान महावीर की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सर्वेश कुमार जैन, राजीव जैन, हर्षित जैन, नितिन जैन, नरेश जैन, शिवम जैन, हर्षित जैन, धर्मेंद्र जैन, महेंद्र जैन, आंचल जैन, श्वेता जैन, खुशी जैन, खुशबू जैन, अमिता जैन, पूजा जैन, प्रीति जैन, रुचि जैन आदि शामिल रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत अटरिया विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-10/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अटरिया विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/04/2025 से 18/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती अन्जुम ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत अटरिया**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री मो.इल्यास सचिव )**
**ग्राम पंचायत अटरिया**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत किशनपुर अटरिया वि.ख. सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-10/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत किशनपुर अटरिया विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/04/2025 से 18/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती रूखसाना ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत किशनपुर अटरिया**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री मो. इल्यास सचिव )**
**ग्राम पंचायत किशनपुर अटरिया**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेनजीरपुर उर्फ घटमपुर वि.ख.सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-10/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेनजीरपुर उर्फ घाटमपुर विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/04/2025 से 18/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री जावेद अली ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत बेनजीरपुर उर्फ घाटमपुर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री मो. इल्यास सचिव )**
**ग्राम पंचायत बेनजीरपुर उर्फ घाटमपुर**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रवन्ना विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर

**पत्रांकः-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन**/2025 **दिनांकः**-10/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रवन्ना विकास खण्ड सैदनगर जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/04/2025 से 18/04/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 19/04/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड | ................ | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ................ | |

**नोटः-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री प्रताप सिंह ग्राम प्रधान )**
**ग्राम पंचायत रवन्ना**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

**( श्री मो. इल्यास सचिव )**
**ग्राम पंचायत रवन्ना**
**विकास खण्ड सैदनगर ( रामपुर )**

# वक्फ बोर्ड पर बिहार के राज्यपाल का बड़ा बयान, बोले- कुरान में वक्फ का जिक्र नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। बुधवार को हापुड़ में एक स्कूल के वार्षिकोत्सव के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कुरान में वक्फ का कोई जिक्र नहीं है और जरूरतमंदों की मदद करने का उपदेश अवश्य है।

राज्यपाल ने कहा कि वक्फ का उद्देश्य धर्मार्थ कार्य है। कुरान में वक्फ का कोई जिक्र नहीं है। लेकिन जरूरतमंदों की मदद करने का उपदेश जरूर है। वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब, कमजोर, नि:सहाय और अनाथों की मदद के लिए होना चाहिए। उन्होंने वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हापुड़, दिल्ली और लखनऊ में वक्फ की ओर से कोई अस्पताल, स्कूल, अनाथालय या प्याऊ नहीं चलाई जा रही है।




बेंगलुरु में वक्फ की कीमती संपत्ति को मामूली किराए पर 99 साल की लीज पर दे दिया गया है। वहां होटल चल रहे हैं। राज्यपाल ने पटना का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी वक्फ की संपत्ति है। लेकिन गरीबों के लिए कोई सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि वक्फ ने ईमानदारी से काम नहीं किया। इसलिए सरकार को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा। उनका मानना है कि यह सुधार बहुत पहले हो जाना चाहिए था। अब वक्फ के सेवा कार्यों को सरकार संभालेगी।

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर युवक से 4.14 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** साइबर ठगों ने एक और व्यक्ति को अपना शिकार बनाया है। कोटला मेवातियान के रहने वाले अलताफ कुरैशी से ठगों ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर 4.14 लाख रुपये ठग लिए।

घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक लिंक आया। इस लिंक से कोस्टा एप्लीकेशन डाउनलोड हुई। एप में टास्क पूरे करने पर अच्छे मुनाफे का वादा किया गया था। ठगों ने पीड़ित से संपर्क कर उन्हें निवेश का लालच दिया। अलताफ ने 6 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 के बीच कुल 4.14 लाख रुपये एप में निवेश किए। शुरुआत में ठगों ने विश्वास जीतने के लिए कुछ रकम लाभांश के रूप में भेजी। बाद में पीड़ित को पता चला कि इस एप के जरिए कई लोगों के साथ ठगी हो चुकी है। पैसे वापस मांगने पर ठगों ने 18 फरवरी को केवल 25 हजार रुपये लौटाए। बाकी रकम के लिए टालमटोल करने लगे। बाद में उन्होंने खाता सीज करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# स्कूल में जेएमएस खेल महोत्सव अन्तरस्कूलीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल महोत्सव अन्तरस्कूलीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह महोत्सव 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल एथलेटिक्स कबड्डी एवं खो खो की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

शुक्रवार को भी फुटबॉल और बास्केटबॉल की प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल ,सचिव डा रोहन सिंघल व प्रिंसिपल डा. निधि मलिक ने कार्यक्रम मैं आए लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष समा. जवादी शिक्षा सभा, पूर्व प्रधानाचार्य मारवाड़ इंटर कॉलेज, पिलखुआ राजेश कुमार यादव, विभाग अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं खेल डा. सुदर्शन त्यागी, जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा, वाइस प्रिंसिपल आरसीएम स्कूल सिंभावली नवनीत शर्मा और नीरज शर्मा मौजूद रहे। स्कूल निदेशक और प्रिंसिपल ने सभी मेहमानों के साथ फुटबॉल खेल का शुभारंभ कीक मारकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस दौरान सभी टीम्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के स्पोर्ट्स डायरेक्टर दीपांशु गर्ग ने बताया कि अंडर 14 बॉयज बास्केटबॉल कैटेगरी में दूसरे स्थान पर डीएमपीएस व पहले स्थान पर 10-04 के स्कोर से जेएमएस स्पोर्ट्स एकेडमी रही। अंडर 14 गर्ल्स कैटेगरी में दूसरे स्थान पर ब्रेनवेव्स व पहले स्थान पर 16-8 के स्कोर के साथ जेएमएस स्पोर्ट्स एकेडमी रही। अंडर-19 कैटेगरी में दूसरे स्थान पर 72 के स्कोर से जसप्रीत सिंह बास्केटबॉल क्लब और पहले स्थान पर 79 के स्कोर से जेएमएस स्पोर्ट्स अकैडमी रही। वही फुटबॉल प्रतियोगिता की अंडर 14 कैटिगरी बॉयज में दूसरे स्थान पर एलके इंटरनेशनल वेव सिटी स्कूल गाजियाबाद और पहले स्थान पर 2-0 के स्कोर से ब्रेन वेव्स स्कूल रहा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में हिमांशु ,अंकुर पूनिया, अमित प्रताप, मनोज, लवलेश सिरोही, नीरज सैनी, आंचल शर्मा सारिका वर्मा अवनीश गौतम आदि का सहयोग रहा।




# गढ़मुक्तेश्वर में चोरी की वारदात बढ़ी तीन किसानों के स्टार्टर केबल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गांव कल्याणपुर में चोरों ने तीन किसानों के नलकूपों को निशाना बनाया है। किसान रविन्द्र कुमार, कमल सिंह और अशोक कुमार के नलकूपों से स्टार्टर, केबल और अन्य सामान चोरी हो गया।

पीड़ित किसानों ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि जब वे बिजली आने पर खेत पहुंचे, तो नलकूप के कमरे में सामान बिखरा हुआ मिला। चोरों ने नलकूप चलाने वाले स्टार्टर समेत अन्य उपकरण चुरा लिए थे। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई का आश्वा. सन दिया है। उन्होंने कहा कि तहरीर के आधार पर जांच की जाएगी। पुलिस जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का प्रयास करेगी।



# गर्ल्स कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित, छात्रओं ने नृत्य-संगीत से बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** केशव मारवाड़ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कशिश को मिस फेयरवेल का खिताब मिला। मोनिका राज प्रथम रनर-अप और अंशिका त्यागी द्वितीय रनर-अप रहीं।

महाविद्यालय के सचिव प्रेम कुमार गुप्ता और उनकी पत्नी आशा गुप्ता ने विजेता छात्राओं को क्रमश: 2100, 1100 और 500 रुपये की राशि प्रदान की। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. निशा गर्ग, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. शशि शर्मा, डा. मंजू जैन और डा. प्रीति कौशिक ने तीनों विजेता छात्राओं को ताज पहनाया। कार्यक्रम का संच. ालन बीकॉम की छात्रा श्रेया और बीए की छात्रा खुशी ने किया। छात्राओं ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से समारोह में रंग भर दिया। महाविद्यालय की ओर से प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के लिए कई छात्राओं को पुरस्कार भी दिए गए। इनमें कशिश, मीत, सारिका, सबा, अंशिका और बीकॉम की छात्राएं प्रियांशी सोम और मुस्कान शामिल रहीं।




# धौलाना में 14 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिली नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** खंड विकास कार्यालय में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत 14 नई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। विधायक धर्मेश तोमर ने इन नियुक्तियों को योगी सरकार की पारदर्शिता का प्रमाण बताया।

विधायक तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के हर विभाग में भ्रष्टाचारमुक्त नियुक्तियां हो रही हैं। पुलिस, शिक्षा और बाल विकास सभी विभागों में योग्यता आधारित चयन किया जा रहा है। इससे सरकार में जनता का विशवास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया को देखने अन्य राज्यों से भी लोग आ रहे हैं। विधायक ने नई कार्यकत्रियों से आग्रह किया कि वे ईमानदारी से सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। तोमर ने आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मां और बच्चों के पोषण में इन केंद्रों का बड़ा योगदान है। प्रदेश सरकार नि:शुल्क पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रही है। इसे सही लाभार्थियों तक पहुंच. ाना इन कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा, पूर्व जिला मंत्री पवन त्यागी और एटीएमएस कॉलेज के चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल समेत विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# हापुड़ में भारत मुक्ति मोर्चा का जेल भरो आंदोलन, ईवीएम हटाने और जाति जनगणना की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को नगर पालिका परिषद में स्थित धरना स्थल पर भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के तत्वाधान में मा वामन मेश्राम साहब के आव्हान पर कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान दर्जनों महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ अपनी मांगें रखीं।

प्रदर्शनकारियों ने मांग उठाई कि ईवीएम मशीन से भारत में गैर संवैधानिक तरीके से चुनाव कराकर 3.5 प्रतिशत शासक वर्ग लोकतंत्र एवं मताधिकार के मौलिक अधिक. ार की धज्जियां उड़ा रहा है। भारत की समस्त जनता की भावना के विरोध में जबरन चुनाव प्रक्रिया में अनिवार्य रूप में ईवीएम मशीन का उपयोग किया जा रहा है।इसलिए समस्त भारतीय समाज के द्वारा प्रति. निधि के रूप में ईवीएम को हटाकर बेलेट पेपर से पारदर्शी चुनाव कराया जाए। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 गैर संवैधानिक है। प्रस्तावित वक संशोधन विधेयक 2025 भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 25 26 29 में निहित समानता धार्मिक स्वतंत्रता और न्याय के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। इससे वक्फ की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी और वक्फ की संपत्तियां एवं पूंजीपतियों और सरकारी भू माफियाओं का अवैध कब्जा हो जाएगा। मांग की गई की बहुजन समाज से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानीय मुद्दे जो इस आंदोलन से गांव तहसील जिले में बहुजन समाज के लोगों पर सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सांस्कृतिक रूप से हो रहे अन्याय अत्याचार के गंभीर स्थानीय मुद्दों को उठाया गया है सरकार और जिला प्रशासन नियंत्रण को इन मुद्दों पर ध्यान देकर इसका तुरंत समाधान किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर राष्ट्रपति को संबो. धित ज्ञापन हापुड़ एसडीएम को सौंपा। इस दौरान मुकेश कुमार एडवोकेट राष्टीय महासचिव बहुजन मुक्ति पार्टी, बबलू गौतम जिला अध्यक्ष बीएमएम, एडवोकेट कविता, मेघराज, रीना वर्मा, सुनीता, डा.राजू, शीला, रणवीरी, हेमलता, प्रेमिता, धीर सिंह, नंद किशोर आदि ने गिरफ्तारी दी और एसडीएम हापुड़ को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी की अगर उनके महत्वपूर्ण मुद्दों और समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होता है तो न्याय के लिए एक जुलाई 2025 को भारत बंद का आंदोलन किया जाएगा।



# जाट फिल्म का जबरदस्त क्रेज, फैंस ने 1.20 लाख में बुक की 400 सीटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सनी देओल की फिल्म जाट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म के पहले दिन फैंस ढोल-नगाड़ों के साथ सिनेमा हॉल पहुंचे। मोहल्ला चौधरी जगराज सिंह के निवासी प्रदीप तेवतिया ने सिनेमा हक्ल की 400 सीटें 1.20 लाख रुपये में बुक कर फैंस को मुफ्त में फिल्म दिखाई।

फैंस ने बग्गी में फिल्म का पोस्टर लेकर यात्रा निकाली। लोगों ने इस दृश्य को अपने मोबाइल फोन में कैद किया। प्रदीप तेवतिया ने बताया कि वे बचपन से सनी देओल के प्रशंसक हैं। फिल्म का नाम जाट होने से जाट समाज में विशेष उत्साह है। फिल्म में सनी देओल ने एक बार फिर दमदार किरदार निभाया है। रणदीप हुड्डा विलेन की भूमिका में नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम में चीनू चौधरी, मनोज तेवतिया, मनोज चौधरी, कल्लू, रविंद्र, विक्की तोमर, हर्ष शिशोदिया, अंकित तोमर, अनुज त्यागी, सनी राठी, नवीन प्रधान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# थाना देहात पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात पुलिस ने अवैध तमंचे व कारतूस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और अपरा. धियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड देहात पुलिस ने चेकिंग के दौरान बदमाश को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम थाना क्षेत्र के मन्सूरपुर अण्डरपास के पास से चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश संदीप उर्फ चूहा पुत्र लखीराम निवासी न्यू भीम नगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर बदमाश संदीप के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।



# चोरी की ई-रिक्शा के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने चोरी की ई-रिक्शा के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में हुई ई-रिक्शा चोरी की घटना का खुला. सा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों की निशानदेही पर चोरी की एक ई-रिक्शा व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव रामपुर में चोरों द्वारा ई रिक्शा चोरी की घटना की गई थी। चोरी के संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था और पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने चेकिंग के दौरान ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को चितौली अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से थाना क्षेत्र के गांव रामपुर से चोरी की गई ई-रिक्शा समेत दो ई-रिक्शा बरामद की है। उन्होंने बताया कि चोरों की पहचान दीपांशु पुत्र ऋषिपाल निवासी आदर्श नगर कॉलोनी थाना हापुड नगर जनपद हापुड़, अंशुल पुत्र बबलेश और दीपक सागर पुत्र महेश निवासी मोहल्ला लज्जापुरी थाना हापुड नगर जनपद हापुड के रूप में हुई है।



## एक नजर

# मायावती की भतीजी को ससुरालवालों ने पीटा, पति समेत 7 पर एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बसपा प्रमुख मायावती की भतीजी एलिस ने अपने पति, सास समेत 9 लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर हापुड़ कोतवाली में पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी, ननद और मौसा पर एफआईआर हुई है।

पीड़ित महिला ने बताया कि ससुराल वाले धमकी देते हैं कि तुम्हारी बुआ बसपा की कर्ता-धर्ता हैं, उनके पास बहुत पैसा है। फ्लैट और 50 लाख रुपए का इंतजाम करो। मना करने पर गाली-गलौज की। बुरी तरह पीटा। जान से मारने की धमकी दी। कहा कि अगर किसी को बताया तो अंजाम बुरा होगा। किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी। पूर्व सीएम की भतीजी ने यह भी कहा कि उसका पति नामर्द है। इस बात की जानकारी ससुराल के सभी लोगों को है। वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है। 2023 में दिल्ली में हुई थी शादी, गाजियाबाद में फ्लैट मांगा। बसपा प्रमुख मायावती के परिवार में कुल 9 भाई-बहन हैं। इनमें 6 भाई- सिद्धार्थ, नरेश, सुभाष, टीटू, राजकुमार, और आनंद कुमार और 3 बहनें-सरस्वती, मायावती, और एक अन्य शामिल हैं। पीड़ित एलिस नरेश कुमार की बेटी हैं। उनकी शादी 9 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली के एक होटल में हिंदू रीति-रिवाजों के साथ विशाल सिंह से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन अच्छे रहे। लेकिन बाद में पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने उस पर दहेज का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पति विशाल, ससुर श्रीपाल सिंह, सास पुष्पा देवी, जेठ भूपेंद्र उर्फ मोनू, जेठानी निशा, ननद शिवानी और मौसा ससुर अखिलेश दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित के मुताबिक ससुराल वाले गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक फ्लैट और 50 लाख रुपए की मांग कर रहे थे। एलिस ने एक हैरान करने वाला खुलासा किया है। कहा, पति विशाल शादी से पहले से ही स्टेरॉयड के इंजेक्शन लगाकर मसल्स बनाता था। जिसके कारण वह नपुंसक हो चुका है। यह बात ससुराल पक्ष के लोगों को पहले से पता थी। इसके बावजूद उन्होंने उसकी शादी करा दी। पीड़ित ने इस मुद्दे पर सास और ननद से बात की तो उन्होंने कहा, बच्चा चाहिए तो जेठ से करवा लो। तहरीर में पीड़ित ने बताया, 17 फरवरी की रात ससुर श्रीपाल सिंह और जेठ भूपेंद्र उर्फ मोनू कमरे में जबरन घुस आए। बुरी तरह पीटा। पीड़ित ने किसी तरह कमरे से भागकर अपनी जान बचाई। ससुर और जेठ ने धमकी दी। कहा, अगर 50 लाख और फ्लैट नहीं दिलवाया, तो तुझे और तेरे परिवार को कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ेंगे। अब तेरी बुआ मायावती का कोई जनाधार नहीं है, अब तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। पीड़ित ने 18 फरवरी को अपने माता-पिता को बुलाकर थाने में शिकायत दी। लेकिन सास पुष्पा देवी के रसूख के चलते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 21 मार्च को पीड़ित ने एसपी हापुड़ को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजा, लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला। 24 मार्च को पीड़ित ने हापुड़ में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दाखिल की है। 8 अप्रैल को कोर्ट ने आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश दिया। गुरुवार को हापुड़ कोतवाली में एलिस के पति विशाल सिंह, ससुर श्रीपाल सिंह, सास पुष्पा देवी, जेठ भूपेंद्र उर्फ मोनू, जेठानी निशा और ननद शिवानी मामला दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आगे की कार्रवाई जांच के बाद की जाएगी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हापुड़ की नगर कोतवाली में BNS की धारा 85, 115 (2), 352, 351(2), 74, 75, 76, 3, 4 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# तमंचा दिखाकर छेड़छाड़ करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ पड़ोसी ने तमंचे के बल पर छेड़छाड़ की। पीड़िता द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित के पति ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी गांव निवासी एक युवक अपने हाथ में तमंचा लेकर आ गया। वहां आकर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर दी। इस दौरान उसकी पत्नी ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने उसकी पत्नी को तमंचे से भयभीत कर छेड़छाड़ की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आवारा छुट्टा पशुओं को खेत से निकलने पर किसान पर चलाई गोली, रिपोर्ट दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव रझैटी के जंगल में मक्का की फसल की रखवाली के खेत में ग्रामीणों ने निराश्रित पशुओं को खेत में भेज दिया। पीड़ित किसान द्वारा मना करने पर आरोपियों ने गाली गलौज की। पीड़ित द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। किसानों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी सचिन चौहान ने बताया कि वह अपने खेत पर मक्का की फसल की रखवाली कर रहे थे। तभी पड़ोसी गांव निवासी एक ग्रामीण ने अपने चार सहयोगी के साथ मिलकर निराश्रित पशुओं को उसके खेत में भेज दिए। पीड़ित ने उनको मना किया तो आरोपियों ने गाली गलौज की। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने गोली चला दी। वहीं पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पेट्रोल पंप मैनेजर की गोली मारकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** कोतवाली क्षेत्र में बोतल में पेट्रोल देने से मना करने पर बाइक सवार बदमाशों ने पंप मैनेजर की ताबड़तोड़ चार गोली मारकर हत्या कर दी। एसपी सिटी, सीओ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी की फुटेज से शिनाख्त करते हुए नोएडा बदमाश का होने की बात कही है। बदमाशों की धरपकड़ को पुलिस की पांच टीमें लगी हुई हैं। पहासू क्षेत्र के गांव काधी निवासी दयानंद शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह सिकंदराबाद-ककोड़ मार्ग स्थित सावन फिलिंग स्टेशन पर कार्य करता है। बुधवार की देर रात पेट्रोल पंप पर ड्यूटी पर था। तभी एक बाइक पर दो युवक पेट्रोल भरवाने आए। जिन्होंने 200 रुपए का पेट्रोल भरवाया। कुछ रुपए का पेट्रोल बोतल में मांगने लगे, जब मैंने बोतल में पेट्रोल देने से मना किया तो वे अभद्रता करने लगे। 30 वर्षीय मैनेजर राजू शर्मा निवासी गांव जिताका औरंगाबाद से दोनों युवक कमरे में आकर बोतल में पेट्रोल के लिए झगड़ने लगे। अचानक उन्होंने मैनेजर राजू शर्मा के ऊपर चार राउंड फायरिंग कर दी। जिसमें मैनेजर राजू शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया और आरोपी मौके से फरार हो गए। मैनेजर राजू शर्मा को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मैनेजर की हत्या की सूचना पाकर एसपी सिटी शंकर प्रसाद, सीओ पूर्णिमा सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने बाइक सवार दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। दो बाइक सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है। गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

## बेटे ही निकले बाप के हत्यारे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** थाना ककोड़ पुलिस ने करीब एक सप्ताह पहले गांव धनौरा में हुए सत्यवीर हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा करते हुए मृतक के दोनों पुत्रों को गिरफ्तार किया है। पिता की हरकतों से परेशान दोनों पुत्रों ने जमीन बेचने की आशंका के चलते हत्या को अंजाम दिया। बड़े पुत्र ने नशीला पदार्थ देकर पिता को बेहोश कर दिया और फिर छोटे भाई के साथ गला दबाकर हत्या कर शव को मंदिर के निकट खाली प्लॉट में फेंक दिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल दुपट्टा, बाइक और एक फोन बरामद किया है। गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि 2 अप्रैल को ककोड़ के गांव धनौरा में मंदिर के पास रजवाहे के किनारे खाली प्लॉट में सत्यवीर पुत्र हरप्रसाद का शव बरामद हुआ था। मृतक के पुत्र इंद्रजीत ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। स्वाट टीम और ककोड़ पुलिस की जांच में मृतक सत्यवीर के दोनों पुत्र इंद्रजीत उर्फ बिट्टू और जैकी के नाम प्रकाश में आए हैं। 10 अप्रैल को दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने पिता सत्यवीर की हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल दुपट्टा, बाइक और एक मोबाइल बरामद किया है। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों हत्यारोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका पिता सत्यवीर शराब पीने, जुआ व सट्टा खेलने का आदी था। सत्यवीर के नाम पर 38 बीघा जमीन थी। दोनों पुत्रों को आशंका थी कि उनका पिता सत्यवीर जमीन बेच देगा। इसके चलते उन्होंने पिता सत्यवीर की हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत एक अप्रैल की रात को जब सत्यवीर शराब पीकर घर आया तो बड़े पुत्र इंद्रजीत ने खाने में नशीली गोलियां मिला दी। खाना खाकर सत्यवीर बेहोश हो गया। जिसके बाद पुत्र इंद्रजीत ने छोटे भाई जैकी के साथ दुपट्टे से उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। शव को बाइक से गांव में मंदिर के पास रजवाहे के किनारे खाली प्लॉट में फेंक दिया ताकि घटना को हादसे का रूप दिया जा सके। सत्यवीर हत्याकांड को मृतक के ही दोनों पुत्रों ने अंजाम दिया था। दोनों पुत्रों को आशंका थी कि शराब पीने और जुए की

## मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंदराबाद।** बाइक सवार बदमाशों के साथ पुलिस व स्वाट टीम के साथ मुठभेड़ हो गयी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायलावस्था में एक बदमाश को साथी सहित गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक बदमाश मौके से फरार हो गया। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुई। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस व स्वाट टीम औद्योगिक क्षेत्र में तिल मढईया के शिव मन्दिर के पास वाहन की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिये। जिनको रूकने का इशारा किया तो वह नहीं रुके। बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से मोड़कर निजामपुर की ओर भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करता देख बदमाशों द्वारा टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में बदमाश गुलमोहम्मद निवासी विजयनगर, गाज़ियाबाद गोली लगने से घायल हो गया। जिसको अन्य साथी इकलास निवासी विजयनगर सहित गिरफ्तार किया गया। एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताया कि बदमाश शातिर किस्म के लूटेरे हैं। जिनके द्वारा 16 दिन पहले खुर्जा रोड पर एक महिला के कानों से झपटा मारकर कुण्डल ले जाने की घटना की गयी थी।

## रायपुर में दादा मियां का 230 वां उर्स हुआ सम्पन्न

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को क्षेत्र के गांव रायपुर गांव में हजरत दादा मियां का 230 वां उर्स मुबारक का आखिरी कुल शरीफ के साथ समाप्त हुआ। इस मौके पर जायरीनों ने चादर पोशी कर शीरनी तकसीम की इस दौरान कुरान ख्वानी की गई लंगर तकसीम किया गया। इस मौके पर कारी याकूब रज़ा ने कहा कि माँ बाप की खिदमत करे लोगों से अच्छा सलुक करें तभी अल्लाह उनसे राजी होगा। गुरुवार को दरगाह पर दूरदराज से आये लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा दुरूदो सलाम का सिलसिला शुरू हो गया लोगों ने चादर पोशी कर दुवाएं मांगी कारी अब्दुल हसन ने हजरत दादा मियां के जीवन पर रोशनी डालते हुए कहा कि उन्होंने पूरी जिंदगी इबादत इलाही ओर लोगो की खिदमत में गुजारी।

## जिलाधिकारी श्रुति ने ली क्रॉप कटिंग की जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** गुरूवार को डीएम श्रुति ने दरियापुर में हो रही क्रॉप कटिंग जानकारी ली। सदर तहसील के गांव दरियापुर में किसान साद और जावेद के खेत में गेहूं की क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया गया। खसरा नंबर 496 में 43.3 वर्ग मीटर गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया गया। गुरुवार को डीएम श्रुति ने मौके पर जाकर क्रॉप कटिंग के लिए चिह्वित किए गए। खेत पर क्रॉप कटिंग और रकबे की जानकारी ली। गेहूं की फसल की औसतन उपज के बारे में अनुमान लगाये जाने के लिए क्रॉप कटिंग के लिए अपनायी जाने वाली विधि के बारे में भी जानकारी हासिल की। क्रॉप कटिंग के लिए चिन्हित किये गए रकबे से गेहूं का उत्पादन 18.110 किलोग्राम निकला। जिसके अनुसार प्रति हैक्टेयर गेहूं का उत्पादन 42 कुंतल प्रति

## अस्पतालों में बुखार-डायरिया के बढ़े मरीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले में बिगड़ रहे मौसम की गर्माहट ने बुखार समेत डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। निजी से लेकर सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। बुखार के जहां 200 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं तो डायरिया के भी 40 से अधिक मरीज आने लगे हैं। गुरुवार को अवकाश के चलते 11 बजे तक ही ओपीडी रही। ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखी गई। तीन घंटे में करीब 685 मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचे। मौसम में बदलाव का असर अब स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। बुखार से लोग तप रहे हैं। लोग के बुखार का मीटर 102 तक पहुंच रहा है। चार दिन से पहले बुखार नहीं उतर पा रहा है। वहीं डायरिया के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। जिला अस्पताल में मौसम की बीमारियों के मरीज सबसे अधिक पहुंच रहे हैं। शहर से लेकर देहात क्षेत्रों के अस्पतालों में भीड़ देखने को मिल रही है। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज उपाध्याय ने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव के चलते थोड़ी सी भी लापरवाही लोगों के लिए आफत बन रही है। ऐसे मौसम में दूषित फल, खाना और पानी के सेवन से बचना चाहिए। सीएमएस ने कहा कि सभी डॉक्टरों को ऐसे मरीजों का तत्काल इलाज करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पर्याप्त दवा उपलब्ध है। हम जो कुछ भी खाते हैं, वह डायरिया के लक्षणों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस समस्या के होने पर शरीर में पानी की कमी हो जाती है, इसलिए खुद को जितना हो सके हाइड्रेटेड रखें। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी और जूस का सेवन करें।

### गर्मी में स्वस्थ्य शरीर का रखें ध्यान

दस्त होने पर दलिया, केले, सफेद चावल, ब्रेड, उबले हुए आलू खा सकते हैं। खाने में चावल और मूंग दाल की पतली खिचड़ी दही के साथ खाएं। चाय, कॉफी, सोडा, चॉकलेट आदि के सेवन से बचें। डायरिया में जरा-सी लापरवाही खतरनाक साबित होती है। इसलिए बच्चे को अगर ऐसा कुछ होता है तो तुरंत नजदीकी अस्पताल या उसे अच्छे डॉक्टर के पास ले जाएं। जिससे समय से उपचार मिल सके।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**( सहैल मियॉ )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गुरुवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी सलीम उर्फ गुड्डू पुत्र नब्बन निवासी मिलक ताज खा को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ. नि.वीरेश कुमार शुक्ला,हे.का. कपिल कुमार, शशिकांत आदि मौजूद रहे।

## संस्कृति विवि में रिमोट सेंसिंग डाटा पर हुई महत्वपूर्ण वेबिनार




**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ इंजी. नियरिंग एंड इन्फोर्मेशन टेक्नोलाजी द्वारा रिमोट सेंसिंग डाटा पर दो दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार द्वारा प्रतिभागियों को मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग तकनीकों का उपयोग करके रिमोट सेंसिंग डेटा विश्लेषण और इसके अनुप्रयोगों की व्यापक समझ प्रदान की गई। विभिन्न सत्रों में कृषि और अन्य क्षेत्रों में बहु-स्तरीय रिमोट सेंसिंग डेटा के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि रिमोट सेंसिंग डेटासेट से मूल्यवान अंतर्दृष्टि निक. ालने के लिए उन्नत डेटा प्रोसेसिंग तकनीक कैसे प्रयोग की जाती है। वेबिनार में रिमोट सेंसिंग डेटा विश्लेषण को बेहतर बनाने में एआई-संचालित कार्यप्रणाली की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वेबनार में रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोगों और डेटा विश्लेषण तकनीकों में रुचि रखने वाले विशेषज्ञ, शोधकर्ता और छात्र एक मंच पर उपस्थित हुए। वेबिनार के पहले दिन एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा के डा. वरुण मिश्रा ने कृषि में मल्टी-स्केल रिमोट सेंसिंग डेटा के अनुप्रयोगों के बारे में एक व्यावहारिक सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे उपग्रह और यूएवी-आधारित रिमोट सेंसिंग तकनीकों का उपयोग सटीक कृषि, फसल निगरानी और मिट्टी की नमी के आकलन में किया जा रहा है। वेबिनार के दूसरे दिन यूनिवर्सिटी गुस्ताव एफिल, फ्रांस के डॉ. अमन अरोड़ा ने मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग मॉडल का उपयोग करके मल्टी-स्केल रिमोट सेंसिंग डेटा को प्रोसेस करने की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। सत्र में जटिल डेटासेट से सार्थक अंतर्दृष्टि निकालने के लिए विभिन्न तरीकों की खोज की। इस महत्वपूर्ण वेबिनार ने प्रतिभागियों को रिमोट सेंसिंग डेटा विश्लेषण और कृषि और उससे आगे के क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों में एक ठोस आधार प्रदान किया। उपस्थित लोगों ने मल्टी-स्केल रिमोट सेंसिंग डेटा को प्रोसेस करने के लिए मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग तकनीकों पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। सत्रों के द्वारा वास्तविक दुनिया की चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया और डेटा व्याख्या, वर्गीकरण और ऑब्जेक्ट डिटेक्शन के लिए एआई-संचालित समाधानों का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने रिमोट सेंसिंग तकनीकों का उपयोग करके निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को बढ़ाने के लिए नवीन तरीकों की भी खोज की। विशेषज्ञों के नेतृत्व वाली चर्चाओं ने पर्यावरण निगरानी और स्मार्ट कृषि में आगे के शोध, सहयोग और एआई-एकीकृत दृष्टिकोणों के विकास को प्रोत्साहित किया। वेबिनार के सफल समापन ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति

## कांग्रेस, सपा व बसपा छोड़कर रालोद में शामिल हुए दर्जनों




**मथुरा।** आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के दिशा निर्देश पर राधापुरम स्टेट स्थित पार्टी कार्यालय पर जिला एवं मथुरा वृंदावन महानगर की संयुक्त बैठक हुई। मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष बृजेश चाहर ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। और संगठन को बढ़ावा देने के लिए सभी विधानसभा अध्यक्षों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर रालोद मथुरा वृंदावन महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में कांग्रेस, बसपा, सपा छोड़कर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि राजनीति दृष्टि से देखा जाए तो चारों विधानसभाओं की अपेक्षा मथुरा वृंदावन बहुत कमजोर रहा है लेकिन वह समय अब समाप्त हो गया आज सभी वर्गों के लोग जिसमें ब्राह्मण, प्रजापति, जाटव, मुस्लिम, बघेल, चतुर्वेदी, वाल्मीकि, अग्रवाल, सैनी, के सभी समाज के लोगों ने मथुरा वृंदावन महानगर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होकर यह दिखाया कि आज का युवा आशा बल और कल का नेता है क्योंकि वह बड़े पैमाने में अपने समाज का चेहरा ही नहीं बल्कि अपने देश का चेहरा है। एकमात्र युवा ही है जो राष्ट्रीय लोकदल के लिए प्रगति के बीज बो सकते है। जिला अध्यक्ष राजपाल भरंगर ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पार्टी में शामिल हुए लोगों को भरोसा दिलाया कि जिला संगठन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस अवसर पर पार्टी में शामिल हुए सोहेल कुरेशी, नरेंद्र गोला, हरि सिंह गोला,अजय कुमार सैनी, जितेंद्र शर्मा, राहुल कुरैशी, संदीप सिंघल, बृजेश चौधरी, लकी चौधरी, आबाद खान, चांद कुरैशी, आनंद कुमार,मोहम्मद वसीम, राहुल कुरैशी,राजा, फरदिन खान, सलीम उस्मानी, विवेक वाल्मीकि, राहुल शर्मा, सोहेल, सुनील चतुर्वेदी,सुनील खंडेलवाल, मोहित अग्रवाल, इकबाल शाह, महेश वाल्मीकि,सूरजपाल जाटव,संदीप यादव, रवि वर्मा,करन चौधरी ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. यशपाल बघेल, एमएलसी योगेश नो. हवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनूप चौधरी, राजेंद्र सिकरवार, बाबूलाल प्रमुख,अमित गुर्जर, राम रस पोनिया, प्रीतम प्रधान, जयवीर चौधरी, बनेसिंह कुंतल, पार्षद विवेक पाराशर, मगल नरवार,जयवीर चौधरी आदि

## महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति ने कराया सामूहिक विवाह संपन्न




**मथुरा।** महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति मथुरा उत्तर प्रदेश द्वारा नेताजी मुकेश सैनी के संयोजन में 19 वा सामूहिक विवाह समारोह औरंगाबाद मथुरा में आयोजित किया गया।

सामूहिक विवाह समारोह में सर्वप्रथम महात्मा ज्योतिराव फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले जी के चित्र पर नवयुगल वर वधुओं ने पुष्प अर्पित कर दहेज रहित शादी कर एक उज्जवल परिवार एवं सुखी संपन्न समाज की स्थापना की दिशा में कदम रखा। सामूहिक विवाह समारोह में सैनी समाज एवं समिति के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर दूल्हा-दुल्हन को घरेलू उपयोग के सामान सहित आवश्यक वस्तुये उपलब्ध कराई बारात आगमन के दौरान स्थानीय लोगों ने बाराती का जलपान कराकर जगह जगह स्वागत सम्मान किया समारोह में मुख्य रुप से पधारें भगवत आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी ने दहेज रहित शादियों को वर्तमान नवनिर्मित समाज की स्थापना व आवश्यक कदम बताकर आशीर्वाद दिया स इस मौके पर भगवान सिंह सैनी राल वाले,दुलीचंद सैनी,पीतम सैनी, बलबीर सैनी, अमर चंद सैनी, लक्ष्मण सैनी, राजू सैनी,नत्थीलाल सैनी,एड बद्री प्रसाद सिंह, डॉ भानुप्रताप सिंह,कोमल सैनी,आकाश बाबू ,विवेक कुमार,बंटी सैनी, लुकेश कुमार राही,राजेश सैनी, डॉ राज. कुमार सैनी,ओम प्रकाश सैनी, साथियों ने मौजूद सभी अतिथियों का पगड़ी एवं पटका पहना कर स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साह वर्धन किया स कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था भगवान सिंह एवं दुली. चंद सैनी जी ने संयुक्त रुप से की। समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी ने सभी अतिथियों एवं सहयोगी गणों का आभार व्यक्त कर कहा कि समाज को सामाजिक कुरीति, दहेज रूपी दानव मंहगाई से मुक्ति सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के द्वारा ही मुक्ति दिलाई जा सकती है।

## पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पेड़ों पर टांगे जल पात्र



**मथुरा।** आज भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकर्ता पदाधिकारीयों ने भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी की छोटी बहन स्व. श्रीमती अनीता चतुर्वेदी की स्मृति में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मथुरा महानगर के भगत सिंह पार्क में पेड़ों पर जल पात्र टांगे। इनमें प्रतिदिन पानी भरने का संकल्प लिया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण भास्कर एडवोकेट, राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, शिक्षक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण फौजदार, किसान नेता प्रयागनाथ चतुर्वेदी, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, प्रदेश महासचिव करन पाठक ने संयुक्त रूप से कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए यूनियन के तत्वावधान में 4 साल से यह अभियान चल रहा है। पूरे मथुरा शहर के हर पेड़ पर जल पात्र टांगे जा रहे हैं। उनमें प्रतिदिन पानी भरा जाता है दाना भी डाला जाता है। जल पात्र टागने का अभियान एक माह तक चलेगा। इस मौके पर राहुल दुष्यंत एडवोकेट, जिला महासचिव विनोद चौधरी, महानगर महासचिव रंजन भाटिया, महानगर महासचिव बाबा रामनाथ सिंह, अनूप मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## ओलंपिक क्रिकेट में पुरुष और महिला वर्ग में 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी

**दुबई, वार्ता।** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में शामिल की गई क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की छह -छह टीमें हिस्सा लेंगी। जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में होने वाले क्रिकेट मुकाबलों के लिए प्रत्येक श्रेणी के लिए कुल 90 एथलीट का कोटा निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीम में 15 सदस्यी होंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुझाव दिया था कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में शामिल होने वाली छह टीमों का चयन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग की एक कट-ऑफ तारीख के आधार पर किया जाए। हालांकि अभी तक इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन इस वर्ष इसके तय होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर अमेरिका मेजबान देश होने के नाते सीधे क्वालीफाई करता है, तो क्वालिफाई के लिए उपलब्ध स्लॉट की संख्या कम हो जाएगी। इसके अलावा यह सवाल भी बना हुआ है कि वेस्टइंडीज की ओर से कौन प्रतिनिधित्व करेगा, क्योंकि कैरेबियाई द्वीप ओलंपिक खेलों (और राष्ट्रमंडल खेलों में भी) अलग-अलग देशों के रूप में भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में वापसी को अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों द्वारा स्वीकृति दी गई थी। इससे पहले वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था।

### ओलंपिक अपडेट

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक-2028 में होंगी 351 स्पर्धाएं

**जिनेवा, वार्ता, वार्ता।** लॉस एंजिलस ओलंपिक 2028 में 351 पदक स्पर्धाएं आयोजित की जायेगी। जोकि पिछले पेरिस ओलंपिक की तुलना में 22 अधिक हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने बुधवार को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए कार्यक्रम और एथलीट कोटा को मंजूरी दे दी है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट के अलावा चार अन्भ्य खेलों स्क्वैश, फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल और लैक्रोस भी शामिल हैं। आईओसी ने कहा कि सभी टीम खेलों में महिला और पुरुषों की टीमों के बराबर होंगी, जो कि ओलंपिक इतिहास में पहली बार है। आईओसी ने कहा कि एथलीट कोटा और स्पर्धाओं की संख्या तय करते समय लैंगिक समानता को ध्यान में रखा गया। प्रारंभिक खेल कार्यक्रम में, महिला एथलीटों की संख्या 5,333 और पुरुष एथलीटों की संख्या 5,167 है। इस ओलंपिक में तीरंदाजी, एथलेटिक्स (4 गुणा100 मीटर मिश्रित रिले), गोल्फ, जिम्नास्टिक, नौकायन तटीय समुद्र तट स्प्रिंट और टेबल टेनिस में मिश्रित स्पर्धाओं का भी किया गया है। तैराकी में, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई और ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धाओं में पुरुष और महिला दोनों ही स्पर्धाएँ होंगी। नौकायन में, महिला एकल (सीडब्ल्यू1एक्स), पुरुष एकल (सीएम1एक्स) और मिश्रित युगल स्कल्स (सीएक्स2एक्स) तटीय समुद्र तट स्प्रिंट में अपनी शुरुआत करेंगे। बास्केटबॉल 3गुणा 3 में, भाग लेने वाली टीमों को प्रत्येक वर्ग में आठ से बढ़ाकर 12 टीमें कर दिया गया है।

## ओलंपिक के लिए वजन घटाएंगी लवलीना



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलंपिक में भारत को मुक्केबाजी में पदक दिलाने वाली भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन भी अब अपने भारवर्ग में बदलाव करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने अपना वजन वर्ग घटाने का सोचा है। वह 75 किग्रा भार वर्ग की जगह 70 किग्रा वर्ग में जाने पर विचार कर रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लास एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी भारवर्ग में बदलाव कर अपने नियमित वजन से कम वजन वाले भारवर्ग में हिस्सा लिया था। बाद में उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा पाया गया था और उन्हें फाइनल में पहुंचने के बावजूद पदक से हाथ धोना पड़ा था। उन्होंने फाइनल वाले दिन वजन घटाने की काफी कोशिश की थी, लेकिन नहीं घटा सकी थीं। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की। नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। इस फैसले से खुद लवलीना भी हैरान हैं। उन्होंने मीड़िया से बात करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा। उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस घटनाक्रम से हैरान दिखीं। उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकरअंतिम फैसला किया

### संक्षिप्त खेल समाचार

## धीमी ओवर गति के लिए संजू पर लगा 24 लाख का जुर्माना

**अहमदाबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को खेले गये मैच में धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

आरआर पर आईपीएल के इस सत्र में यह दूसरी बार धीमी ओवर गति के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत किसी कप्तान पर दूसरी बार ओवर-रेट का नियम तोड़ने पर 24 लाख का जुर्माना लगाया जाता है। इस सत्र से तीसरी गलती पर कप्तान को निलंबित नहीं किया जाएगा, केवल आर्थिक दंड तक ही सीमित रखा गया है। इस नियम के अनुसार मैच में खेलने वाले सभी ग्यारह खिलाड़ियों के अलावा इंपैक्ट प्लेयर भी शामिल है। इन को या तो छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना अदा करना होगा।

## स्कॉटलैंड की टीम ने विंडीज को 11 रन से हराया

**लाहौर, वार्ता।** वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज (चार विकेट/नाबाद 114) के हरफनमौला प्रदर्शन गया बेकार, स्कॉटलैंड ने आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 रनों से हराया। 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में कियाना जोसेफ (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जैदा जेम्स ने हेली मैथ्यूज के साथ दूसरे विकेट लिए 113 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में क्लो एबेल ने जैदा जेम्स (45) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकी और तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटती रही। हालांकि इस दौरान कप्तान मैथ्यूज ने एक छोर को संभाले रखा और तेजी के साथ रन बनाते हुए अपना शतक पूरा किया। मैथ्यूज ने 113 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (नाबाद 114) रनों की पारी खेली। स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम 46-2 ओवर में 233 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। स्कॉटलैंड की सारा ब्राइस (55)और मेगन मैककॉल (45) की जूझारू पारियों के बाद कैथरीन फेजर (तीन विकेट), क्लो एबेल और अब्ताहा मकसूद (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर स्कॉटलैंड ने महिला विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में उलटफेर करते हुए वेस्टइंडीज को शिकस्त दी। इससे पहले आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज आलिया एलेने, करिश्मा रामहरैक ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड को 45 ओवर में 244 के स्कोर पर रोक दिया था।

## 13 अप्रैल को आईपीएल में धूम मचाने को तैयार है किंग



**■ किंग ने आईपीएल 2023 के समापन समारोह में निभाई थी भूमिका**

**मुंबई, वार्ता।** जानेमाने रैपर-गायक किंग, 13 अप्रैल को इंड़ियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धूम माचने को तैयार है।

किंग, 13 अप्रैल को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेड़ियम में संगीत की मस्ती से सराबोर होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपने खास स्वैग और प्रशंसकों के साथ, किंग राजधानी में एक हिट-लोडेड सेट के साथ आग लगा देंगे, जो हर किसी के दिल की धड़कन बढ़ा देगा। दिल टूटने वाले एंथम तू आके देख ले से लेकर वायरल सनसनी मान मेरी जान तक, दिल्ली की भीड़ को भावनात्मक रोलरकोस्टर पर ले जाया जाएगा। हालांकि, यह लीग के साथ किंग की पहली पारी नहीं होगी। इस अग्रणी कलाकार ने पहले भी आईपीएल 2023 के समापन समारोह में मुख्य भूमिका निभाई थी और इस बार वह इस बार और भी ऊंचा कदम उठाने के लिए तैयार हैं। किंग ने कहा कि आईपीएल समारोह में प्रदर्शन करना, खास तौर पर मेरे गृह नगर दिल्ली में, मेरे करियर की एक उपलब्धि से कहीं बढ़कर है। यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण है। मैं इस देश के हर दूसरे बच्चे की तरह क्रिकेट देखते हुए बड़ा हुआ हूँ, अपनी पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करता हूँ। अब अरुण जेटली स्टेड़ियम में हज़ारों लोगों के सामने गाना और भीड़ की गर्जना सुनना। यह अवास्तविक लगेगा। संगीत और क्रिकेट दो ऐसी चीज़ें हैं जो इस देश को सबसे शक्तिशाली तरीके से जोड़ती हैं। यह शाम उस ऊर्जा और भावना को लाने और इसे अविस्मरणीय बनाने के बारे में होगी। आईपीएल भारत के पसंदीदा खेल का उत्सव है, और मुझे इसका हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है।

## अलवर में हुई डिजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत

**अलवर, वार्ता।** राजस्थान के अलवर में उभरते क्रिकेटरों और कोचों को उच्चतम प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ई-एथलीड कंपनी ने गुरुवार को ड़िजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत की।

यह विशेषज्ञ-निर्देशित ट्यूटोरियल श्रृंखला, विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप विकसित की गयी है। इस कार्यक्रम का अलवर के ह्वआपणो मैरिज होमह में यह आधिकारिक शुभारंभ हुआ। इसे कोलकाता और जयपुर में पहले ही शुरु किया जा चुका है। आज यहां इस अवसर पर पाटिल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एनसीए-आधारित कोचिंग कंटेंट को अधिक से अधिक कोचों तक पहुँचाने के साथ ही युवाओं को उच्च-स्तरीय क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि व्यापक श्रृंखला कुल 23 एपिसोड्स की है, जिसमें बल्लेबाजी पर आधारित 10 एपिसोड शामिल हैं। विकेटकीपिंग के लिए चार एपिसोड राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोच दिनेश नानावटी द्वारा संचालित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, गेंदबाजी और फील्डिंग पर 4 एपिसोड पूर्व क्रिकेटर और कोच गौतम शोम द्वारा निर्देशित किए गए हैं। समग्र प्रशिक्षण अनुभव देने के लिए 2 एपिसोड शारीरिक फिटनेस पर केंद्रित हैं, जिन्हें फिटनेस वैज्ञानिक राहुल पटवर्धन ने तैयार किया है। पाटिल ने देश में संरचित क्रिकेट कोचिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, एक जुनून है। फिर भी कोचिंग क्षेत्र काफी असंगठित है। बहुत कम प्रतिशत कोच ही प्रमाणित होते हैं। एनसीए हर साल सीमित संख्या में कोचिंग प्रोग्राम आयोजित करता है, जिसमें प्रत्येक राज्य से केवल कुछ ही कोचों को शामिल किया जाता है।

## बांग्लादेश की महिला टीम ने थाइलैंड को रौंदा



**● कप्तान निगार सुल्ताना ने 101 और शर्मिन ने नाबाद 94 रनों की पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** कप्तान निगार सुल्ताना (101) और शर्मिन अख्तर (नाबाद 94) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ( पांच-पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्लीफायर मुकाबले में थाईलैंड को 178 रनों से हरा दिया हैं। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड के बल्लेबाज बांग्लादेश जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून के गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर सके और उनकी पूरी टीम 28-5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। थाईलैंड के लिए चानिदा सुथिरुआंग ने सर्वाधिक 22 रनों की पारी खेली। नटया बूचथम (17) और नारुएमोल चाइवाई (15) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश की ओर से जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ने पांच-पांच विकेट लिए। इससे पहले आज यहां थाईलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर इश्मा तंजीम (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी शर्मिन अख्तर ने फरगाना हॉक के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। 28वें ओवर में ओनिचा कामचोम्फु ने फरगाना हॉक (53) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान निगार सुल्ताना ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने शर्मिन अख्तर के साथ तीसरे विकेट के लिए 152 रन जोड़े। शर्मिन अख्तर ने 126 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (नाबाद 94) रन बनाये। वहीं निगार सुल्ताना ने 80 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का लगाते हुए (101) की पारी खेली। वह 50वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुई। बांग्लादेश ने निर्धारित 50 ओवरों में तीन विकेट पर 271 रन का स्कोर खड़ा किया। थाईलैंड की ओर से ओन्निचा कामचोम्फु, फन्निता माया, थिपत्चा पुथवोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## चंडीगढ़, तेलंगाना दिल्ली, केरल व पंजाब ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज की

**झांसी, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंड़िया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के छठे दिन चंडीगढ़, तेलंगाना , दिल्ली और केरल ने ड़िवीजन बी में अपने-अपने मैच जीते। वहीं ड़िवीजन ए में पंजाब ने ओड़िशा को हराया। दिन के शुरुआती मैच में चंडीगढ़ ने ड़िवीजन बी के पूल ए में उत्तराखंड को 9-0 के शानदार स्कोर से हराया। चंड़ीगढ़ के लिए अमनदीप ने (22वें, 32वें) और गुरमुख सिंह ने (30वें, 36वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि अंकुश ने (13वें), इंद्रपाल सिंह ने (24वें), सुनील ने (35वें), दीपक ने (37वें) और मोहित ने (41वें) मिनट में गोल किए। इसी पूल में तेलंगाना ने आंध्र प्रदेश को 8-2 से हराया। तेलंगाना के लिए अयप्पा पी आर ने (छठे, 20वें, 31वें, 52वें) मिनट में गोल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## बेंगलुरु ने दिल्ली को 164 रन का लक्ष्य दिया

**● टिम डेविड ने 37 रन बनाए, कुलदीप और विपराज को 2-2 विकेट**

टिम डेविड ने 37 रन बनाए( कुलदीप और विपराज को 2-2 विकेट-

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल के 24वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को 164 रन का टारगेट दिया है। गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने बालिंग चुनी। बेंगलुरु ने 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। दिल्ली से कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए।

दिल्ली ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 1 रन बना लिया है। टीम से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क पिच पर हैं। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। आरसीबी से टिम डेविड और फिल साल्ट ने 37-37 रन बनाए। विराट कोहली ने 22 और कप्तान रजत पाटीदार ने 25 रन बनाए। दिल्ली से मोहित शर्मा और मुकेश कुमार को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट भी हुआ। दिल्ली से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क ओपनिंग करने उतरे। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। ओवर से 1 रन बना। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। टीम से टिम डेविड और फिल साल्ट ने 37-37 रन की पारियां खेलीं। कप्तान रजत पाटीदार ने 25 और विराट कोहली ने 22 रन बनाए। दिल्ली से विपराज निगम और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए।

आरसीबी ने 20वें ओवर में अपने 150 रन पूरे किए। टिम डेविड ने ओवर की पहली बाल पर छक्का लगाया और टीम को 150 के पार पहुंचाया। आरसीबी ने 18वें ओवर में 7वां विकेट गंवा दिया। विपराज निगम ने क्रुणाल पंड्या को कैच कराया। क्रुणाल 18 ही रन बना सके। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार 23 गेंदों में 25 रन बनाने के बाद आउट हो गए। उन्हें कुलदीप यादव ने 15वें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर की दूसरी बाल पर जितेश शर्मा का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच कराया। जितेश ने 11 गेंद पर 3 रन बनाए। आरसीबी ने 12वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। कप्तान रजत पाटीदार ने मोहित शर्मा के खिलाफ चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी कराई। आरसीबी ने 10वें ओवर में चौथा विकेट गंवाया। मोहित शर्मा ने ओवर की तीसरी गेंद पर लियम लिविंगस्टन को कैच कराया। लिविंगस्टन 4 ही रन बना सके। आरसीबी ने 7वें ओवर में विराट कोहली का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें लेग स्पिनर विपराज निगम ने लान्ग आफ पर मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। कोहली ने 22 रन बनाए। छठे ओवर की चौथी बाल पर बेंगलुरु ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। मुकेश कुमार ने देवदत्त पडिक्कल को मिड आन पर कैच कराया। पडिक्कल 1 ही रन बना सके। चौथे ओवर में आरसीबी के ओपनर फिल साल्ट रनआउट हो गए। अक्षर पटेल के ओवर की पांचवीं गेंद पर वे सिंगल लेने गए, लेकिन रनआउट हो गए। साल्ट ने 17 गेंद पर 37 रन बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

## क्रिकेट में काफी बदलाव आया है जो सही नहीं है: संदीप पाटिल



**■ टेस्ट क्रिकेट को जिंदा रखने के लिए आईसीसी से किया आग्रह:संदीप पाटिल**

**अलवर, वार्ता।** वर्ष 1983 में विश्व कप विजेता रही भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के डायरेक्टर रहे संदीप पाटिल ने कहा है कि वर्तमान में क्रिकेट में काफी बदलाव आया है जो कि इसके लिए सही नहीं है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर पाटिल ने गुरूवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले 10 वर्षो में क्रिकेट में काफी बदलाव आया है अब स्थिति यह है कि बेसिक सिखने की जरूरत है। उन्होंने आईपीएल, 20- 20 मैच पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब हालात यह है कि एक-एक दिन में दो-दो मैच हो जाते हैं। तीन घंटे में परिणाम सामने आ जाता है लेकिन जो मूल क्रिकेट है, टेस्ट मैच पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से आग्रह किया कि टेस्ट क्रिकेट को लजदा रखा जाए। उन्होंने कहा कि बैट और बल्ले के अलावा पूरी क्रिकेट में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट का यह बदलाव खिलाड़ियों से बेसिक क्रिकेटर को कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीए द्वारा छोटे-छोटे शहरों से अवेयरनेस कार्यक्रम चला कर क्रिकेट के खिलाड़ी सामने ले जा रहे हैं। कई बड़े खिलाड़ी अब छोटे-छोटे कस्बों से गांव से भी निकल कर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में राजनीति भी होती है लेकिन राजनीति अपनी जगह है। उन्होंने कहा कि मेरा मूल उद्देश्य है कि क्रिकेट में किसी भी खिलाड़ी के साथ अन्याय नहीं हो। उन्होंने कहा कि एनसीए के बड़े-बड़े कोच हमारे प्रोग्राम से जुड़े हुए हैं और छोटे शहरों में यह दिक्कत आती है कि जहां कोचिंग दी जाती है। उन्होंने कहा कि अलवर एक ऐसी जगह है जो दिल्ली और जयपुर की कनेक्टिविटी के बीच है, जयपुर में तो निश्चित रूप से क्रिकेट काफी खेला जाता है। हमारा प्रयास है कि अलवर में भी अकादमी शुरू करें और यहां से छोटे-छोटे बच्चे क्रिकेट खेले और जिसे शहरों और कस्बों का नाम हो।

# संघीय सिद्धांतों का रेखांकन

मीडिया मानता है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने के तरीके को वास्तव में बदल दिया है। यह हस्तक्षेप ऐसे समय में हुआ है, जब राज्यपालों और गैर-भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गए हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के आचरण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला केंद्र-राज्य संबंधों पर दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। मीडिया में सुर्खियों में छाया हुआ है यह मामला। यह फैसला देते हुए शीर्ष अदालत ने भारत के संघीय सिद्धांतों को रेखांकित किया, वह भी एक ऐसे दौर में जो यकीनन चिंताजनक है। यह निर्णय राज्यों की प्रशासनिक स्वायत्तता में वृद्धि करता है, और संवैधानिक पदों के कामकाज का विनियमन करता है, जिसका असर पूरे देश के लिए होगा। राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों के साथ रवि के सलूक से संबंधित इस मामले में, खासकर राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों (जहां राज्यपाल कुलाधिपति का काम करते हैं) में कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति जैसे मुद्दों को लेकर। यह कोई संयोग नहीं है कि इस मामले के केंद्र में जो विधेयक थे, वे कुल. पतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल की जगह राज्य सरकार को देना चाहते थे। राज्य विधानसभा द्वारा इन विधेयकों को दोबारा अंगीकार किए जाने के बाद रवि ने इन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अग्रसारित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माना जाता है कि इन विधेयकों को मंजूरी मिल गई है। उसने विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने की राज्यपाल की कार्रवाई का जिक्र नेकनीयत नहीं के रूप में किया, और उनके आचरण को ह्मनमाना, कानून में नामौजूद व त्रुटिपूर्ण करार दिया, यह भाषा राज्यपाल कार्यालय के कामकाज के मूल्यांकन जैसी थी। सामान्य हालात में, ऐसी कड़ी फटकार का नतीजा उस व्यक्ति के इस्तीफे के रूप में सामने आता, जिसका आचरण समीक्षाधीन था, यानी आरएन रवि, लेकिन ये सामान्य हालात नहीं हैं और रवि यकीनन वही राजनीतिक पक्षपाती भूमिका निभा रहे हैं, जो उन्हें केंद्र में बैठी सरकार ने सौंपी है। और केंद्र सरकार की अगुवाई करने वाली भाजपा तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके को दुश्मन की तरह नापसंद करती है। अड़चन ही रणनीति है। इस फैसले का महत्व एक राज्यपाल विशेष की निंदा से परे जाता है। यह विधेयकों पर राज्यपालों के कार्रवाई करने के लिए निश्चित समयसीमा तय करता है। यह सुनिश्चित करता है कि राज्यपाल अब समीक्षा के बहाने कानून-निर्माण में बेमियादी देरी नहीं कर सकेंगे या मनमौजी ढंग से या दंड से बेपरवाह होकर काम नहीं कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने एक संवैधानिक सिद्धांत की तस्दीक की है जिसे अक्सर कमजोर किया जाता रहा हैरू जो यह है कि राजभवनों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। अब कानून लागू हो जाने के बाद, तमिलनाडु सरकार के पास कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार है और उसे 12 विश्व. विद्यालयों में इन रिक्तियों को भरने के लिए तेजी से काम करना चाहिए। अतीत में भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए, ए नियुक्तियां मेधा, ईमानदारी, और क्षमता के आधार पर की जानी चाहिए। यह फैसला सिर्फ कानूनी मील का पत्थर नहीं है।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने का श्रेय कांग्रेस को



**मुंबई** आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, लेकिन सच यह है कि उसे भारत लाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की मेहनत आज रंग लाई है, लेकिन पूरी कहानी यह है कि मोदी सरकार इस घटनाक्रम का श्रेय लेने के लिए होड़ में लगी है, जबकि सच्चाई उनके दावों से कोसों दूर है, प्रत्यर्पण डेढ़ दशक की कठिन, परिश्रमी और रणनीतिक कूटनीति का परिणाम है, जिसकी शुरुआत, अगुवाई और निरंतरता संप्रग सरकार ने अमेरिका के साथ समन्वय द्वारा सुनिश्चित की थी, मोदी सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है, इस प्रक्रिया की शुरुआत हमने की थी, इसका यह भी तात्पर्य हुआ कांग्रेस की सरकार की गंभीर प्रयास और ईमानदार कोशिश से सबसे खतरनाक अपराधी को भी कानून की कठघरे में खड़ा किया जा सका है।

**पी. चिदंबरम**
**पूर्व केंद्रीय मंत्री**

# स्लीपर सेल मुक्त हो पाएगी कांग्रेस!

**मुमकिन है स्लीपर सेल अन्य राजनीतिक दलों में भी सक्रीय हों लेकिन उन पर यह असर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि या तो वे सांगठनिक रूप से बहुत मजबूत हैं या फिर ऐसे भी हैं जो ये मानकर चलते हैं कि ऐसा तो चलता रहता है। लेकिन कांग्रेस की मुसीबत यह है कि वह पिछले कई सालों से स्लीपर सेल को ढो रही है।**





**यशोदा श्रीवास्तव**

अहमदाबाद में संपन्न कांग्रेस वर्किंग कमेटी के दो दिवसीय सम्मेलन में यूं तो कई प्रस्ताव पारित हुए और तमाम विषयों पर चर्चा हुई लेकिन एक जो बड़ी चर्चा हुई वह है पार्टी के भीतर स्लीपर सेल। इस विषय पर बोलने की शुरूआत राजस्थान की एक पूर्व आदिवासी महिला विधायक ने की तो कानपुर के सांसद प्रत्याशी रहे आलोक शर्मा ने खुलकर इसकी पोस्टमार्टम कर दी। अच्छी बात यह है कि कांग्रेस नेतृत्व ने इसे अच्छा माना और पार्टी अध्यक्ष खड़गे से लेकर सोनिया और राहुल गांधी ने इसका समर्थन करते हुए तालियां भी बजाई।

मुमकिन है स्लीपर सेल अन्य राजनीतिक दलों में भी सक्रीय हों लेकिन उन पर यह असर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि या तो वे सांगठनिक रूप से बहुत मजबूत हैं या फिर ऐसे भी हैं जो ये मानकर चलते हैं कि ऐसा तो चलता रहता है। लेकिन कांग्रेस की मुस. ीबत यह है कि वह पिछले कई सालों से स्लीपर सेल को ढो रही है। ठीक है कांग्रेस को दिल्ली की कुर्सी पा लेना आसान नहीं है और अभी वह देश में इक्का दुक्का प्रदेश में ही सरकार में है लेकिन इसके पीछे कुछ प्रतिशत ही सही पार्टी के भीतर जगह बना लिए स्लीपर सेल की भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के उक्त सम्मेलन में कुछ हारे हुए प्रत्याशियों ने इशारों में ही सही अपनी हार के पीछे स्लीपर सेल की भूमिका का जिक्र किया है।

अच्छी बात यह है कि राहुल गांधी पार्टी के भीतर के ऐसे आस्तीन के सांपों को पहचान गए। यही वजह है कि वे अपने हर मीटिंगों में स्लीपर सेल का जिक्र करते हुए खुला कहते हैं कि ऐसे लोग पार्टी से बाहर जा सकते हैं। अहमदाबाद के सम्मेलन में राष्ट्रिय अध्यक्ष खड़गे ने भी कहा जो काम नहीं कर रहे वे चले जाएं या जो थक गए हैं वे रिटायरमेंट ले लें। राहुल गांधी और खड़गे के इस तरह खुला चेतावनी के बाद अभी तक पार्टी से किसी आस्तीन के सांप के बाहर आने की सूचना नहीं है लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि पार्टी इससे से मुक्त है। कानपुर के सांसद प्रत्याशी रहे आलोक शर्मा जब कह रहे थे कि पार्टी संगठन का यह हाल है कि पदाधिकारी का चयन ऐसे परिवार के सदस्यों में से करते हैं जिसका सदस्य कांग्रेस में है,कोई भाजपा में और कोई सपा में है। जाहिर है वे बता रहे थे कि यही स्लीपर सेल है। अभी हाल ही पार्टी ने जिलों में जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है और इन नवनियुक्त जिलाध्यक्षों से राहुल गांधी ने मुलाकात भी की है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ती पर ध्यान दें तो यूपी में ही ढेर सारे जिलाध्यक्षों का मनोनयन शीर्ष नेताओं की सिफारिश पर हुआ जान पड़ रहा है जिनकी जमीनी भूमिका शून्य ही रहेगी। कुछ तो ऐसे भी हैं जो कुछ माह पहले ही भाजपा से आए और जिलाध्यक्ष बन गए। यूपी में जिलाध्यक्षों के बेतरतीब मनोनयन के पीछे एक कारण यह समझ में आ रहा है कि यहां तमाम जिलों में कांग्रेस के ढंग के नेता ही नहीं है जिनसे राय ली जाय और जो हैं वे बड़े सलीके से स्लीपर सेल की भूमिका निभा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यूपी में 17 सीट पर ही लड़ी थी क्योंकि यहां सपा से उसका गठबंधन था। इस चुनाव में जहां कांग्रेस लड़ी वहां कांग्रेस के एक से एक पुराने नेता स्लीपर सेल की भूमिका में दिखाई दिए जो घूम तो रहे थे पार्टी प्रत्याशी द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों में लेकिन वोट भाजपा के लिए मांग रहे थे। यूपी में कम से कम पांच सीटों पर कांग्रेस की हार में पार्टी के स्लीपर सेल की खतरनाक भूमिका रही है। इनमें महराजगंज, देवरिया, बासगांव, अमरोहा और कानपुर का नाम लिया जा सकता है। इनमें एकाध जगह तो पूरी की पूरी जिला इकाई ही स्लीपर सेल की भूमिका में थीं। मानना पड़ेगा कांग्रेस भी बहुत मजबूत कंधे वाली पार्टी है।

लोकसभा चुनाव में एक संसदीय सीट से कांग्रेस का एक सीनीयर नेता टिकट के लिए इसलिए आवेदन नहीं किया क्योंकि उसी के जाति वाले नेता को भाजपा उम्मीदवार बना रही थी। बाद में यह सीट सपा के खाते में चली गई थी जहां कांग्रेस के भितरघात के चलते सपा उम्मीदवार को मामूली वोटों से हार जाना पड़ा था। आखिर यही तो स्लीपर सेल है। खैर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने देर से ही सही यदि अपने भीतर सक्रीय स्लीपर सेल को पहचान लिया तो यह अच्छी बात है लेकिन उसे इसकी छानबीन जिला स्तर से करनी होगी। आने वाले कुछ महीनों में नौ प्रदेशों के विधानसभा चुनाव होने हैं। स्लीपर सेल की पहचान के बीच प्रदेशों के ये चुनाव पार्टी के लिए बहुत अहम है। इसी चुनाव में यह भी देखना है कि पार्टी ने अहमदाबाद सम्मेलन में तय किए गए अपनी रणनीति पर कितना अमल कर पाती है। इन चुनावी प्रदेशो में कांग्रेस का संगठन भी एक चुनौती है, क्योंकि पार्टी ने यह भी तय किया है कि प्रत्याशियों के चयन में जिलाध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

# क्योंकि वह अकबर नगर था....

**हमने राजनैतिक और सामाजिक रूप से जिस तरह का समाज निर्माण किया है, उसके अनुसार 'नियम' नाम, भाषा, जाति व धर्म के हिसाब से शेयर मार्केट की तरह उतरते-चढ़ते हैं। कुकरैल का लगभग एक किलोमीटर किलोमीटर लंबा इलाका अकबर नगर नाम के कारण मर गया, लेकिन शेष इलाका बच गया क्योंकि नाम में बहुत कुछ रखा है। गोमती नदी की 27 सहायक नदियों में से एक प्रमुख नदी है कुकरैल.. सौभाग्यवश ये नदी आज भी जिंदा है... हां! नाले के रूप में ही सही। हम लोग अपने बचपन में इस नदी में अक्सर नहाने आते थे...नदी के दोनों ओर बबूल, जंगली बेर, अमरुद, अर्रो, नीम...के तमाम दरख्त हुआ करते थे।**






**पवन सिंह**

**नाम** में क्या रखा है.. दरअसल जो रखा है नाम में ही रखा है..अगर नाम अकबर नगर नहीं होता तो अकबर नगर भी आज पंत नगर होता..!!! जो लोग 'नाम से नियम' और 'नाम से नदी क्षेत्र के नियम' देख रहे थे वे केवल तीन किलोमीटर की लंबाई-चौड़ाई तक दिखे और उसके बाद सब धुंधले हो गए..!! हमने राजनैतिक और सामाजिक रूप से जिस तरह का समाज निर्माण किया है, उसके अनुसार 'नियम' नाम, भाषा, जाति व धर्म के हिसाब से शेयर मार्केट की तरह उतरते-चढ़ते हैं। कुकरैल का लगभग एक किलोमीटर किलोमीटर लंबा इलाका अकबर नगर नाम के कारण मर गया, लेकिन शेष इलाका बच गया क्योंकि नाम में बहुत कुछ रखा है।

गोमती नदी की 27 सहायक नदियों में से एक प्रमुख नदी है कुकरैल.. सौभाग्यवश ये नदी आज भी जिंदा है... हां! नाले के रूप में ही सही। हम लोग अपने बचपन में इस नदी में अक्सर नहाने आते थे...नदी के दोनों ओर बबूल, जंगली बेर, अमरूद, अर्रो, नीम...के तमाम दरख्त हुआ करते थे जो कुकरैल नदी के दोनों मुहानों के साथ-साथ चलते थे। इस नदी में तमाम लोग कुत्ता काटने के बाद नहाने आते थे ...उनके लिए यह नदी ही रैबीज का टीका थी। कुकरैल नदी का उद्गम स्थल बीकेटी के पास स्थित दसौली गांव बताया जाता है। यह 28 किलोमीटर लंबी नदी है जो धीरे-धीरे अन्य नदियों की तरह मरती चली गई।

शहरीकरण हुआ और तमाम नाले कुकरैल में जोड़ दिए गए...। सीवर टैंकरों ने घरों का सीवेज खींच कर नदी में डालना आरंभ कर दिया और नतीजा यह हुआ कि एक और नदी की मौत हो गई। वर्ष, 2021 में इस नदी को पुनर्जीवित करने की योजना बनी। गोमती और कुकरैल में मिलने वाले नालों का रास्ता अलग करने पर काम आरंभ हुआ और योजना बनी कि कुकरैल रिवर फ्रंट की। इस योजना के फ्रंट पर अकबर साहेब आए और नवीन न्याय योजना ष्बुल्डोजर न्यायष का शिकार बने। अकबर साहेब निपट गए लेकिन नंबर आगे भी लगना था लेकिन आगे की कालोनियों को अभयदान मिला।नदियों की अपनी एक खुद की जल प्रणाली होती है। नदियां चौनलयुक्त जलमार्गों से होकर बहती हैं और बड़ी नदियों/ संगम में मिलकर जल निकासी बेसिन बनाती हैं...पूरे नदी जलमार्गों को अनधिकृत निर्माणों ने तहस-नहस कर दिया है। कुकरैल नदी के मध्य से नपाई कर नियमतरू नदी के दोनों ओर 100-100 मीटर का दायरा दरअसल नदी का अपना इलाका होता है, जिस पर फैजाबाद रोड़ से लेकर सीतापुर रोड़ खुर्रम नगर और उसके आगे पंतनगर तक के इलाकों को नदी के डूब क्षेत्र में कालो. नियां और कामर्शियल डेवलपमेंट कर दिया गया है। अकबर नगर तो इसी नियम और उसके अलावा तमाम शहरी नियम-कानून के तहत उड़ा दिया गया लेकिन उसके बाद पूरा अभियान 'सूंसां' हो गया...नदी के दोनों ओर बने तटबंधों से सटकर लोगों ने होटल, गेस्ट हाउस, नर्सिंग होम्स, स्कूल...बनाकर कामर्शियल खेल शुरू कर दिया जबकि यह सर्विस लेन का क्षेत्र है। चूंकि धंधेबाजों में अनेक सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हैं तो सर्विस लेन बने तो बने कैसे? खुर्रम नगर से आगे बढ़िए तो नदी के मुंह तक में घुसकर लोगों ने मकान बना डाले हैं लेकिन जैसा कि मैंने लिखा कि वो अकबर नगर था इसलिए हटा...शेष के नाम अकबर टाइप्स नहीं हैं इसलिए नहीं हटे। एक जगह नदी के बहाव के नियम चस्पा हुए वहीं दूसरी ओर यही नियम बह गए। कुकरैल नदी का पुनर्जीवित होना जरूरी है..! यह नदी भू-गर्भ जलीय श्रोत का साधन है। जब लखनऊ में भूमिगत जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा हो ऐसी स्थिति में एक नदी को जीवित करना किसी तपस्या से कम नहीं है लेकिन नियम जो एक जगह फालो हुआ है वह दूसरी जगह न लागू हो सके, यह न तो न्याय का तकाजा है न ही नदी के साथ न्याय है। एक कुकरैल ही नहीं सरकार को घाघरा नदी के डूब क्षेत्र में हो रहे भयावह अतिक्रमण को भी सख्ती से देखने की जरूरत है। सरकार की नेक नियति से कुकरैल नदी जिंदा हो सके, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। अंतिम बात यह कि इससे पहले कि 20-25 सालों में लखनऊ में पानी के लिए हाहाकार मचे सरकार 1200 स्क्वायर फुट से अधिक सभी मकानों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सख्त नियम बनाये और जांच करे... बिल्कुल किसी अभियान की तरह..अन्यथा बूंद-बूंद पानी के लिए यह शहर तरस जायेगा।

# पालतू और जंगली परागणकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा

> **शोधकर्ताओं ने पाया है कि जब मधुमक्खियों को थोड़े समय के लिए उनके छत्तों में ही रोक कर रखा गया तो जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में तो वृद्धि हुई ही, साथ ही उन्होंने अधिक मकरंद और पराग भी एकत्र किया**



**मधुमक्खियां** परागण और शहद उत्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जानी जाती हैं। लेकिन इटली स्थित जानूट्री (जानूट्री) नामक एक छोटे द्वीप में हुए हालिया अध्ययन से पता चला है कि मधुमक्खियों की मौजूदगी जंगली परागणकर्ताओं के लिए नुकसानदायक हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जब मधुमक्खियों को थोड़े समय के लिए उनके छत्तों में ही रोक कर रखा गया तो जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में तो वृद्धि हुई ही, साथ ही उन्होंने अधिक मकरंद और पराग भी एकत्र किया।

करंट बायोलॉजी में प्रकाशित यह अध्ययन संवे. दनशील पारिस्थितिक तंत्र में कॉलोनी बनाने वाली मधुमक्खियों की जंगली परागणकर्ताओं के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंता व्यक्त करता है। इस प्रयोग को युनिवर्सिटी ऑफ पीसा और युनिवर्सिटी ऑफ फ्ला. रेंस के वैज्ञानिकों ने अंजाम दिया। जानूट्री द्वीप टस्कन तट के पास स्थित है।

और विरल आबादी वाला है। वर्ष 2018 में वैज्ञानिकों और पार्क अधिकारियों ने स्थानीय परागणकर्ताओं पर पालतू मधुमक्खियों के प्रभाव को समझने के लिए यहां मधुमक्खी के 18 कृत्रिम छत्ते लगाए थे। 2021 से 2024 के बीच फरवरी से अप्रैल तक, वैज्ञानिकों ने जंगली मधुमक्खियों की दो प्रजातियों - बफ टेल्ड बम्बलबी (ठवउइने जमततमेजतपे) और एक सॉलिटरी बी (।दजीवचीवतं कपेचंत) पर नज़र रखी। उपलब्ध मकरंद एवं पराग की मात्रा के आधार पर उन्होंने यह पता लगाने का प्रयास किया कि कितनी जंगली और कितनी पालतू मधुमक्खियां फूलों पर जा रही हैं। शोधकर्ताओं ने हर साल मधुमक्खी के 18 छत्तों को कुछ दिनों के लिए बंद किया। इससे उन्हें यह देखने का मौका मिला कि जब मधुमक्खियां अनुपस्थित थीं तब पर्यावरण में क्या बदलाव हुए।

पाया गया कि मधुमक्खियों की अनुपस्थिति में जंगली परागणकर्ता काफी फले-फूले। मधुमक्खियों को छत्तों में रोकने पर कुछ महत्वपूर्ण बदलाव दिखेरू फूलों में 60 प्रतिशत अधिक मकरंद पाया गया। पराग की मात्रा में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जंगली परागणकर्ता अधिक संख्या में दिखाई दिए और उन्होंने फूलों पर अधिक समय बिताया। प्रतिस्पर्धा न होने के कारण जंगली परागणकर्ताओं को मकरंद और पराग आसानी से मिला। दरअसल, मधुमक्खियां भोजन के स्रोतों का पता लगाकर कॉलोनी की अन्य मधुमक्खियों को उसकी जानकारी देती हैं, जिससे वे जल्दी पहुंचकर मकरंद और पराग खत्म कर देती हैं। दूसरी ओर, जंगली परागणकर्ता अकेले भोजन खोजते हैं, इसलिए वे संगठित मधुमक्खी की तेज़ प्रतिस्पर्धा के सामने कमज़ोर पड़ जाते हैं। चार साल की इस अवधि में, पालतू मधुमक्खियों की उपस्थिति के कारण जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। बम्बल बी और सॉलिटरी बी की आबादियों में 80 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई और पालतू मधुमक्खियां द्वीप के फूलों पर हावी रहीं। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने सॉलिटरी बी की गुंजन की आवाज़ में भी हर साल पहले से कमी पाई। मधुमक्खियों के अलावा अन्य कारक, जैसे कीट आबादी में कुदरती घट-बढ़ और फूलों की उपलब्धता में बदलाव भी इसकी वजह हो सकते हैं। वैज्ञानिक चेताते हैं कि यह निष्कर्ष शायद अन्य स्थानों पर लागू न हो। जानूट्री छोटा द्वीप है, यहां युरोप के मुकाबले मधुमक्खियों के छत्तों का घनत्व औसत से दुगना है, तो हो सकता है प्रतिस्पर्धा यहां अधिक हो। संभव है कि अन्य पारिस्थितिक तंत्रों में जंगली और पालतू मधुमक्खियां एक-दूसरे को प्रभावित किए बिना सह-अस्तित्व में रह सकती हैं। शोधकर्ताओं ने मधुमक्खियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की वकालत नहीं की है, बल्कि हर तरह के परागणकर्ताओं के आपसी संतुलन को समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता को पर बल दिया है।

# शिशुओं को ठोस आहार देना शुरू करने से पहले जान लें सही तरीका

**डॉक्टर** बच्चे के जन्म के 6 महीने तक उनको सिर्फ मां का दूध पिलाने की सलाह देते हैं। क्योंकि नवजात बच्चे के लिए मां का दूध पौष्टिक और हेल्दी माना जाता है। जो बच्चे के विकास में सहायक होता है। लेकिन 6 महीने पूरे होने के बाद पेरेंट्स बच्चे की डाइट में धीरे-धीरे बदलाव करना शुरूकर देते हैं।

वहीं जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, वैसे-वैसे उनका पाचन तंत्रा भी विकसित होता है। ऐसे में बच्चे की डाइट में सॉलिड पफूड शामिल करना शुरूकर दिया जाता है। लेकिन ठोस आहार पर बच्चों की शुरूआत करने के सही तरीके के बारे में जानकारी होना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे है।

## शिशुओं को ठोस आहार खिलाने का सही तरीका

बच्चे का आहार उनकी सेहत और विकास में अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि शुरूआत के 6 महीने बच्चा सिर्फ मां के दूध पर निर्भर रहता है। लेकिन 6 महीने के बाद आप बच्चे को ठोस आहार देना शुरूकर सकते हैं। जोकि उनके शारीरिक विकास और पोषण दोनों में महत्वपूर्ण होता है। लेकिन बच्चे के ठोस आहार की शुरूआत करने और इसके सही प्रोसेस को सही तरीके से समझना जरूरी है। जिससे कि बच्चे का पोषण सही तरीके से हो सके।

## 6-8 महीने के बच्चे को खिलाएं मसला हुआ खाना

वहीं 6 महीने के बच्चे की डाइट में आप धीरे-धीरे सॉलिड फूड शामिल कर सकते हैं। हालांकि इस समय तक उनका पाचन तंत्र पूरी तरह से मजबूत नहीं होता है, इसलिए उनको मुलायम और हल्का खाना देना चाहिए। आप बच्चे को सूप, दाल का पानी, स्टीम सब्जियां, चावल का पानी या फल आदि मसलकर दे सकती हैं।

## 7-8 महीने के बच्चे को खिलाएं थोड़ा गाढ़ा और बारिक प्यूरी

7-8 महीने के बच्चे को आप हल्का गाढ़ा और बारीक प्यूरी खिला सकते हैं। क्योंकि इस उम्र तक बच्चे के दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आप उनको हल्का ठोस खाना खिला सकते हैं। आप बच्चे को प्यूरी, उबली ह्म्र सब्जियां जैसे गाजर, मटर, आलू और फलों में केला, नाशपाती और सेब आदि खिला सकते हैं। यह खाना बच्चे की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। बता दें कि जब बच्चा एक साल का हो जाता है।



# चीन पर ट्रम्प का टैरिफ हमला, 125% लागू

## अपने ही फैसले से पलटे ट्रम्प, 75 से ज्यादा देशों पर 90 दिनों के लिए टैरिफ रोका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84 प्रतिशत टैरिफ के बाद की।

चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डालर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डालर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस टैरिफ बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन जल्द यह समझेगा कि अमे. रिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन चले गए हैं। जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10 प्रतिशत रहेगा ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पाज) को स्वीकार किया है। टैरिफ पर इस रोक से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा। वहीं, वित्त मंत्री स्काट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा और मेक्सिको के कुछ सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगता था। अब उन्हें भी बेसलाइन टैरिफ में शामिल कर लिया गया है।

### ट्रम्प के कई करीबी सलाहकारों और खुद एलन मस्क भी टैरिफ वॉर रोकने की सलाह दे चुके थे

हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यूरोपीय यूनियन इस बेसलाइन टैरिफ में शामिल है या नहीं। ट्रम्प के करीबी भी टैरिफ के खिलाफ थे 1. ट्रम्प टैरिफ के चलते अमेरिका समेत ग्लोबल मार्केट में 10 लाख करोड़ डालर की गिरावट आई थी। हालांकि, टैरिफ रोकने के फैसले के कुछ घंटों के अंदर ही अमेरिकी शेयर बाजार की वैल्यू 3.1 लाख करोड़ डालर बढ़ गई। ट्रम्प के कई करीबी सलाहकारों और खुद एलन मस्क भी टैरिफ वार रोकने की सलाह दे चुके थे। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता भी टैरिफ के खिलाफ थे। मिच मैककोनल, रैंड पाल, सुसन कोलिन्स व लिसा मुर्कोव्स्की ने टैरिफ को 'असंवैधानिक, अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक और कूटनीतिक रूप से खतरनाक' बताया था। टैरिफ के चलते अप्रत्याशित तौर पर अमेरिकी बान्ड्स की बिकवाली शुरू हो गई थी। क्रूड की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई, यह कोरोना काल जैसी स्थिति बन रही थी। वाल स्ट्रीट के बैंकों ने टैरिफ के चलते अमेरिका में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ने और मंदी आने की चेतावनी दी थी। अमेरिका चीन से 440 अरब डालर का आयात करता है। इस पर उसने 124 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। चीन से प्रोडक्ट्स मंगवाने वाली अमेरिकी कंपनियों के लिए अब इसका विकल्प खोजना बड़ी चुनौती बन रहा था। ऐसे में बाकी देशों पर टैरिफ रोकना इन कंपनियों की सप्लाई चेन के लिए जरूरी था। ऐलान होते ही अमेरिकी शेयर बाजार में 10प्रतिशत तक तेजी टैरिफ रोकने के ऐलान से 4 घंटे पहले ही ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि दिस इज ए ग्रेट टाइम टु बाय (यह खरीदी का बहुत अच्छा समय है)। इसके बाद जैसे ही ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने की घोषणा की, शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। डाऊ जोंस 2,600 अंक (7.1प्रतिशत) से अधिक उछला। एस-पी 500 में 9.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। नैस्डैक 1536 अंक या 10.3प्रतिशत बढ़ा। नैस्डेक में यह बढ़त 2008 की मंदी के बाद सबसे बड़ी है। वहीं, एपल, एनवीडिया, टेस्ला जैसी कंपनियों के शेयर में भी उछाल देखा गया। सबसे ज्यादा बढ़त 20.01 प्रतिशत टेस्ला में हुई। बिटकाइन में भी 6 प्रतिशत बढ़त हुई। मालूम हो, एक दिन पहले ही टैरिफ वार से घबराए दुनियाभर के बाजार 4 प्रतिशत तक गिर गए थे। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प ने उन देशों को टैरिफ वापस लेकर प्रोत्साहित किया है, जिन्होंने बढ़ते ट्रेड वार के बीच अमेरिका के खिलाफ मोर्चा नहीं खोला। चूंकि चीन ने बुधवार को ही अमेरिका पर टैरिफ 34 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। इसलिए ट्रम्प ने चीन पर टैरिफ 104 प्रतिशत से 125 प्रतिशत कर दिया।

### जवाबी कर: चीन ने झुकने से किया इन्कार

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका की ओर से लगाए जा रहे जवाबी कर के मामले में झुकने से एक बार फिर इन्कार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीन पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कोरियाई युद्ध के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता माओ त्से तुंग का एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में माओ अमेरिका से कह रहे हैं कि चाहे यह युद्ध कितना भी लंबा क्यों न चले, हम कभी झुकेंगे नहीं। निग ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि हम चीनी हैं, हम उकसावे से नहीं डरते और हम पीछे नहीं हटेंगे। उल्लेखनीय है कि चीन और अमेरिका दोनों देशों के बीच जवाबी कर लगाये जाने के मामले में होड़ चल रही है और दोनों देश एक-दूसरे पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगा रहे हैं।

## फलस्तीन राष्ट्र को जून तक मान्यता दे सकता है फ्रांस



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि उनका देश आगामी जून तक फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दे सकता है। मैक्रों ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह-अल सीसी और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला के साथ गाजा युद्ध पर व्यापक बातचीत करने के लिए हाल ही में मिस्र की राजधानी काहिरा की यात्रा की है। उन्होंने फ्रांस 5 टेलीविजन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमें फलस्तीन राष्ट्र की मान्यता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए और हम आने वाले महीनों में ऐसा करेंगे। मैं किसी को खुश करने के लिए ऐसा नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा करने का यह सही समय है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि और क्योंकि मैं एक सामूहिक गतिशीलता में भी भाग लेना चाहता हूं, जिससे फलस्तीन का बचाव करने वाले देश इजरायल को मान्यता दें, क्योंकि उनमें से कई ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जून में सऊदी अरब के साथ इस सम्मेलन की अध्यक्षता करना है, जहां हम कई पक्षों द्वारा पारस्परिक मान्यता (फलस्तीनी राष्ट्र की) के इस आंदोलन को अंतिम रूप दे सकते हैं। फलस्तीन को हालांकि, लगभग 150 देशों द्वारा एक संप्रभु देश के रूप में मान्यता दी गई है, लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान सहित अधिकांश प्रमुख पश्चिमी शक्तियों ने इसे मान्यता नहीं दी है।

## इजरायली हमलों में 35 मरे



**गाजा।** गाजा शहर के शुजाया इलाके में आवासीय भवनों पर इजरायली हवाई हमलों में गुरुवार को कम से कम 35 फलस्तीनी मारे गए। अल जजीरा ने यह रिपोर्ट दी। हवाई हमलों में 55 लोग घायल भी हुए, जबकि 80 लोगों के मलबे में दबे होने की खबर है। हमले के एक गवाह ने इजरायली बमबारी को 'नरसंहार' करार दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि घायलों का इलाज कर रहे अस्पताल ने रक्तदान की अपील की है। चिकित्सा चैरिटी संस्था डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स का कहना है कि इजरायली हमला दक्षिणी गाजा के तथाकथित सुरक्षित क्षेत्र अल-मवासी में स्थित उसके क्लीनिक के निकट हुआ।

## डोमिनिकन रिपब्लिक के नाइटक्लब में हादसा

सेंटो डोमिंगो, वार्ता

### अब तक 184 की मौत, कई मशहूर हस्तियां भी शामिल

**डोमिनिकन** रिपब्लिक की राजधानी, सेंटो डोमिंगो में एक नाइटक्लब की छत गिरने से मारे गए लोगों का आंकड़ा 184 हो गया है।

इस हादसे में इस देश की कई प्रमुख हस्तियों ने अपनी जान गंवा दी है।48 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। 7 अप्रैल की रात 'जेट सेट नाइटक्लब' की छत गिरने से ये हादसा हुआ। इस दौरान वहां मशहूर सिंगर रबी पेरेज परफार्म कर रहे थे। सोशल मीडिया पर इस हादसे से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें परेज की परफार्मेंस के दौरान पहले छत से धूल गिरने लगी, और फिर अचानक पूरी छत ढह गई। इस हादसे में सिंगर पेरेज की भी मौत हो गई है। उनका शव शुक्रवार सुबह बरामद हुआ। परेज के साथ सैक्सोफोन बजाने वाले लुइस सोलिस की भी मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 54 शवों की पहचान हो पाई है। इसमें मोंटेक्रिस्टी प्रांत की गवर्नर नेल्सी क्रूज का नाम भी है। नेल्सी क्रूज सात बार मेजर लीग बेसबाल आल-स्टार रहे नेल्सन क्रूज की बहन भी हैं।

## शेख हसीना और बेटी की मुश्किलें बढ़ीं

### बांग्लादेश की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोनों का जारी किया एक और गिरफ्तारी वारंट



**मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर चार्जशीट को ढाका मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन गालिब ने स्वीकार कर लिया**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। बांग्लादेश की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

इसमें उन पर धोखाधड़ी से आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर चार्जशीट को ढाका मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन गालिब ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी फरार हैं, इसलिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अभियोजक मीर अहमद सलाम ने बताया कि मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज मोहम्मद जाकिर हुसैन गालिब ने वारंट जारी किया है। न्यायाधीश ने आयोग को पुरबाचल इलाके में राजुक द्वारा पट्टे पर दी गई जमीन से जुड़े आरोप की सुनवाई के लिए चार मई को अपनी जांच रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ 12 जनवरी, 2025 को मामला दर्ज किया था। चार्जशीट के मुताबिक साइमा वाजेद पुतुल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री और अपनी मां हसीना को प्लाट पाने और आरएजेयूके के बजाय उनके लिए आवेदन करने के लिए अवैध रूप से प्रभावित किया था। यह नियमों का उल्लंघन था। एसीसी ने आरोप लगाया कि यह जानते हुए कि वह और उनके परिवार के सदस्य ढाका शहर में राजुक के अधिकार क्षेत्र में एक घर या फ्लैट या आवास सुविधा के मालिक हैं, फिर भी पुतुल ने ऐसा किया। पुतुल वर्तमान में एक नवम्बर, 2023 से नई दिल्ली में स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्य कर रही हैं।

## बांग्लादेश को भारी नुकसान, एक्सपोर्ट लागत बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर फैसिलिटी (ट्रांस-शिपमेंट सुविधा) वापस ले ली है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने 8 अप्रैल को सर्कुलर जारी कर इस फैसले के बारे में बताया। 2020 से जारी इस व्यवस्था के अंतर्गत बांग्लादेश को भारतीय कस्टम स्टेशनों के जरिए अपने एक्सपोर्ट्स कार्गो को तीसरे देशों में बंदरगाहों और एयरपोर्ट तक भेजने की परमिशन थी। दरअसल, बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस ने कुछ दिन पहले चीन दौरे पर भारत के नार्थ ईस्ट राज्यों को लैंडलाक्ड (चारों और भूमि से घिरे हुए) बताया था, जिसके बाद दोनों देशों में डिप्लोमैटिक तनाव देखने को मिला था। बांग्लादेशी एक्सपोर्टर्स को देना पड़ेगी ऊंची लागत ट्रेड एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के इस फैसले से बांग्लादेशी एक्सपोर्ट्स बुरी तरह प्रभावित होगा। ग्लोबल रिसर्च इनीशिएटिव के फाउंडर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रांस-शिपमेंट सुविधा के जरिए भारत ने बांग्लादेश को एक व्यवस्थित रास्ता दिया था। इससे बांग्लादेशी माल की ढुलाई लागत और समय दोनों में कटौती हुई थी।

## नवाज शरीफ से बलूचिस्तान में उग्रवाद रोकने की अपील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से बलूचिस्तान में उग्रवाद से निपटने का आग्रह किया गया है, जो मुद्दों का समाधान करने के प्रयासों के बावजूद दिन-प्रतिदिन बदतर होता जा रहा है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, यह आह्वान नेशनल पार्टी (एनपी) के प्रतिनिधिमंडल की ओर से किया गया, जिसका नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष डॉ. अब्दुल मलिक बलूच ने किया। यह आह्वान बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के धरने के बीच किया गया, जो बुधवार को लगातार 12वें दिन में प्रवेश कर गया।

'डॉन' के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने बलूचिस्तान के मुद्दों के लिए राजनीतिक समाधान का आह्वान किया है और अशांति से ग्रसित प्रांत में शांति को बढ़ावा देने में एक प्रमुख राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक भूमिका निभाने का वादा किया है। शरीफ ने यह बयान बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल पार्टी के अध्यक्ष अब्दुल मलिक बलूच के साथ बुधवार को उनके जाति उमरा स्थित आवास पर बैठक के दौरान दिया। इससे पहले मंगलवार को सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने विदेशी निवेशकों को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान खनिज समृद्ध प्रांत में बढ़ती अशांति के बीच उनके हितों की रक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा प्रदान करेगा। बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह प्रांत के मामलों में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने शरीफ से कहा कि बलूचिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

**बलूचिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए शरीफ की भूमिका महत्वपूर्ण: अब्दुल मलिक बलूच**



## मेक्सिको में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच संघर्ष, 11 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत गुएरेरो में संदिग्ध प्रतिद्वंद्वी आपराधिक समूहों के बीच गोलीबारी में 11 लोग मारे गए हैं। गुएरेरो राज्य अभियोजक कार्यालय के एक बयान के अनुसार, कोस्टा चिका क्षेत्र स्थित टेकोनापा नगरपालिका के रैंचो विएजो इलाके में मंगलवार देर रात 11 पुरुषों के शव पाए गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, हिंसा आपराधिक संगठनों के बीच क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर हुए संघर्ष से उत्पन्न हुई। सरक. ारी जांचकर्ता और फॉरेंसिक टीमों को आधिकारिक कार्यवाही के लिए घटनास्थल पर भेजा गया।

## सिंधु नदी के सूखने पर पीपीपी सदस्य शेरी चिंतित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सदस्य शेरी रहमान ने सिंधु नदी में जल स्तर में ऐतिहा. सिक रूप से कमी आने के बाद इसे राष्ट्रीय मुद्दा करार देते हुए आग्रह किया है कि इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। 'डॉन' के अनुसार, पूर्व जलवायु परिवर्तन मंत्री ने तत्काल कार्रवाई का आह्वान करते हुए इस बात पर बल दिया कि स्थिति अब राष्ट्रीय आपातकाल बन गई है। जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण समन्वय पर सीनेट की स्थायी समिति की प्रमुख सीनेटर रहमान ने चेतावनी देते हुए कहा कि सिंधु नदी हमारी आंखों के सामने सूख रही है। यह दोषारोपण का समय नहीं है। जलवायु परिवर्तन ही दुश्मन है-एक-दूसरे नहीं। जलवायु परिवर्तन में तेज़ी आने के कारण बारिश में 40 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
Russia
Georgia
Kazakistan
Kyragyzstan
Uzbekistan
Iran
Bangladesh
Nepal
China
Europe
Egypt
Armenia
U.K.
Canada
U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor